1. निदेशक की समीक्षा

मुझे संस्थान की 57वीं वार्षिक रिपोर्ट तथा वर्ष 2012–2013 के लेखों का लेखा परीक्षित विवरण प्रस्तुत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की दक्षता एवं उपलब्धियां संस्थान परिवार के सदस्यों की साझी प्रतिबद्धता को दर्शाती है जोकि खराब स्वास्थ्य के कारणों के बारे में हमारी समझ को उन्नत करने वाले अनुसंधानकर्ताओं से लेकर चिकित्सकों एवं वैज्ञानिकों की नई पीढ़ियों को प्रशिक्षित करने वाले शिक्षकों, लोगों के जीवन में बदलाव लाने वाले चिकित्सकों से लेकर उस स्टाफ तक है जोकि आम दृष्टिजन को सहयोग करता है। मुझे इस रिपोर्ट में हमारी कुछ विशिष्ट उपलब्धियों को प्रस्तुत करते हुए बहुत खुशी हो रही है।

भारत में स्नातकपूर्व एवं स्नातकोत्तर स्वास्थ्य उपचार शिक्षा हेतु एक मजबूत पाठ्यक्रम आधार का विकास करने के उद्देश्य से भारतीय संसद के एक अधिनियम द्वारा वर्ष 1956 में स्थापित संस्थान स्वास्थ्य उपचार शिक्षा, अनुसंधान तथा सेवाओं के उच्च स्तरीय मानदण्ड प्राप्त करने हेतु सतत् प्रयासरत है। इसे भारत तथा पूरे वर्ष में एक ऐसे स्वास्थ्य उपचार संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ आयुर्विज्ञान शिक्षा के साथ अद्यतन अनुसंधान और सहन की जाने वाली लागत पर गुणवत्ता स्वास्थ्य उपचार का श्रेष्ठ सम्मिश्रण है।

शिक्षा

संस्थान में 52 शिक्षण विभाग एवं केंद्र हैं और 10,000 से अधिक कार्मिक शक्ति कार्यरत है जिसमें 500 से ज्यादा संकाय सदस्यगण सम्मिलित हैं जिनकी सहायता के लिए रेजीडेंट डॉक्टर, नर्सें, पैरामेडिकल स्टाफ, वैज्ञानिक, गैर–चिकित्सीय अधिकारीगण एवं स्टाफ सदस्यगण हैं। संस्थान द्वारा बड़ी संख्या में विशेषज्ञ (एम. डी./एम. एस.), उच्च–विशेषज्ञ (डी. एम./एम. सी–एच.), पी–एच. डी. स्कॉलर तथा संबद्ध स्वास्थ्य एवं आधारभूत विज्ञान विशेषज्ञों और नर्सों तथा पैरामेडिकल कर्मियों को तैयार किया जाता है। गत वर्ष पुलमोनरी मेडिसन, शल्यक अर्बुदविज्ञान तथा जरा चिकित्सा में नए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए।

संस्थान द्वारा लगातार यह विश्लेषण किया जाता रहा है कि किस प्रकार चिकित्सा और विज्ञान को पढ़ाया जाए ताकि छात्रवृत्ति एवं अभिनव परिवर्तनों के प्रति उत्साह को प्रोत्साहन दिया जा सके। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, छात्रों एवं रेजीडेंट डॉक्टरों के लाभ के लिए प्रायोगिक प्रयोगशालाओं तथा शल्यक स्थितियों में व्यावहारिक कौशल विकसित करने सहित आयुर्विज्ञान शिक्षा हेतु चिकित्सा अनुरूपण पद्धतियों के माध्यम से नए कौशल अभिग्रहण पद्धतियों को क्रियान्वित किया गया। शरीर रचना विभाग द्वारा एक अति आधुनिक ई–लर्निंग सुविधा स्थापित की गई है। प्लास्टीनेशन सुविधा की स्थापना के द्वारा, विभाग मृत शरीरों की कमी पर काबू पाने में सक्षम हुआ है जिनकी सकल शरीर रचना विज्ञान के व्यावहारिक शिक्षण हेतु आवश्यकता होती है। तंत्रिका शल्य चिकित्सा विभाग द्वारा आई. आई. टी., दिल्ली के सहयोग से एक तंत्रिका शल्य चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण स्कूल (एन.ई.टी.एस.) तथा तंत्रिका शल्य चिकित्सा कौशल प्रशिक्षण सुविधा (एन.एस.टी.एफ.) की स्थापना की गई है जिससे केन्द्रीय नर्वस सिस्टम और अति – आधुनिक अनुसंधान संचालित करने के लिए रोगों के शल्यक उपचार के बारे में सूचना का प्रचार – प्रसार किया जाएगा। ये सुविधाएं कौशल प्रशिक्षण मॉड्यूल्स एवं पाठ्यचर्या, ग्लोबल ई–लर्निंग प्लैटफॉर्म, तंत्रिका शल्य चिकित्सा कौशलों और वर्चुवल वास्तविक अनुरूपण प्लेटफॉर्मों के कंप्यूटरीकृत मूल्यांकन पर केन्द्रित होंगी।

हमारे अनुसंधानकर्ता पिछले कई दशकों से भारत तथा विदेश में चिकित्सा, विज्ञान तथा शिक्षा संस्थानों और जैव चिकित्सीय प्रयोगशालाओं का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने स्वास्थ्य उपचार विषयों पर कई राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूहों में भी अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। यह रचनात्मकता, बौद्धिक कठोरता तथा व्यावसायिकता के साथ गतिशील नेतृत्व को विकसित करने के एकनिष्ठ समर्पण का ही परिणाम है कि संस्थान ने इंडिया टूडे के बेस्ट मेडिकल स्कूल सर्वेक्षण में अपने सर्वोच्च स्थान को बनाए रखा है। विशेषतः संस्थान टाइम्स हायर एजुकेशन इंडिया रेप्यूटेशन रैकिंग की सूची में आई. आई. एस. सी. बैंगलुरू तथा आई. आई. टी. मुम्बई के बाद तीसरे स्थान पर भी है। यह रैकिंग अध्यापन एवं अनुसंधान में वैश्विक शैक्षिक प्रतिष्ठा का सूचक है, और विश्व भर में 16,600 से भी अधिक शिक्षाविदों के सर्वेक्षण के परिणामों पर आधारित है। अतः यह आश्चर्यजनक नहीं है कि केंद्र सरकार ने अभी हाल ही में विभिन्न राज्यों में खुले छः नए एम्स में हमारे पाठ्यक्रम पर आधारित एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम खोले हैं। संस्थान द्वारा ऋषिकेश, भुवनेश्वर, भोपाल, रायपुर, जोधपुर तथा पटना में स्थापित इन छः नए एम्स में एम. बी. बी. एस. पाठ्यक्रम हेतु छात्रों के चयन हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। एम्स इन संस्थानों के पालन पोषण एवं मानीटरिंग में भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उदाहरणार्थ,

आपात चिकित्सा में तकनीकी प्लेटफॉर्म को मानकीकृत करने में सहायता करने के लिए आपात एवं ट्रॉमा उपचार में इन 6 नए एम्स के निदेशकों हेतु परामर्शदायी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।
संस्थान द्वारा हजारों चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य देखभाल व्यावसायिकों को सतत् चिकित्सा शिक्षा प्रदान की गई। विविध विषयों के माध्यम से कौशलों को बनाए रखने एवं उसमें सुधार करने, ज्ञान में बढ़ोतरी करने और कार्य निष्पादन में सुधार करने के लिए असाधारण अवसर उपलब्ध कराए गए। संस्थान द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से 161 कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, सम्मेलनों तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया / मेजबानी की गई। जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से भारत में बेसिक लाइफ स्पोर्ट तथा उन्नत ट्रॉमा लाइफ स्पोर्ट में क्षमता निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। इसके साथ–साथ केंद्र नर्सों के ज्ञान और कौशल आधार का उन्नयन करने के लिए और नर्सिंग सूचना विज्ञान विशेषज्ञ, ट्रॉमा नर्स समन्वयक, अस्पताल संक्रमण नियंत्रण नर्स तथा घाव देखभाल नर्सों जैसे विशेष कैडरों के गठन के द्वारा उन्हें सशक्त स्थान प्रदान करने की बड़ी पहल में भी लगा हुआ है। इस पुनर्गठन से नैदानिक सुविधाओं के प्रभाव तथा दक्षता में सुधार हुआ और शैक्षिक क्षेत्र में नेतृत्व और नवीनताओं में सुधार हुआ जोकि इस तथ्य से सूचित होता है कि केंद्र की नर्सों ने पिछले 4 वर्षों में अनुसंधान हेतु अंतररष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय बैठकों में 70 से अधिक पुरस्कार जीते। शल्य चिकित्सा विभाग ने देशभर के 100 से अधिक शल्य चिकित्सकों को लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में मिनीमली इन्वेसिव सर्जरी ट्रैनिंग केंद्र में प्रशिक्षित किया। टेलीमेडिसन सुविधा को बृहद एवं अधिक विविध व्यावसायिक श्रेताओं को नए प्रस्तावों को प्रसारित करने के लिए नवीन तरीके विकसित करने का कार्य सौंपा गया।

एक ऐसी संस्कृति, जो मूल्यों को बढ़ावा देती है और विविधता के समावेश, संरक्षण तथा सेवा को उन्नत करने को प्रोत्साहित करने के प्रयास में, संस्थान द्वारा अपने विविध छात्र समुदाय के हितों की रक्षा करने के लिए एक अवतैनिक पद प्रभारी – आचार्य, छात्र कल्याण प्रारंभ किया गया है। संस्थान द्वारा नए दाखिल एम.बी.बी.एस. छात्रों हेतु एक समेकित स्वयं सवंर्धन अभिमुखीकरण कार्यक्रम सहित विभिन्न अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अनुसंधान

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के शोधकर्ताओं ने वर्ष 2012–13 में असंख्य वैज्ञानिक उन्नतियों में अपना योगदान दिया है। वर्ष 2012–13 में 508 से अधिक अनुसंधान परियोजनाएं संचालित की गई और संस्थान ने 65 करोड़ रुपये से अधिक के बाहरी अनुसंधान अनुदान प्राप्त किए गए जोकि गत वर्ष के अनुदान से 6 प्रतिशत से अधिक है। हमारे संकाय सदस्यों ने संरचनात्मक जैवविज्ञान, प्रतिरक्षाविज्ञान, जैवप्रौद्योगिकी, विषाणु विज्ञान, नवजात विज्ञान, भ्रूण चिकित्सा, जानपदिकरोगविज्ञान तथा कैंसर जैसे अग्रणीय तथा आधुनिक जैव – आयुर्विज्ञानी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान अनुदान प्राप्त किए। इस वर्ष 200 से अधिक अनुसंधान परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूर्ण की गईं। आशा है कि, इन परियोजनाओं से हमारे रोगियों को लाभ होगा। वर्ष के दौरान संस्थान के संकाय तथा वैज्ञानिकों द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 1600 से अधिक अनुसंधान पत्र तथा लगभग 250 मोनोग्राफ, पुस्तकों में अध्याय और पुस्तकें प्रकाशित की गईं। अनुसंधानवेत्ताओं, अनुसंधान एसोसिएट तथा पी–एच. डी. छात्रों जैसे विभिन्न स्तरों पर कार्यरत 500 से ज्यादा युवा वैज्ञानिक प्रमुख अनुसंधान परियोजनाओं में लगे हुए हैं।

नवीन स्वास्थ्य उपचार उत्पादों को वहन करने योग्य लागत पर उपलब्ध कराने वाली परियोजनाओं को विकसित करने एवं अनुसंधान में सहयोग प्रदान करने हेतु एम्स वैलकम ट्रस्ट, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, और भारत सरकार के साथ अपनी भागीदारी में लगातार सक्रिय है। जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा वित्त पोषित स्टेनफोर्ड–इंडिया बायोडिजाइन कार्यक्रम इस प्रकार का एक सफल प्रयास है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद जैसे राष्ट्रीय निकाय तथा भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों द्वारा नियमित रूप से एम्स के विभिन्न विभागों से राष्ट्रीय महत्व के जन स्वास्थ्य विषयों पर अध्ययन संचालित किए जाने का अनुरोध किया जाता है।

संस्थान ने जैव चिकित्सा तथा वैज्ञानिक सफलताओं में तेजी लाने वाले विषयों में एकीकरण और सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण पहल करने की जिम्मेदारी ली। कन्वर्जेस सेंटर भवन का निर्माण कार्य, जिसमें आधुनिक प्लेटफॉर्म पर आधारित अनुसंधान हेतु अति – आधुनिक प्रौद्योगिकी होगी, पूर्ण होने के निकट है। यह एक ज्ञान केंद्र के रूप में कार्य करेगा जोकि संस्थान को नैदानिक एवं अनुसंधान आंकड़ों के विशाल संग्रह का प्रबंधन व भंडारण करने व हमारी अनुसंधान क्षमता को बढ़ाने हेतु प्रबंध करेगा। उम्मीद है, यह रोगियों के लिए नए उपचारों में तेजी लाने के लिए तरीकों की पहचान की दिशा में व्यापक नैदानिक एवं

स्थानान्तरीय सहयोग को बढ़ावा देगा। तंत्रिका शल्य चिकित्सा विभाग द्वारा राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र, मानेसर के सहयोग से अग्रवर्ती मिरगी हेतु एक डीबीटी उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की गई है।

संस्थान में उन्नत विज्ञान के महान कार्य के लिए परमावश्यक है कि नई पीढ़ी के वैज्ञानिकों को शिक्षित करने हेतु प्रभावी नई विधियों को विकसित करने के लिए लगातार अभियान चलाया जाए ताकि उन्हें तेजी से विकसित हो रहे स्वास्थ्य उपचार व्यवसाय की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता प्राप्त हो सके। इस प्रयास को आगे बढ़ाने के लिए, अनुसंधान अनुभाग को संकायाध्यक्ष तथा उप – संकायाध्यक्ष, अनुसंधान के तहत बढ़ाया गया है और पुनगर्ठित किया गया है। हृद विज्ञान, तंत्रिका विज्ञान, मूल कोशिका अध्ययन, औषध डिजाइनिंग, प्रोटीन अनुसंधान, आनुवंशिकी तथा प्रतिरक्षा विज्ञान सहित विविध विषयों में 58 नई अनुसंधान परियोजनाएं आरंभ करने के लिए प्रतिभाशाली युवा संकाय को 5 करोड रु. का आंतरिक अनुदान वितरित किया गया। संस्थान द्वारा 8 संकाय सदस्यों को स्वास्थ्य अनुसंधान में उनके उत्कृष्ट कार्य एवं योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वर्ष के दौरान, अनुसंधान अनुभाग द्वारा प्लेटफॉर्म आधारित प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए अनुसंधान तकनीकों में प्रशिक्षण देकर अनुसंधान क्षमता को बढ़ाने हेतु कई उपाय किए गए। लगभग 60 युवा संकाय सदस्यों को आणविक चिकित्सा के अति आधुनिक अनुसंधान क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया गया।

प्रोटीन एवं चिकित्सा में इसके अनुप्रयोग पर अपने कार्य हेतु वर्ष 1988 में नोबेल पुरस्कार प्राप्त जर्मन जैव रसायनज्ञ रॉबर्ट हूबर ने प्रथम संस्थान स्थापना दिवस व्याख्यान दिया। प्रोफेसर हूबर ने प्रोटीनों और उनकी संरचनाओं, तथा भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान के अंतररापृष्ठ पर उनकी स्थिति और भूमिका पर अपने पथप्रदर्शक अनुसंधान कार्य के बारे में वार्ता की।

नैदानिक उपचार

एम्स मुख्य अस्पताल एवं इसके केन्द्रों– हृद्‌वक्ष एवं तंत्रिका विज्ञान केन्द्र (हृ.तं.कें.), जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केन्द्र (जे.पी. एन.ए.टी.सी.), डॉ. बी. आर. अम्बेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल (डॉ. बी.आर.ए.आई.आर.सी.एच.), डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्रविज्ञान केन्द्र (आर.पी.सी.ओ.एस.), दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (सी.डी.ई.आर.), व्यवहारपरक विज्ञान केन्द्र (राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केन्द्र, एन.डी.डी.टी.सी.) के बिस्तरों की संख्या दिवस उपचार बिस्तरों सहित कुल 2428 है। वर्ष 2012–2013 के दौरान, संस्थान में लगभग 28.8 लाख रोगियों को ओ.पी.डी. में तथा 2.1 लाख अंतरंग रोगियों को देखा गया और 1.5 लाख के करीब रोगियों के ऑपरेशन किए गए। रोगी उपचार सेवाओं के विभिन्न पैरामीटरों में यथा प्रदर्शित प्रभावी सेवा वितरण के कारण औसत बिस्तर अधिभोग लगभग 85 प्रतिशत, अस्पताल में रहने की औसत अवधि लगभग 5 दिन तथा सकल मृत्यु – दर 2 प्रतिशत से नीचे है। एम्स द्वारा भारत में विकसित स्वास्थ्य उपचार सेवाएं प्रदान करने के साथ – साथ, यह सारे विकासशील देशों में सेवाएं प्रदान करने में एक नेतृत्व की भूमिका भी निभा रहा है। संस्थान में उपचार हेतु आने वाले विदेशियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है जोकि विशेषकर दक्षिण एवं दक्षिण–पूर्वी एशिया से आते हैं। यह प्रवृत्ति प्रमुख रूप से तंत्रिकाशल्य चिकित्सा विभाग, अस्थिरोग, अर्बुद विज्ञान एवं शल्यचिकित्सा विभाग में थी।

संस्थान द्वारा मुख्य अस्पताल में बढ़ते हुए रोगी प्रवाह को सेवाएं प्रदान करने के लिए अलग से बहिरंग रोगी सुविधा स्थापित की जा रही है। संस्थान सेवाओं को और अधिक रोगी एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विस्तृत ऑनलाइन डाटा प्रबंधन प्रणाली (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र की सहायता से) बनाने की प्रक्रिया में है। इन प्रयासों से रोगी उपचार में सुधार होगा क्योंकि चिकित्सक सभी अस्पताल स्रोतों से तेजी से डाटा प्राप्त करने में सक्षम होंगे। संस्थान ने भारत सरकार की जन औषधि योजना के तहत रोगियों को निःशुल्क जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने की भी योजना बनायी है। यह 24 घंटे चलने वाली उस फार्मेसी के अलावा होगी जिसमें संस्थान द्वारा निर्धारित दवाइयों एवं शल्यक उपभोज्य सामग्री को अधिकतम खुदरा मूल्य पर 56 प्रतिशत छूट पर उपलब्ध करवाया जाता है। अन्य राज्यों से आने वाले बहिरंग रोगियों की सुविधा के लिए 300 रोगी क्षमता वाले एक रैन बसैरे का निर्माण किया गया जिसमें सोने का क्षेत्र, स्नानागार एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा प्रदान की गई हैं।

इस वर्ष झज्जर में एम्स के दूसरे परिसर की आउटरीच ओ. पी. डी. का उद्घाटन किया गया। ओ. पी. डी. द्वारा सामान्य कायचिकित्सा, अस्थिरोग, प्रसूति एवं स्त्रीरोग, बाल चिकित्सा, नेत्र विज्ञान, ई. एन. टी., संवेदनाहरण तथा सामान्य शल्य चिकित्सा सेवाएं दी जाती है जिनके सहयोग के लिए नैदानिक एवं प्रयोगशालाएं सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त बहिरंग रोगियों को मुफ्त जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने का सिस्टम भी है। इस परिसर में एक राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एन. सी. आई.) और एक राष्ट्रीय हृद उपचार केंद्र (एन. सी. सी. सी.) भी स्थापित किए जाएंगे।

संस्थान के चिकित्सकों एवं स्टाफ द्वारा अपने ज्ञान एवं रचनात्मकता का आपस में आदान प्रदान बीमारी से पीड़ित लोगों के कष्टों को कम करने के लिए किया गया जो पहले कभी नहीं किया गया। काय चिकित्सा विभाग द्वारा मल्टी ड्रग प्रतिरोध तपेदिक के निदान हेतु एक अन्तवर्ती संदर्भ प्रयोगशाला की स्थापना तथा एच.आई.वी. एवं टी. बी. रोगियों के लिए विशिष्ट परीक्षण संचालित करने के लिए एक बायोसेफ्टी लेवल –3 प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। विभाग द्वारा जैव विज्ञानी कारक, नाड़ी चिकित्सा तथा संधि अंतः क्षेपण के रूप में समेकित उपचार सुविधा प्रदान करने के लिए 6 समर्पित बिस्तरों के साथ रूमेटोलॉजी दिवस उपचार केंद्र भी प्रारंभ किया गया है। तंत्रिका विज्ञान विभाग द्वारा ऑटोनोमिक फंक्शन एवं मात्रात्मक संवेदी परीक्षण जैसी नई प्रक्रियाएं प्रारंभ की गई हैं। अस्थिरोग शल्य चिकित्सकों द्वारा कूल्हे के जोड़ की क्षति से पीड़ित रोगियों का बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के लिए कंप्यूटर की सहायता से पूर्ण कूल्हा प्रतिरोपण ऑपरेशन करने प्रारंभ किए गए हैं। राजेंद्र प्रसाद नेत्रविज्ञान केंद्र द्वारा नेत्र प्रतिरोपण हेतु विंडो अवधि को 4 से 14 दिनों तक बढ़ाने के लिए कॉर्निया प्रतिश्रुति को संरक्षित रखने के लिए (मृत अथवा विक्षत कॉर्निया को दानदाता रोपण द्वारा बदलना) एक तरल घोल विकसित किया गया है। जे. पी. एन. ए. ट्रॉमा केंद्र अब 'ओ' आर्म नियंत्रण के अन्तर्गत स्पाइन फिक्सेशन तथा मोबाइल सी. टी. स्कैन से सुसज्जित है।

संस्थान के नीति विशेषज्ञों द्वारा देश के स्वास्थ्य उपचार के डिजाइन एवं डिलीवरी में गंभीर पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी जाती है। संस्थान का संपूर्ण बाल विकास सेवाएं, आयोडीन कमी रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य, अतिसार रोग, एड्स नियंत्रण तथा गैर संचारी रोग सहित राष्ट्रीय कार्यक्रमों में योगदान उल्लेखनीय है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र द्वारा एक ई–पोर्टल www.alcoholwebindia.in प्रारंभ किया गया है। यह पोर्टल मद्य प्रयोगकर्ताओं, परिवार के सदस्यों, नीति – निर्माताओं, पेशेवरों तथा आम जनता के लिए जानकारी प्रदान करता है। इस पोर्टल पर, उन लोगों के लिए जो शराब पीना कम करना अथवा बंद करना चाहते हैं, के लिए वेब आधारित एक स्वयं सहायता कार्यक्रम है।

राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र द्वारा संयुक्त राष्ट्र औषध एवं अपराध कार्यालय (यू.एन.ओ.डी.सी.) के सहयोग से एक मेथाडोन अनुरक्षण उपचार (एम.एम.टी.) कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया है। इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एन.डी.डी.टी.सी. से अनुरोध किया गया कि वह स्लम एवं सड़कों पर रहने वाले बच्चों में मादक द्रव्यों के सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति की जांच करे और देश में 15 गैर सरकारी संगठनों (एन.जी.ओ.) में जीवन कौशल प्रशिक्षण परियोजना संचालित करे।

सामुदायिक चिकित्सा केंद्र प्राथमिक उपचार एव स्वास्थ्य सिस्टम नवाचार, शिक्षा एवं नीति में नेतृत्व प्रदान करने वालों को प्रशिक्षण देने के अपने मिशन में सक्रियता से लगा हुआ है। केंद्र के संकाय द्वारा प्राथमिक उपचार, संक्रामक रोग, मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य, गैर संचारी रोग तथा स्वास्थ्य सिस्टम जैसे विषयों में कई नए अविष्कारों का श्रेय अपने नाम किया गया है। केंद्र 13 भारतीय शहरों में गरीब प्रवासियों की स्वास्थ्य सेवा में पहुंच संबंधी आई.सी.एम.आर. की राष्ट्रीय टास्क फोर्स परियोजना का एक हिस्सा है। इस अध्ययन से प्राप्त जानकारी देश में आगामी राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एन.यू.एच.एम.) के कार्यान्वियन के लिए महत्वपूर्ण होगी।

हम, तंत्रिका शल्य चिकित्सा, हृद् शल्य चिकित्सा, अस्थिरोग, ई.एन.टी., सर्जिकल अर्बुदविज्ञान, विडियो ई. ई. जी. आदि विभिन्न इमेजिंग जांच एवं शल्यक प्रक्रियाओं हेतु लम्बी प्रतीक्षा सूची की समस्या से पूरी तरह से परिचित हैं। विभिन्न राज्यों में 7 एम्स की स्थापना से आने वाले समय में एम्स, नई दिल्ली में इसमें कमी आएगी। हम बिस्तर क्षमता और डे केयर प्रक्रियाओं तथा परिचालन समय में वृद्धि करके रोगियों के टर्नओवर को बढ़ाने का प्रयास भी कर रहे हैं।

संस्थान ने संसद द्वारा दिए गए शासनादेश पर खरा उतरने के लिए ईमानदारी से सतत् प्रयास किए हैं और अपने इस प्रयास में भारतीय जनता को गुणवत्ता स्वास्थ्य उपचार प्रदान करने के लिए सरकार के प्रयास में सहायता करने का प्रयत्न किया है। संस्थान परिवार अपनी इस प्रतिज्ञा की पुनः पुष्टि करता है कि यह अपनी प्रतिष्ठा पर विराम नहीं लेगा और चिकित्सा के भविष्य को आकार देने के लिए अपनी बुद्धि, उत्साह और आविष्कारशीलता को समन्वित करेगा।

आचार्य एम. सी. मिश्र
निदेशक, अ.भा.आ.सं.

2. संस्थान और इसकी समितियां

संस्थान निकाय

1.	**श्री गुलाम नबी आजाद** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री निर्माण भवन, नई दिल्ली–110011	अध्यक्ष
2.	**श्रीमती सुषमा स्वराज, सांसद (लोक सभा)** 8, सफदरजंग लेन, नई दिल्ली–110011	सदस्य
3.	**श्री मोतीलाल वोरा, सांसद (राज्य सभा)** 33, लोधी एस्टेट, नई दिल्ली–110011	सदस्य
4.	**डॉ. ज्योति मिरधा, सांसद (लोक सभा)** 31, मीना बाग, नई दिल्ली 875, सेक्टर–17बी, गुड़गांव, हरियाणा 122001	सदस्य
5.	**प्रो दिनेश सिंह** कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली 110007	सदस्य (पदेन)
6.	**श्री पी.के. प्रधान** सचिव (स्वास्थ्य), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली–110011	सदस्य (31 जनवरी, 2013 तक)
	श्री केशव एन. देसीराजू सचिव (स्वास्थ्य), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली–110011	सदस्य (20 मार्च, 2013 से)
7.	**डॉ. जगदीश प्रसाद** महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली–110011	सदस्य (पदेन)
8.	**डॉ. एम.के. भान** सचिव, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, 7वां तल, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, सी जी ओ कॉम्प्लेक्स लोधी रोड, ब्लॉक 2, नई दिल्ली – 110003	सदस्य

9.	**डॉ. एस. पी. अग्रवाल** महा सचिव, इण्डियन रेड क्रोस सोसायटी, रफी मार्ग, नई दिल्ली	सदस्य
10.	**प्रो. के. सी. पांडे** प्राणी विज्ञान विभाग, लखनऊ यूनिवर्सिटी, लखनऊ 226007	सदस्य
11.	**सुश्री विभा पुरी दास** सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली – 110001	सदस्य (27 मई, 2012 तक)
	श्री अशोक ठाकुर सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली – 110001	सदस्य (27 जुलाई, 2012 से)
12.	**प्रो. के. के. तलवार** निदेशक, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, अंसारी नगर, नई दिल्ली 110029	सदस्य
13.	**प्रो. आर. ए. बड़वे** निदेशक, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, डॉ. ई. बॉरजेस रोड लोवर पारेल, मुंबई	सदस्य
14.	**डॉ. रमाकांत पांडा** उपाध्यक्ष, एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट, बांद्रा ईस्ट मुंबई, महाराष्ट्र	सदस्य
15.	**डॉ. अब्दुल हामिद जरगर** निदेशक, शेर ए कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस सौरा, श्रीनगर– 190011, जम्मू और कश्मीर	सदस्य

16.	**श्री आर.के. जैन** अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली–110011	सदस्य (29 अगस्त, 2012 तक)
	श्री राजीव टकरू अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली–110011	सदस्य (8 अक्तूबर, 2012 से 31 जनवरी, 2013)
	श्री एस.के. श्रीवास्तव अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली–110011	सदस्य (20 मार्च, 2013 से)
17.	**प्रो. आर. सी. डेका** निदेशक, अ.भा.आ.सं.	सदस्य–सचिव
18.	**श्री देबाशीष पांडा** संयुक्त सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली–110011	विशेष आमंत्रित
	डॉ. विश्वास मेहता संयुक्त सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली–110011	विशेष आमंत्रित (14 अप्रैल, 2012 से 19 मार्च, 2013 तक)
	डॉ. संदीप कुमार नायक संयुक्त सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली–110011	विशेष आमंत्रित (20 मार्च, 2013 से)
19.	**डॉ. रानी कुमार** संकायाध्यक्ष, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली	विशेष आमंत्रित (30 अप्रैल, 2012 तक)

	डॉ. शशि वाधवा संकायाध्यक्ष, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली	विशेष आमंत्रित (1 मई, 2012 से)
20.	**डॉ. डी. के. शर्मा** चिकित्सा अधीक्षक अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली	विशेष आमंत्रित

शासी निकाय

1.	**श्री गुलाम नबी आजाद**	अध्यक्ष
2.	**श्रीमती सुषमा स्वराज, सांसद (लोक सभा)**	सदस्य
3.	**श्री मोतीलाल वोरा, सांसद (राज्य सभा)**	सदस्य
4.	**सुश्री विभा पुरी दास**	सदस्य (27 मई, 2012 तक)
	श्री अशोक ठाकुर	सदस्य (30 अगस्त, 2012 से)
5.	**श्री पी.के. प्रधान**	सदस्य (31 जनवरी, 2013 तक)
6.	**प्रो. के.के. तलवार**	सदस्य
7.	**डॉ. आर.ए. बडवे**	सदस्य
8.	**डॉ. जगदीश प्रसाद**	सदस्य
9.	**डॉ. एस.पी. अग्रवाल**	सदस्य
10.	**श्री आर.के. जैन**	सदस्य (29 अगस्त, 2012 तक)
	श्री राजीव टकरू	सदस्य (9 जनवरी, 2013 से 31 जनवरी, 2013 तक)
11.	**प्रो. आर. सी. डेका**	सदस्य–सचिव
12.	**श्री देबाशीष पांडा**	विशेष आमंत्रित (13 अप्रैल, 2012 तक)

	डॉ. विश्वास मेहता	विशेष आमंत्रित (14 अप्रैल, 2012 से 19 मार्च, 2013 तक)
	डॉ. संदीप कुमार नायक	विशेष आमंत्रित (20 मार्च, 2013 से)
13.	प्रो. रानी कुमार	विशेष आमंत्रित (30 अप्रैल, 2012 तक)
	डॉ. शशि वाधवा	विशेष आमंत्रित (1 मई, 2012 से)
14.	डॉ. डी. के. शर्मा	विशेष आमंत्रित

स्थायी वित्त समिति

1.	श्री पी.के. प्रधान	अध्यक्ष (31 जनवरी, 2013 से)
2.	श्री मोतीलाल वोरा, सांसद (राज्य सभा)	सदस्य
3.	डॉ. जगदीश प्रसाद	सदस्य
4.	श्री आर.के. जैन	सदस्य (29 अगस्त, 2012 तक)
	श्री राजीव टकरू	सदस्य (9 जनवरी, 2013 से 31 जनवरी, 2013)
5.	सुश्री विभा पुरी दास	सदस्य (27 मई, 2012 तक)
	श्री अशोक ठाकुर	सदस्य (30 अगस्त, 2012 से)
6.	डॉ. एस. पी अग्रवाल	सदस्य
7.	प्रो. दिनेश सिंह	सदस्य
8.	प्रो. आर. सी. डेका	सदस्य – सचिव
9.	डॉ. रानी कुमार	विशेष आमंत्रित (30 अप्रैल, 2012 तक)

	डॉ शशि वाधवा	विशेष आमंत्रित (1 मई, 2012 से)
10.	श्री देबाशीष पांडा	विशेष आमंत्रित (13 अप्रैल, 2012 तक)
	डॉ. विश्वास मेहता	विशेष आमंत्रित (14 अप्रैल, 2012 से 19 मार्च, 2013 तक)
	डॉ. संदीप कुमार नायक	विशेष आमंत्रित (20 मार्च, 2013 से)

स्थायी शैक्षिक समिति

1.	डॉ. जगदीश प्रसाद	अध्यक्ष (25 जुलाई, 2012 से)
2.	डॉ. ज्योति मिर्धा, सांसद (लोकसभा)	सदस्य
3.	प्रो. दिनेश सिंह	सदस्य
4.	डॉ. एम के भान	सदस्य
5.	सुश्री विभा पुरी दास	सदस्य (27 मई, 2012 तक)
	श्री अशोक ठाकुर	सदस्य (30 अगस्त, 2012 से)
6.	डॉ. रामाकांत पांडा	सदस्य
7.	प्रो. के. सी. पांडे	सदस्य
8.	डॉ. अब्दुल हमीद जरगर	सदस्य
9.	प्रो. आर. सी. डेका	सदस्य – सचिव

स्थायी चयन समिति

1.	डॉ. आर. ए. बडवे	अध्यक्ष
2.	डॉ. जगदीश प्रसाद	सदस्य

3.	सुश्री विभा पुरी दास	सदस्य (27 मई, 2012 तक)
	श्री अशोक ठाकुर	सदस्य (30 अगस्त, 2012 से)
4.	डॉ. एम.के. भान	सदस्य
5.	प्रो. के.के. तलवार	सदस्य
6.	डॉ. रामाकांत पांडा	सदस्य
7.	डॉ. अब्दुल हमीद जरगर	सदस्य
8.	प्रो. आर.सी. डेका	सदस्य – सचिव

स्थायी संपदा समिति

1.	डॉ. एस.पी. अग्रवाल	अध्यक्ष
2.	डॉ. ज्योति मिर्धा, संसद–सदस्य (लोक सभा)	सदस्य
3.	श्री आर.के. जैन	सदस्य (29 अगस्त, 2012 तक)
	श्री राजीव टकरू	सदस्य (9 जनवरी, 2012 से 31 जनवरी, 2013 तक)
4.	डॉ. एम.के. भान	सदस्य
5.	प्रो. आर.ए. बडवे	सदस्य
6.	डॉ. जगदीश प्रसाद	सदस्य
7.	प्रो. के.के. तलवार	सदस्य
8.	प्रो. आर.सी. डेका	सदस्य – सचिव

स्थायी अस्पताल प्रबंध समिति

1.	श्री मोती लाल बोरा, संसद सदस्य (राज्य सभा)	अध्यक्ष
2.	डॉ. ज्योति मिर्धा, संसद–सदस्य (लोक सभा)	सदस्य
3.	डॉ. आर.ए. बडवे	सदस्य
4.	प्रो. के.सी. पांडे	सदस्य
5.	डॉ. रामाकांत पांडा	सदस्य
6.	प्रो. के.के. तलवार	सदस्य
7.	डॉ. अब्दुल हमीद जरगर	सदस्य
8.	प्रो. आर.सी. डेका	सदस्य – सचिव

3. शैक्षिक अनुभाग

संकायाध्यक्ष

रानी कुमार (30 अप्रैल, 2012 तक) शशि वधवा (01 मई, 2012 से)

उप–संकायाध्यक्ष

राकेश यादव

कुल–सचिव

संजय कुमार आर्य

शैक्षिक अनुभाग नीतियां, योजनाएं विकसित करता है तथा शैक्षिक गतिविधियां कार्यान्वित करता है। इन गतिविधियों में चिकित्सा, नर्सिंग, तथा परा–चिकित्सा पाठ्यक्रमों हेतु स्नातक–पूर्व, स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरल कार्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है। इन गतिविधियों का संचालन स्नातक–पूर्व, स्नातकोत्तर एवं परा–चिकित्सा प्रकोष्ठों द्वारा किया जाता है।

स्नातक–पूर्व शिक्षा

इस अनुभाग द्वारा नए छात्रों के लिए प्रवेश के उपरांत की औपचारिकताओं, पाठ्यक्रम विकसित करने एवं संशोधित करने तथा स्नातक–पूर्व छात्रों के लिए आंतरिक मूल्यांकन सहित शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रबंध किया जाता है। विभिन्न पाठ्यक्रम इस प्रकार हैं :– एम.बी.बी.एस., बी.एस–सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी तथा नेत्र विज्ञान तकनीक, बी.एस–सी. नर्सिंग (पोस्ट सर्टिफिकेट) तथा बी.एस–सी. (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रम।

काय चिकित्सा स्नातक एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (एम.बी.बी.एस.)

एम.बी.बी.एस. में शिक्षा के पैटर्न की समीक्षा की गयी तथा जुलाई 2004 से इसकी पुनर्संरचना की गयी। एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम की अवधि साढ़े पाँच वर्ष की ही है जिसमें 3 चरण और इंटर्नशिप सम्मिलित है। इसका विवरण निम्नानुसार हैः

चरण	अवधि (वर्षों में)	प्रशिक्षण
प्रथम	एक वर्ष	नैदानिक–पूर्व
द्वितीय	डेढ़ वर्ष	परा–नैदानिक
तृतीय	दो वर्ष	नैदानिक
इंटर्नशिप	एक वर्ष	विभिन्न विभागों में अनिवार्य रूप से रोटेशन

वर्तमान में, एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम में, प्रति वर्ष 72 भारतीय छात्रों को दाखिला दिया जाता है। वर्ष 2011 तक 5 विदेशी नागरिकों को दाखिला दिए जाने का प्रावधान था। तथापि, इस वर्ष विदेश मंत्रालय, भारत सरकार की अनुशंसा पर केवल 3 विदेशी नागरिकों को ही दाखिला प्रदान किया गया। भारतीय नागरिकों की 72 सीटों के लिए विभिन्न श्रेणियों में निम्नानुसार दाखिला प्रदान किया गयाः–

सामान्य	अन्य पिछड़े वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति
37	19	11	05

ये चयन अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा के आधार पर किए गए थे। अस्थिजन्य शारीरिक रूप से विकलांग (ओ पी एच) उम्मीदवारों हेतु समस्तर आधार पर 3 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया। इन 72 सीटों के लिए, 76014 आवेदन प्राप्त हुए तथा दिनांक 1 जून, 2012 को आयोजित प्रवेश परीक्षा में 58,002 उम्मीदवार उपस्थित हुए। दिनांक 31 मार्च 2013 तक पंजी पर 77 इंटर्न सहित एम.बी.बी.एस. छात्रों की कुल संख्या 390 थी।

इस वर्ष में, परीक्षा के प्रथम, द्वितीय तथा अंतिम चरण में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 6 योग्य एम.बी.बी.एस. छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

परा–चिकित्सा तथा नर्सिंग शिक्षा

वर्ष 2012–13 में, बी.एस–सी. (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रम में 74 छात्रों (39 सामान्य, 10 अ.जा., 6 अ.ज.जा. एवं 19 अ.पि.व.) को प्रवेश दिया गया। अन्य स्नातकपूर्व पाठ्यक्रमों हेतु अर्थात बी.एस–सी. (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक में 19 छात्रों (10 सामान्य, 3 अ.जा., 1 अ.ज.जा. एवं 5 अ.पि.व.) को तथा बी.एस–सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी में 9 छात्रों (5 सामान्य, 1 अ.जा., 1 अ.ज.जा. तथा 2 अ.पि.व.) को प्रवेश दिया गया। इस पाठ्यक्रमों में दिनांक 31 मार्च 2013 तक पंजी. पर छात्रों की संख्या निम्न प्रकार से थीः–

पाठ्यक्रम	छात्रों की संख्या
नर्सिंग	
बी.एस–सी. नर्सिंग (पोस्ट सर्टिफिकेट)	47
बी.एस–सी. (ऑनर्स) नर्सिंग	255
परा–चिकित्सा	
बी.एस–सी. (ऑनर्स) नेत्रा विज्ञान तकनीक	40
बी.एस–सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी	25

स्नातकोत्तर शिक्षा

शैक्षिक अनुभाग द्वारा जूनियर तथा सीनियर रेजीडेंटों सहित स्नातकोत्तर छात्रों के प्रवेश तथा प्रशिक्षण संबंधी सभी गतिविधियोंका संचालन किया जाता है। इस अनुभाग द्वारा विभिन्न विषयों में पी–एच.डी., डी.एम., एम.सी–एच, एम.डी., एम.एस., एम.डी.एस., एम.एच.ए., एम. बायोटेक तथा एम.एस–सी. पाठ्यक्रमों से संबंधित सभी गतिविधियों का संचालन किया जाता है। भारतीय नागरिकों तथा प्रायोजित उम्मीदवारों को सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश एक अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा के द्वारा दिया जाता है जो कि वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है, एम.एस–सी. तथा एम. बायोटेक्नोलॉजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए वर्ष में एक बार प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। प्रायोजित श्रेणी के अंतर्गत विदेशी नागरिकों को भी प्रवेश परीक्षा के द्वारा प्रवेश दिया जाता है। वर्ष 2012–13 के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में 538 छात्रों (15 भारतीय प्रायोजित तथा 16 विदेशी नागरिकों सहित) को प्रवेश दिया गया। 31 मार्च, 2013 तक पंजी. पर स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरल छात्रों की कुल संख्या 1349 थी। वर्ष 2012–13 में

विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिलों का विवरणः

क्र. सं.	पाठ्यक्रम का नाम	जुलाई 2012	जनवरी 2013	कुल
1.	एम–एस सी. / एम. बायोटेक / एम–एस सी नर्सिंग	**58**	**0***	**58**
2.	एम डी/एम एस / एम डी एस / एम एच ए	**175**	**129**	**304**
3.	डी एम / एम सी एच	**42**	**42**	**84**
4.	पी एच–डी.	**49**	**43**	**92**
	कुल	**324**	**214**	**538**

*दाखिले वर्ष में एक बार किए गए।

दिनांक 31.03.2013 तक पंजी पर स्नातकोत्तर छात्रों का विवरणः–

क्र. सं.	पाठ्यक्रम का नाम	पंजीकृत छात्रों की संख्या
1.	पी एच–डी	403
2.	डी एम	142
3.	एम–सी एच	69
4.	एम डी / एच एच ए	556
5.	एम एस	82
6.	एम डी एस	39
7.	एम–एस सी / एम. बायोटेक / एम–एस सी. नर्सिंग	58
	कुल	**1349**

31 मई, 2013 तक पंजी पर पी.एच.डी. छात्रों का विषयवार विवरणः–

क्र. सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
1	शरीर रचना विज्ञान	22	0
2	जैव रसायन	42	0
3	जैव भौतिकी	39	0
4	जैव सांख्यिकी	4	0
5	जैव प्रौद्योगिकी	8	0
6	हृद् संवेदनाहरणविज्ञान	शून्य	1
7	हृद् जैव रसायन	1	0
8	हृद् विकिरण विज्ञान	1	0
9	हृद् वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा	3	0
10	सामुदायिक चिकित्सा	1	0
11	सामुदायिक नेत्र विज्ञान (डॉ. रा.प्र. केन्द्र)	3	0
12	दन्त शल्य चिकित्सा	3	0
13	त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान	3	0

14	आपात चिकित्सा	2	0
15	अंतःस्राविकी एवं चयापचय	12	0
16	न्याय चिकित्सा	4	0
17	जठरांत्र रोग विज्ञान एवं मानव पोषण एकक	5	1
18	जरा चिकित्सा	1	0
19	रुधिर विज्ञान	10	0
20	प्रयोगशाला चिकित्सा	15	0
21	चिकित्सा अर्बुद विज्ञान (डॉ. बी.आर.अं.सं.रो.कैं.अ.)	3	0
22	चिकित्सा भौतिकी (डॉ. बी.आर.अं.सं.रो.कैं.अ.)	5	0
23	काय चिकित्सा	9	0
24	सूक्ष्म जैव विज्ञान	27	0
25	तंत्रिका संवेदनाहरण विज्ञान	शून्य	1
26	तंत्रिका जैव रसायन	6	0
27	तंत्रिका मनोविज्ञान (तंत्रिका विज्ञान)	3	0
28	तंत्रिका विज्ञान	13	0
29	तंत्रिका शल्य चिकित्सा	5	1
30	नाभिकीय चुंबकीय अनुनाद	8	0
31	नाभिकीय चिकित्सा	4	0
32	प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान	1	2
33	नेत्र जैवरसायन (डॉ. रा. प्र. केन्द्र)	3	0
34	नेत्र सूक्ष्मजैव विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केन्द्र)	2	0
35	नेत्र विकृति विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केन्द्र)	2	0
36	नेत्र भेषजगुण विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केन्द्र)	3	0
37	नेत्रविज्ञान (डॉ. रा. प्र. केन्द्र)	7	2
38	नाक, कान तथा गला रोग विज्ञान (ई. एन. टी.)	1	0
39	बाल शल्य चिकित्सा	1	0
40	बाल चिकित्सा	24	1
41	विकृति विज्ञान	12	0
42	भेषजगुण विज्ञान	14	0
43	शरीर क्रिया विज्ञान	26	1
44	मनोचिकित्सा	12	0
45	विकिरण अर्बुद विज्ञान	शून्य	3
46	प्रजनन जैव विज्ञान	4	0
47	शल्य चिकित्सा	शून्य	4
48	प्रतिरोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवांशिकी	11	1
	कुल	**385**	**18**

दिनांक 31 मार्च, 2013 तक पंजी पर डी. एम. छात्रों का विषयवार विवरणः–

क्रम सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
1	हृद संवेदनाहरण विज्ञान	6	3
2	हृद विज्ञान	16	3
3	नैदानिक रुधिर विज्ञान	6	2
4	अंतःस्त्राविकी	8	2
5	जठरांत्र रोग विज्ञान	10	3
6	रुधिर विकृति विज्ञान	4	1
7	चिकित्सा अर्बुद विज्ञान	12	0
8	नवजात विज्ञान	4	2
9	वृक्क विज्ञान	8	5
10	तंत्रिका – संवेदनाहरण विज्ञान	8	3
11	तंत्रिका विज्ञान	15	3
12	तंत्रिका विकिरण विज्ञान	3	0
13	बाल तंत्रिका विज्ञान	6	2
14	नैदानिक भेषजगुण विज्ञान	2	1
15	फुफ्फुसीय चिकित्सा एवं निद्रा विकार	4	0
	कुल	**112**	**30**

दिनांक 31 मार्च, 2013 तक पंजी पर एम.सी–एच. छात्रों का विषयवार विवरणः–

क्रम सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
1	हृद्वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा	13	2
2	तंत्रिका शल्य चिकित्सा	17	2
3	जठरांत्र शल्य चिकित्सा एवं वृक्क प्रतिरोपण	11	3
4	बाल शल्य चिकित्सा	4	3
5	मूत्र रोग विज्ञान	8	1
6	शल्यक अर्बुद विज्ञान	4	1
	कुल	**57**	**12**

दिनांक 31 मार्च, 2013 तक पंजी पर एम. डी. / एम. एस. / एम. डी. एस. छात्रों का विषयवार विवरणः–

क्रम सं.	विषय (एम डी)	सामान्य	प्रायोजित
1	संवेदनाहरण विज्ञान	36	2
2	शरीर रचना विज्ञान	18	0
3	जैव रसायन	14	0
4	जैव भौतिकी	12	0
5	सामुदायिक चिकित्सा	23	0

6	त्वचा एवं रतिज रोग विज्ञान	14	3
7	न्याय चिकित्सा	9	0
8	अस्पताल प्रशासन (एम एच ए)	6	2
9	प्रयोगशाला चिकित्सा	9	0
10	काय चिकित्सा	55	3
11	सूक्ष्म जैव विज्ञान	14	0
12	नाभिकीय चिकित्सा	13	3
13	प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान	37	3
14	नेत्र विज्ञान	110	1
15	बाल चिकित्सा	28	3
16	विकृति विज्ञान	22	1
17	भेषजगुण विज्ञान	13	0
18	भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास	7	0
19	शरीरक्रिया विज्ञान	18	0
20	मनोचिकित्सा विज्ञान	30	2
21	विकिरण निदान	24	3
22	विकिरण चिकित्सा	9	0
23	जरा चिकित्सा	5	1
24	आपात चिकित्सा	3	0
	कुल	**529**	**27**
	विषय (एम.एस.)		
25	अस्थि रोग विज्ञान	18	2
26	कान, नाक एवं गला रोग विज्ञान	14	2
27	शल्य चिकित्सा	44	2
	कुल	**76**	**6**
	विषय (एम.डी.एस.)		
28	कंजरवेटिव डेंटीस्ट्री एंड इंडोडोंटिक्स	9	1
29	ऑर्थोडोंटिक्स	9	3
30	प्रोस्थोडोंटिक्स	8	0
31	ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल शल्य चिकित्सा	8	1
	कुल	**34**	**5**
	कुल महायोग	**639**	**38**

दिनांक 31 मार्च, 2013 तक पंजी पर एम.एस.सी. छात्रों का विषयवार विवरणः–

क्रम सं.	एम.एस–सी.	सामान्य	प्रायोजित
1	शरीर रचना विज्ञान	4	–
2	जैव रसायन	3	1 (विदेशी नागरिक)
3	जैव भौतिकी	0	–
4	भेषजगुण विज्ञान	1	1 (विदेशी नागरिक)
5	शरीर क्रिया विज्ञान	3	–
6	प्रयूजन प्रौद्योगिकी	6	–
7	एम. जैव प्रौद्योगिकी	14	1 (विदेशी नागरिक)
8	नाभिकीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी	0	–
	कुल	**31**	**3**

दिनांक 31 मार्च, 2013 तक पंजी पर एम. एस–सी. (नर्सिंग) का विषयवार विवरणः–

क्रम सं.	एम.एस–सी. (नर्सिंग)	सामान्य	प्रायोजित
1	हृद् विज्ञान/सी.टी.वी.एस. नर्सिंग	6	–
2	तंत्रिका विज्ञान नर्सिंग	6	–
3	बाल चिकित्सा नर्सिंग	7	–
4	मनोचिकित्सा नर्सिंग	4	1 (विदेशी नागरिक)
	कुल	23	1

प्रशिक्षण कार्यक्रम

भारत तथा विदेश के विभिन्न संगठन के छात्रों और कर्मचारियों को अल्पावधिक, दीर्घावधिक एवं ऐच्छिक प्रशिक्षण प्रदान किए जाने का प्रावधान है। वर्ष 2012–13 के दौरान 851 व्यक्तियों को निम्नानुसार प्रशिक्षण प्रदान किया गयाः–

क्रम सं.	प्रशिक्षण	प्रशिक्षुओं की संख्या
1	अल्पावधिक प्रशिक्षण : भारतीय नागरिक	714
2	अल्पावधिक प्रशिक्षण : विदेशी नागरिक	47
3	दीर्घावधिक प्रशिक्षण : भारतीय नागरिक	12
4	ऐच्छिक प्रशिक्षण : विदेशी नागरिक (स्नातक पूर्व छात्रा)	54
5	वि.स्वा.सं. फैलो : भारतीय नागरिक	12
6	वि.स्वा.सं. फैलो : विदेशी नागरिक	12
	कुल	**851**

समिति बैठकें

शैक्षिक समिति, स्टाफ काउंसिल, संकायाध्यक्ष समिति, संकाय तथा अनुसंधान प्रस्तुतीकरण की बैठकें आयोजित करने का उत्तरदायित्व शैक्षिक अनुभाग का है। वर्ष 2012–13 के दौरान आयोजित हुई बैठकों का विवरण निम्नानुसार हैं:–

1	शैक्षिक समिति	1
2	स्टाफ काउंसिल	1
3	संकायाध्यक्ष समिति	1
4	संकाय (सामान्य चर्चा)	7
5	अनुसंधान प्रस्तुतिकरण	6

व्याख्यान

वर्ष 2012–2013 के दौरान शैक्षिक अनुभाग द्वारा निम्नलिखित व्याख्यानों का आयोजन किया गया।

क्र. सं.	व्याख्यान का नाम	व्याख्यानदाता का नाम	व्याख्यान की तिथि, समय तथा स्थान
1.	23वां सर्वेश्वरी मेमोरियल व्याख्यान	प्रो. जूहा एनिटरो हरनेसनिरमि, अध्यक्ष, तंत्रिका शल्य चिकित्सा विभाग, हेलसिन्की विश्वविद्यालय	15 फरवरी, 2013, सायं 04.00 बजे, जवाहर लाल सभागार, अ.भा.आ.सं.

दीक्षांत समारोह

संस्थान का 40वां वार्षिक दीक्षांत समारोह 16 अक्तूबर, 2012 को जवाहर लाल सभागार में आयोजित किया गया। भारत के महामहिम माननीय राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी ने दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। उन्होंने विशिष्ट योग्य छात्रों को संस्थान पदक/ पुरस्कार प्रदान किए तथा उपस्थित जन–समूह को संबोधित किया। अध्यक्ष, एम्स एवं माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री गुलाम नबी आजाद द्वारा उपाधियां प्रदान की गईं।

4. परीक्षा अनुभाग

प्रभारी आचार्य (परीक्षा)
कौशल के वर्मा

उप–संकायाध्यक्ष (परीक्षा)
नन्द कुमार

सहायक परीक्षा नियंत्रक
ए.के. गिगू

लेखा अधिकारी
एस.के. टिक्कू

अनुभाग द्वारा 1 अप्रैल, 2012 से 31 मार्च, 2013 तक संचालित विभिन्न व्यावसायिक परीक्षाओं का विवरण निम्नानुसार हैः–

स्नातकोत्तर एवं स्नातक–पूर्व व्यावसायिक परीक्षाएं

क्र.सं.	माह एवं वर्ष	परीक्षा	छात्रों की संख्या			
			परीक्षा में बैठे	अनुपस्थित	उत्तीर्ण	अनुत्तीर्ण
1	मई 2012	अंतिम स्नातकोत्तर / पोस्ट–डॉक्टरल (एमडी / एमएस / एमडीएस / डीएम / एम–सीएच / एमएचए)	158	-	148	10
2	–तदैव–	एम. एस–सी. (नर्सिंग), चरण I	19	-	19	-
3	–तदैव–	एम. एस–सी. (नर्सिंग), चरण II	19	-	19	-
4	–तदैव–	द्वितीय एम. बी., बी. एस. (पूरक)	16	02	09	05
5	–तदैव–	अंतिम एम. बी., बी. एस. (पूरक)	09	03	06	-
6	–तदैव–	बी. एस–सी. (ऑनर्स) नर्सिंग, चरण IV	59	-	59	-
7	–तदैव–	बी. एस–सी. (पोस्ट–प्रमाणपत्र) नर्सिंग, चरण II	22	-	22	-
8	–तदैव–	बी. एस–सी. (पोस्ट–प्रमाणपत्र) नर्सिंग, चरण 1	23	-	22	01
9	–तदैव–	बी. एस–सी. (ऑनर्स) नर्सिंग, चरण I	59	01	55	03
10	–तदैव–	बी. एस–सी. (ऑनर्स) नर्सिंग, चरण III	56	-	56	-
11	–तदैव–	बी. एस–सी. (ऑनर्स) नर्सिंग, चरण II	56	-	55	01
12	जुलाई 2012	बी. एस–सी. (ऑ.) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण III	11	-	08	03
13	–तदैव–	बी.एस–सी.(ऑ) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी चरण II	08	-	06	02
14	–तदैव–	बी.एस–सी.(ऑ) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी चरण III	05	-	05	-
15	–तदैव–	प्रथम एम.बी.बी.एस. व्यावसायिक	80	02	73	04 1 (,u bZ)
16	–तदैव–	बी.एस–सी. (ऑ) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी	08	-	06	02

		चरण I				
17	–तदैव–	बी. एस–सी. (ऑ.) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण II	14	-	10	04
18	–तदैव–	बी. एस–सी. (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण I	13	-	08	05
19	अगस्त 2012	प्रथम एम.बी.बी.एस. व्यावसायिक (पूरक)	07	-	05	02
20	नवम्बर 2012	बी.एस–सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चि. प्रौद्योगिकी चरण II (पूरक)	02	-	02	-
21	–तदैव–	बी.एस–सी. (ऑ) नेत्रविज्ञान तक. चरण III (पूरक)	03	-	03	-
22	–तदैव–	बी.एस–सी. (ऑ) रेडियोग्राफी में चि. प्रौद्योगिकी चरण I (पूरक)	02	-	02	-
23	–तदैव–	बी.एस–सी. (ऑनर्स) नेत्रविज्ञान तकनीक चरण III (पूरक)	01	-	01	-
24	–तदैव–	बी.एस–सी. (ऑ) नेत्रविज्ञान तक. चरण I (पूरक)	08	-	05	03
25	–तदैव–	बी.एस–सी. (ऑ) नेत्रविज्ञान तक. चरण II (पूरक)	05	-	04	01
26	दिसम्बर 2012	अंतिम स्नातकोत्तर/पोस्ट डॉक्टरल (एमडी/एमएस/एमडीएस/ डीएम/एम–सीएच/एमएचए)	150	0	143	07
27	–तदैव–	बी.एस–सी. (नर्सिंग) चरण II (पूरक)	08	-	08	-
28	–तदैव–	अंतिम एम.बी.बी.एस व्यावसायिक	73	02	68	03
29	–तदैव–	द्वितीय एम.बी.बी.एस व्यावसायिक	80	01	75	04
30	–तदैव–	बी.एस–सी. (पोस्ट–प्रमाणपत्र) नर्सिंग चरण I (पूरक)	01	-	01	-
31	–तदैव–	बी.एस–सी. (ऑनर्स) नर्सिंग चरण I (पूरक)	02	-	02	-
32	–तदैव–	बी.एस–सी. नर्सिंग (पोस्ट–प्रमाणपत्र) चरण II (पूरक)	01	-	01	-
33	–तदैव–	बी.एस–सी. (ऑनर्स) नर्सिंग चरण III (पूरक)	04	-	04	-
34	–तदैव–	बी.एस–सी. (ऑनर्स) नर्सिंग चरण IV (पूरक)	03	-	03	-
35	जनवरी 2013	अंतिम एम.बी.बी.एस. (कंपार्टमेंटल परीक्षा)	02	-	02	-
		महायोग	987	11	915	60 *1(,u bZ)

*** उपस्थिति में कमी के कारण योग्य नहीं।**

स्नातक–पूर्व तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश परीक्षाएं

क्र. सं.	पाठ्यक्रम	परीक्षा की तिथि	उम्मीदवारों की संख्या	
			आवेदक	उपस्थित
1	एम.डी./एम.एस./एम.डी.एस. (एम्स) जुलाई 2012	06.05.2012	24369	21605
2	डी.एम./एम.सी–एच./एम.एच.ए. जुलाई 2012	20.05.2012	2107	1787
3	एम.बी.बी.एस. (एम्स) अगस्त, 2012	01.06.2013	76014	58002
4	बी.एस–सी. (ऑनर्स) नर्सिंग 2012	10.06.2012	1012	770
5	बी.एस–सी. नर्सिंग (पोस्ट प्रमाणपत्र) 2012	16.06.2012	78	58
6	बी.एस–सी. (ऑनर्स) परा–चिकित्सा पाठ्यक्रम 2012	03.06.2012	259	182
7	एम.एस–सी. पाठ्यक्रम 2012	07.07.2012	395	247
8	एम.एस–सी. नर्सिंग 2012	23.06.2012	833	673

9	एम. बायोटेक्नोलॉजी 2012	14.07.2012	734	438
10	सीनियर रेजीडेंट्स भर्ती परीक्षा, जुलाई 2012	17.06.2012	1287	960
11	पी.एच–डी. जुलाई 2012	30.06.2012	564	379
12	ऑन लाइनः सीनियर रेजीडेंट्स भर्ती परीक्षा, जनवरी 2013	06.01.2013	779	459
13	एमडी/एमएस/एम.सी–एच. (6 वर्षीय)/एमडीएस जनवरी 2013	18.11.2012	30636	25327
14	डी.एम./एम.सी–एच./एम.एच.ए. जनवरी 2013	16.12.2012	2414	2021
15	एम्स राष्ट्रीय योग्यता–सह–प्रवेश परीक्षा एम.डी.एस./पी.जी. डिप्लोमा 2013	13.01.13	16554	15172
16	पीएच. डी जनवरी 2013	20.01.2013	556	337
		महायोग	**158591**	**128413**

पीएच.डी. मौखिक परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारः 57

भर्ती हेतु परीक्षाएं

क्र. सं.	**परीक्षा का नाम**	**लिखित परीक्षा**	**साक्षात्कार**	**आवेदक**	**उपस्थित**	**परिणाम**
	निजी सचिवः कौशल परीक्षा	28.04.2012	-	31	31	13.06.2012
	वैयक्तिक सहायकः कौशल परीक्षा	29.04.2012	-	67	37	13.06.2012
	प्रबंधक (मानव संसाधन विकास)	29.04.2012	11.05.2012	40	23	14.05.2012
	ऑपरेशन थियेटर सहायक	28.07.2012	28.08.2012 **से** 30.08.2012	483	315	19.02.2012
	प्रयोगशाला परिचर	04.08.2012	-	127	-	परिणाम प्रतिक्षित
	बाल मनोचिकित्सक	12.08.2012	05.09.2012	110	63	06.09.2012
	सामान्य लिखित परीक्षा (अ.श्रे.लि./डा.ए.ऑ./आशुलिपिक)			अ.श्रे.लि.: 943 डा.ए.ऑ.: 1611 आशुलिपिकः 2702	अ.श्रे.लि.: 470 डा.ए.ऑ.: 343 आशुलिपिकः 56 (बाहरी आवेदक)	परिणाम प्रतिक्षित (परिणाम पर रोक)
			महायोग	**6114**	**1338**	

संचालित की गई प्रवेश परीक्षाएं :

1. **राष्ट्रीय योग्यता–सह–प्रवेश परीक्षा (एन.ई.ई.टी.):** एम.डी./पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 50 प्रतिशत ओपनमेरिट के कोटे हेतु दिनांक 13 जनवरी, 2013 को 5 शहरों में 33 केन्द्रों (12 स्थानीय, 21 बाहरी) में परीक्षा आयोजित की गई। अदालत में मामला होने के कारण परीक्षा परिणाम लम्बित है।
2. जुलाई, 2012 हेतु एम.डी./एम.एस./एम.डी.एस. पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एम्स स्नातकोत्तर प्रवेश दिनांक 6 मई, 2012 को 58 केन्द्रों (दिल्ली 22, बाहरी 36) पर तथा जनवरी 2013 सत्र हेतु 56 केन्द्रों (दिल्ली 18, बाहरी 38) पर 18 नवम्बर 2012 को आयोजित की गई। इनके परीक्षा परिणाम क्रमशः 29 मई, 2012 तथा 27 नवम्बर, 2012 को घोषित किए गए।
3. जुलाई 2012 तथा जनवरी 2013 के लिए डी.एम./एम.सी–एच. तथा अस्पताल प्रशासन में स्नातकोत्तर जैसे विभिन्न पोस्ट–डॉक्टरल (अति–विशिष्टता) पाठ्यक्रमों के लिए चयन द्वि–स्तरीय निष्पादन मूल्यांकन के आधार पर क्रमशः 20–26 मई, 2012 तथा 16–22 दिसंबर, 2012 को किया गया।
4. संस्थान द्वारा सीनियर रेजीडेंटों/सीनियर डेमोंस्ट्रेटरों के पद हेतु लिखित परीक्षा भी आयोजित की गई। यह परीक्षा जनवरी, 2013 में ऑन लाइन आयोजित की गई।

5. जुलाई, 2012 तथा जनवरी, 2013 सत्रों हेतु प्रारंभ होने वाले पी–एच.डी. कार्यक्रम में पंजीकरण हेतु उम्मीदवारों का चयन आयोजित किया गया। इनके परिणाम क्रमशः 7 जुलाई, 2012 तथा 30 जनवरी, 2013 को घोषित किए गए।

6. अगस्त 2012 सत्र के लिए एम्स जैसे 6 नए संस्थानों सहित एम्स के एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांक 01 जून, 2012 को 17 शहरों में 163 (स्थानीय 44 तथा बाहरी 119) केंद्रों पर आयोजित की गई।

7. बी.एस–सी. (ऑनर्स) नर्सिंग प्रवेश परीक्षा दिनांक 10 जून, 2012 को दिल्ली तथा तिरुवनंतपुरम में आयोजित की गई।

8. अगस्त, 2012 सत्र हेतु एम.एस–सी. तथा एम. बॉयोटेक्नोलॉजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा क्रमशः 7 तथा 14 जुलाई, 2012 को दिल्ली में आयोजित की गई।

9. एम.एस–सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा सन् 2005 से आरंभ हुई थी। यह परीक्षा केवल दिल्ली में दिनांक 23 जून, 2012 को आयोजित की गई। दाखिला मेरिट आधार पर दिनांक 13 एवं 19 जुलाई, 2012 को आयोजित हुई काउंसलिंग के माध्यम से किया गया।

10. बी.एस–सी. नर्सिंग (पोस्ट प्रमाणपत्र) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा दिल्ली में दिनांक 16 जून, 2012 को आयोजित की गई, तत्पश्चात दिनांक 20 जून, 2012 को उम्मीदवारों का वैयक्तिक मूल्यांकन किया गया।

11. परा–चिकित्सा पाठ्यक्रमों जैसेः– बी.एस–सी. (ऑनर्स) नेत्रविज्ञान तकनीक एवं बी.एस–सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चिकित्साप्रौद्योगिकी में अगस्त, 2012 सत्रा के लिए प्रवेश परीक्षा दिनांक 3 जून, 2012 को दिल्ली में एक केंद्र पर आयोजित की गई। इन दोनों पाठ्यक्रमों में दिनांक 2 जुलाई, 2012 और 18 जुलाई, 2012 को आयोजित काउंसलिंग के माध्यम से मेरिट आधार पर सीटों के आबंटन द्वारा प्रवेश प्रदान किया गया।

12. परीक्षा अनुभाग द्वारा संस्थान में निम्नलिखित पदों हेतु भर्ती के लिए लिखित/कौशल परीक्षा भी आयोजित की गईः–
   i) दिनांक 28 अप्रैल, 2012 को निजी सचिव के पद हेतु कौशल परीक्षा।
   ii) दिनांक 29 अप्रैल, 2012 को वैयक्तिक सहायक के पद हेतु कौशल परीक्षा।
   iii) प्रबंधक (मानव संसाधन विकास) के पद हेतु दिनांक 29 अप्रैल, 2012 को लिखित परीक्षा। दिनांक 11 मई, 2012 को साक्षात्कार आयोजित किया गया।
   iv) दिनांक 28 जुलाई 2012 को ऑपरेशन थियेटर सहायक के पद हेतु लिखित परीक्षा। दिनांक 28–30 अगस्त, 2012को साक्षात्कार आयोजित किया गया।
   v) प्रयोगशाला परिचर के पद हेतु दिनांक 4 अगस्त, 2012 को लिखित परीक्षा।
   vi) बाल मनोचिकित्सक के पद हेतु दिनांक 12 अगस्त, 2012 को लिखित परीक्षा। दिनांक 5 सितम्बर, 2012 को साक्षात्कार आयोजित किया गया।
   vii) सामान्य लिखित परीक्षा (अ.श्रे.लि./डा.ए.ऑ./आशुलिपिक), 26 अगस्त, 2012.

अन्य गतिविधियों में सहभागिताः

1. यह अनुभाग एम्स स्नातकोत्तर, बी.एस–सी. (ऑनर्स) परा चिकित्सा, एम.एस–सी. (नर्सिंग) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसलिंग तथा बी.एस–सी. (नर्सिंग) पोस्ट प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम हेतु वैयक्तिक मूल्यांकन में सक्रिय रूप से भाग लेता है।

2. अनुभाग द्वारा बी.पी. कोइराला स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान, धरन, नेपाल के स्नातकोत्तर छात्रों के शोध (लगभग 71) के मूल्यांकन कार्य में सहायता की गई।

3. अनुभाग द्वारा वर्ष 2010 से उत्तर पूर्वी इंदिरा गांधी क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, शिलांग, मेघालय के लिए एम.बी.बी.एस. प्रवेश परीक्षा का भी आयोजन किया जाता रहा है और इस वर्ष यह परीक्षा दिनांक 22 जुलाई, 2012 को आयोजित की गई।

4. अनुभाग द्वारा भारत और विदेश में विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों को उनकी प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान की जाती है।

महत्त्वपूर्ण घटनाएं

परीक्षा अनुभाग द्वारा संचालित परीक्षा में और अधिक नियंत्रण एवं संतुलन बनाए रखने को प्रारम्भ करने के उपाय के रूप में परीक्षा व्यवस्था की पूर्ण गोपनीयता एवं सत्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए, बाहरी केंद्रों के लिए प्रश्न–पत्रों को अब अनुमोदित बैंकों में सुरक्षित रखा जाता है। छद्म व्यक्तित्व के किसी भी प्रकार के मामले से बचने के लिए प्रवेश परीक्षा के दौरान सभी उम्मीदवारों के अंगूठे का निशान लिया जाता है। इसके अलावा, वर्ष 2006 से मेटल डिटेक्टरों के प्रयोग द्वारा शारीरिक जांच आरंभ की गई।

अनुभाग जनवरी 2010 से सभी प्रवेश परीक्षाओं हेतु ऑन लाइन आवेदन आमंत्रित कर रहा है। उम्मीदवार अब ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और अपने प्रवेश पत्र भी डाउनलोड कर सकते हैं। यह प्रोस्पेक्ट्स तथा आवेदन पत्रा प्राप्त करने की कठिनाई को समाप्त करने के लिए किया गया है, जिसके बारे में समय समय पर प्रत्याशियों द्वारा सूचित किया गया। आवेदन पत्रों को जमा करने की ऑनलाइन विधि आरंभ होने के बाद अब प्रोस्पेक्ट्स–सह–आवेदन पत्र के उपलब्ध न होने की समस्या का पूरी तरह समाधान कर दिया गया है।

अनुभाग द्वारा वर्ष 2012 से आवेदन के शुल्क की राशि के भुगतान करने के तरीकों की समग्र प्रणाली (डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, ऑनलाइन स्थानांतरण आदि) को आरंभ किया गया।

अखिल भारतीय स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा में, प्रत्येक उम्मीदवार को लिखने के लिए पेन उपलब्ध करवाया गया। ऐसा इलेक्ट्रॉनिक यंत्रों के प्रयोग के नकल को रोकने के लिए किया गया था।

परीक्षा के दौरान उम्मीदवार की पहचान की प्रामाणिकता में संदेह होने के मामले में अथवा उम्मीदवार द्वारा परीक्षा उद्देश्य हेतु फोटोग्राफ नहीं लाई जाती है तो उनकी फोटोग्राफी (स्नेपशॉट) की जा रही है।

परीक्षा के व्यय को पूरा करने के लिए नामित परीक्षा केंद्रों को अग्रिम में डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक के माध्यम से 90 से 95 प्रतिशत राशि भेजकर एम्स प्रतिनिधि द्वारा किए जाने वाले नकद राशि के लेन–देन को कम कर दिया गया है।

बेहतर मार्किंग के लिए ओ.एम.आर. शीट की गुणवत्ता में सुधार किया गया है। पारदर्शिता हेतु ओ.एम.आर. शीट में (शब्दों एवं अंको में) अनुपयुक्त (बिना उत्तर दिए) प्रश्नों का उल्लेख करना आरंभ किया गया है।

5. सामान्य प्रशासन

उप–निदेशक (प्रशासन)

विनीत चौधरी (29.11.2012 तक) आर.एस. शुक्ल (30.11.2012 से)

उप सचिव / मुख्य सतर्कता अधिकारी

संजीव चतुर्वेदी (29.6.2012 से)

संस्थान के कार्मिक एवं स्थापना, सुरक्षा, संपदा, इंजीनियरी सेवा विभाग से संबंधित मामले, भंडार, सतर्कता एवं जनसंपर्क क्रियाकलापों सहित सामान्य प्रशासन का पर्यवेक्षण उप–निदेशक (प्रशासन) द्वारा किया जाता है। उपर्युक्त वर्णित क्षेत्रों की देखभाल करने के लिए विभिन्न शाखाएं हैं। प्रत्येक शाखा का नेतृत्व एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा सहायक अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों की सहायता से किया जाता है। इन शाखाओं की गतिविधियों का एक संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है।

मुख्य प्रशासन अधिकारी

अतर सिंह

अधीक्षण अभियंता

बी. एस. आनंद (30.09.2012 तक) मंजुल रस्तोगी (01.10.2012 से) (कार्यकारी)

अधिशासी अभियंता

एस. भास्कर वी.के. शर्मा (कार्यकारी)

मुख्य प्रापण अधिकारी

ए.के. कामरा

उप–मुख्य सुरक्षा अधिकारी

राजीव लोचन आर.एस. रावत

वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी

के. के. वैद्य

प्रशासन अधिकारीगण

भर्ती, पी.आई.सी. प्रकोष्ठ एवं छात्रावास अनुभाग

रवि चौहान एस.के. गौतम (14.07.2012 तक) धीरज (31.07.2012 तक)

सामान्य, संपदा*, परिवहन अनुभाग एवं रा.प्र. केन्द्र

वी. वी. मिश्र' (26.06.2012 तक)

संकाय प्रकोष्ठ
ललित कुमार (31.08.2012 तक)

जे. पी. एन. ए. ट्रॉमा केंद्र
ए.के. निम

हृ.तं. केन्द्र
आर.के. शर्मा

विधिक / संपदा
रजी जावेद
(26.06.2012 से)

अस्पताल
संतोष कु. अग्रवाल
(20.06.2012 से)

भंडार अधिकारीगण

एस.एस.भदुरिया
प्रदीप कुमार गुप्ता

के.डी.शर्मा
राकेश कुमार शर्मा

सहायक प्रशासन अधिकारीगण

समन्वय प्रकोष्ठ / आर.टी.आई.
महेश कुमार शर्मा

शैक्षिक अनुभाग
रेनू भारद्वाज

अनुसंधान अनुभाग
नरेंद्र कुमार

वित्त प्रभाग
अशोक कुमार गुप्ता

स्था. अनुभाग–II / सी.डी.ई.आर. आर.टी.आई. प्रकोष्ठ
गोपाल दत्त

एस.सी. / एस.टी. प्रकोष्ठ / ई.एच.एस. प्रकोष्ठ / ए.सी.आर. प्रकोष्ठ
ललित ओरॉव

स्थापना अनुभाग (नि.का.)
अशोक कुमार शर्मा
(30.11.2012 से)

एन.डी.डी.टी.सी., गाजियाबाद
सुखराम (31.11.2012 से)

संकाय प्रकोष्ठ
राजेन्द्र पिल्लई (30.11.2012 से)

एन.डी.डी.टी.सी., गाजियाबाद सतर्कता प्रमोष्ठ
बी.एस. गिल (30.11.2012 से)

परीक्षा अनुभाग
राज कुमार
(01.12.2012 से)

स्टाफ की नियुक्ति, सांविधिक समितियों की बैठकों की व्यवस्था, संपदा एवं सम्पत्ति प्रबंधन, उपकरण, सामग्री एवं उपभोज्यों की खरीद, सुरक्षा व्यवस्था, कर्मचारियों के कल्याण आदि सहित स्थापना अनुभाग और सामान्य प्रशासन से संबद्ध सभी मामलों की देखभाल इस अनुभाग द्वारा की जाती है।

मुख्य अस्पताल, सभी केन्द्रों तथा प्रशासन सहित संस्थान की कुल स्वीकृत स्टाफ की संख्या 11,658 है। इनका विवरण निम्न प्रकार से है :–

क्र. सं.	श्रेणी/समूह	स्वीकृत संख्या	वर्तमान स्टाफ
1.	संकाय	823	507
2.	समूह 'क'	554	412
3.	समूह 'ख'	5,530	4,407
4.	समूह 'ग'	4,751	3,947
	कुल	**11,658**	**9,273**

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ

सम्पर्क अधिकारी

डॉ. के.सी. गोस्वामी

आचार्य, हृद रोग विज्ञान विभाग

सहायक प्रशासन अधिकारी

ललित ओरॉव

समीक्ष्य वर्ष के दौरान एस.सी./एस.टी. प्रकोष्ठ में एस.सी./एस.टी. श्रेणी के कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न प्रार्थना पत्रा प्राप्त हुए। इनका विवरण निम्न प्रकार है:–

प्रार्थना पत्रा प्राप्त किए गए	9
निपटाए/समाधान किए गए मामले	7
विचाराधीन मामले	2

मामलों का संक्षिप्त विवरण

1. श्री कुलदीप कुमार, महा सचिव, एस.सी. / एस.टी. मेडिकल एसोसिएशन, एम्स के एस.सी. / एस.टी. सदस्यों के विरूद्ध अत्याचार। जवाब/टिप्पणी को उक्त एसोसिएशन को भेज दिया गया है।
2. श्री अजय कुमार, प्रधान निजी सचिव, जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा भेदभाव के संबंध में आवेदन। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को उत्तर भेज दिया गया है।
3. प्रयोगशाला तकनीशियन श्री राहुल द्वारा पदोन्नति के बारे में आवेदन। मामला विचाराधीन है।
4. एम्स के चिकित्सा भौतिक विज्ञानी डॉ. वी सुब्रामणि द्वारा उत्पीड़न के बारे में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा प्राप्त श्री एम. राजेन्द्रन एवं श्री एम. ए. लवीराज, चिकित्सा भौतिक विज्ञानी का संयुक्त आवेदन।
5. एम्स के भौतिक विज्ञानी डॉ. वी सुब्रामणि द्वारा उत्पीड़न के बारे में लोकसभा में विपक्ष की नेता श्रीमती सुषमा स्वराज द्वारा प्राप्त श्री एम. राजेन्द्रन एवं श्री एम.ए. लवीराज, चिकित्सा भौतिक विज्ञानी का संयुक्त आवेदन।
6. डॉ. वी सुब्रामणि, वरिष्ठ चिकित्सा भौतिकविद, एम्स का जातिगत भेदभाव, हतोत्साहित एवं प्रताड़ित करने एवं एम्स प्रशासन द्वारा कार्रवाई न करने संबंधी आवेदन जो कि एस.एन. शर्मा, अवर सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के माध्यम से प्राप्त हुआ।

यद्यपि उपर्युक्त शिकायत/मामले पर क्र.सं. 4,5 एवं 6 पर जो कि आपस में एक–दूसरे से संबंधित है, इस संबंध में डॉ. वी. सुब्रामणि एवं श्री एम.ए. लविराज के व्यवहार की पड़ताल करने के लिए एक समिति का गठन किया गया, रिपोर्ट के आधार पर सक्षम प्राधिकारी ने निर्णय लिया गया है और उसे संबद्ध प्राधिकारी को आगे की कार्रवाई हेतु भेज दिया गया है।

7. नेशनल इंस्टीट्यूट आफ बायोलॉजिकल्स, नोएडा तथा उत्पीड़न से संबंधित प्रयोगशाला तकनीशियन श्री भूपेन्दर कुमार का आवेदन। एम्स प्रशासन द्वारा नेशनल इंस्टीट्यूट आफ बायोलॉजिकल्स, नोएडा को लिखित रूप में अनेक बार यह अनुरोध किया कि वे श्री भूपेन्दर कुमार से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट भेजे। तथापि, एन.आई.बी. नोएडा से रिपोर्ट की प्रतीक्षा है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को उत्तर भेज दिया गया है।
8. एम्स में खलासी के पद पर तदर्थ नियुक्ति को नियमित करने संबंधी इंजीनियरी सेवा विभाग के पूर्व खलासी (तदर्थ) श्री अवध नारायण का आवेदन। मामला विचाराधीन है।
9. न्याय से संबंधित श्रीमती सरोज कुमार का आवेदन। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को उत्तर भेज दिया गया है। यह मामला एम्स से संबंधित नहीं है, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को उत्तर भेज दिया गया है।

6. अस्पताल

चिकित्सा अधीक्षक
डी. के. शर्मा

आचार्य
सिद्धार्थ सतपति

अपर आचार्य

आई. बी. सिंह
संजय आर्य

सहायक आचार्य

निरूपम मदान
अनूप डागा
अमित लथवाल
महेश आर.

अस्पताल कार्य निष्पादन विवरण	2012–13		2011–12		निष्कर्ष
	मुख्य अस्पताल	ह.तं.कें.	मुख्य अस्पताल	ह.तं.कें.	
अस्पताल में ठहरने की औसतन अवधि (दिनों में)	4.9	6.6	5.4	6.7	बिस्तरों का प्रभावी उपयोग दर्शित होता है।
औसत बिस्तर अधिभोग दर (प्रतिशत)	84.7	84.1	81.6	77.4	उचित अधिभोग दर्शाता है।
शुद्व मृत्यु दर (प्रतिशत)	1.9	3.6	2.2	3.6	अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार रोगियों की अधिक संख्या में भर्ती के बावजूद निम्न मृत्य–दर को दर्शाते हैं।
संयुक्त अशोधित संक्रमण दर (प्रतिशत)	7.8	–	8.3	–	

कृपया विवरण हेतु तालिका 1 एवं 2 देखें।

6.1 चिकित्सा अभिलेख सेवाएं (अस्पताल)

मुख्य चिकित्सा अभिलेख अधिकारी और उप – पंजीयक, जन्म एवं मृत्यु
एन. के. शर्मा

शिक्षा एवं प्रशिक्षण

1. नर्सिंग महाविद्यालय, अ. भा. आ. सं. के एम.एससी. नर्सिंग के द्वितीय वर्ष के 19 छात्रों के एक समूह ने दिनांक 20 अप्रैल 2012 को चिकित्सा अभिलेख अनुभाग (मुख्य अस्पताल) का दौरा किया और श्री एन.के. शर्मा, मुख्य चिकित्सा अभिलेख अधिकारी द्वारा चिकित्सा अभिलेख प्रबंधन पर एक संक्षिप्त व्याख्यान दिया गया।
2. सेंट स्टीफन अस्पताल, नई दिल्ली के चिकित्सा अभिलेख प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के 7 छात्रों के एक समूह ने दिनांक 27 अप्रैल 2012 को चिकित्सा अभिलेख अनुभाग (मुख्य अस्पताल) और डॉ. राजकुमारी अमृत कौर ओपीडी का दौरा किया।
3. एस. एच. के. एम. गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, नलहर, मेवात, हरियाणा के डॉ. एस. दास ने अपने अधिकारियों के साथ दिनांक 12 सितंबर 2012 को चिकित्सा अभिलेख अनुभाग (मुख्य अस्पताल) का दौरा किया और नूहु जिला मेवात, हरियाणा में मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा अभिलेख अनुभाग स्थापित करने के लिए चिकित्सा अभिलेख अनुभाग के दिन प्रतिदिन के कार्य संबंधी एक संक्षिप्त व्याख्यान दिया गया।

बैठकें

1. डॉ. निरूपम मदान, सहायक आचार्य, अस्पताल प्रशासन एवं प्रभारी अधिकारी, चिकित्सा अभिलेख तथा श्री अशोक कुमार कनिष्ठ चिकित्सा अभिलेख अधिकारी ने महानिदेशालय, स्वास्थ्य सेवाएं एवं सेंट्रल ब्यूरो ऑफ हेल्थ इंटेलिजेंस द्वारा दिनांक 2 दिसंबर 2012 को निर्माण भवन में आयोजित दिल्ली में सभी केंद्रीय सरकारी अस्पतालों के चिकित्सा अभिलेखों का डिजिटलाइजेशन संबंधी बैठक में भाग लिया।
2. श्री एन. के. शर्मा, मुख्य चिकित्सा अभिलेख अधिकारी तथा श्री अशोक कुमार, कनिष्ठ चिकित्सा अभिलेख अधिकारी ने दिल्ली कैंसर रजिस्ट्री, डॉ. बी. आर. अम्बेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल, अ. भा. आ. सं. द्वारा संचालित रोगियों की पंजीकरण पद्धति पर कार्यशाला में भाग लिया, 12 जनवरी 2013.
3. मुख्य पंजीयक, जन्म एवं मृत्यु, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, के कार्यालय द्वारा जन्म एवं मृत्यु के पंजीकरण के कार्य में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एक प्रशिक्षण, दिनांक 17 जनवरी, 2013 को आयोजित किया गया। चिकित्सा अभिलेख अनुभाग (अस्पताल) से निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित किया गया।

1. श्री एन. के. शर्मा, मुख्य चिकित्सा अभिलेख अधिकारी
2. श्री अशोक कुमार, कनिष्ठ चिकित्सा अभिलेख अधिकारी
3. श्रीमती श्रीजा नायर, डाटा एंट्री ऑपरेटर

न्यायालय में उपस्थिति

दिल्ली तथा दिल्ली से बाहर विभिन्न न्यायालयों से चिकित्सा अभिलेख अनुभाग (मुख्य अस्पताल) में 973 सम्मन/नोटिस (औसतन 3–4 प्रतिदिन) प्राप्त हुए। संबंधित चिकित्सकों अथवा परामर्शदाताओं (केस के अनुसार) तथा चिकित्सा अभिलेख विभाग से स्टाफ सदस्यों को न्यायालय में उपस्थित होने के लिए तैनात किया गया।

चिकित्सा अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण

केंद्रीय भर्ती कार्यालय तथा मुख्य अस्पताल के पूछताछ कार्यालय का एनआईसी द्वारा कम्प्यूटरीकरण दिनांक 4 जून 2012 से किया गया। चिकित्सा अभिलेख अनुभाग (अस्पताल) का कम्प्यूटरीकरण किया जाएगा और इसे केंद्रीय भर्ती कार्यालय तथा अस्पताल पूछताछ के साथ जोड़ा जाएगा।

मुख्य अस्पताल के विभिन्न वार्डों को भी कम्प्यूटरीकृत किया गया है और इन्हें एनआईसी के सॉफ्टवेयर के साथ आंतरिक रूप से जोड़ा गया जबकि शेष वार्ड भी कम्प्यूटरीकृत होने की प्रक्रिया में है।

अंतः रोगी सेवाएं

अ. भा. आ. सं. देश भर से तथा विदेश से आने वाले रोगियों की बढ़ती जनसंख्या के बावजूद रोगी उपचार सेवा तथा गुणवत्ता की परम्परा को बनाए हुए है। वर्ष के दौरान मुख्य अस्पताल तथा हृद तंत्रिका केंद्र की विभिन्न नैदानिक यूनिटों में कुल 1,05,728 रोगियों को भर्ती किया गया। विभाग–वार, राज्य–वार तथा लिंग–वार भर्ती का विवरण तालिका 3 तथा 4 में दिया गया है।

वर्ष के दौरान विभिन्न शल्यक विधाओं में निष्पादित किए गए ऑपरेशनों की कुल संख्या तालिका–5 में दी गई है।

शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के उद्देश्य हेतु अंतः रंग रोगियों के चिकित्सा अभिलेखों को आसानी से खोजने के लिए उन्हें क्रमबद्ध तरीके से वर्गीकृत एवं श्रेणीबद्ध किया जाता है। इन अभिलेखों को कम्पेक्टर्स में रखा जाता है। हृद् तंत्रिका केंद्र के सभी अंतः रोगियों के रिकॉर्ड का रख–रखाव भी मुख्य अस्पताल के चिकित्सा अभिलेख अनुभाग द्वारा किया जाता है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, स्वास्थ्य उपचार सेवाओं के प्रावधान हेतु निम्नलिखित तीन विभागों में अंतरंग भर्तियां आरंभ की गई हैं।

क्रम सं.	विभाग	बिस्तरों की संख्या	स्थान	आरंभ करने की तिथि
1.	जरा चिकित्सा	24 (सामान्य)	नया प्राइवेट वार्ड	17 जुलाई 2012
2.	फुफ्फुसी चिकित्सा एवं निद्रा विकार	18 (9 सामान्य तथा 9 आईसीयू)	पुराना नर्सिंग छात्रावास, तीसरी मंजिल	1 अगस्त 2012
3.	रुमेटोलॉजी दिवस उपचार	6 (सामान्य)	पुराना नर्सिंग छात्रावास, तीसरी मंजिल	17 सितंबर 2012

केंद्रीय भर्ती कार्यालय एवं अस्पताल पूछताछ

यह कार्यालय वर्ष भर चौबीसों घण्टे अर्थात् 365 दिन X 24 घण्टे अविराम कार्य करता है। इस कार्यालय द्वारा मुख्य अस्पताल एवं हृद वक्ष एवं तंत्रिका विज्ञान केंद्र के अंतरंग क्षेत्रों की सभी भर्तियां निष्पादित की जाती हैं। यह रोगी पंजीकरण, भर्ती पर्ची (फेस शीट) का सृजन, परिचर पास जारी करना, रोगी एवं एम्स के बारे में सही सूचना एवं तीव्रता से सामान्य जानकारी प्रदान करने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का निष्पादन करता है। यहां पर स्टाफ शिफ्ट ड्यूटी में कार्य करते हैं और इस कार्यालय में स्वागत अधिकारी, कनिष्ठ चिकित्सा अभिलेख अधिकारी, चिकित्सा अभिलेख तकनीशियन तथा अन्य लिपिकीय एवं अस्पताल स्टाफ कार्यरत हैं।

बहिरंग रोगी विभाग एवं विशिष्टता निदानशालाएं

अ. भा. आ. सं. के सामान्य बहिरंग रोगी विभाग तथा विशिष्टता निदानशालाओं में कुल 16,69,789 रोगी उपचार हेतु आए (तालिका 6)।

ओपीडी ब्लॉक का कंप्यूटराइजेशन एवं आधुनिकीरण

डॉ. राजकुमारी अमृत कौर ओपीडी का ई.एच.एस. सहित केंद्रीय पंजीकरण क्षेत्र का पंजीकरण हेतु अद्यतन सुविधा के साथ आधुनिकीकरण कर दिया गया है। एनआईसी द्वारा विभिन्न विभागों की ओपीडी को कंप्यूटरीकृत कर दिया गया है। रोगियों के ओपीडी कार्डों को सभी उद्देश्यों तथा भविष्य में अन्य हवालों हेतु एक विशिष्ट यूएचआईडी संख्या के साथ बनाया जाता है।

तालिका 1 वार्षिक सांख्यिकी स्वास्थ्य बुलेटिन

क्र.सं.	विवरण	मुख्य अस्पताल	हृद् तंत्रिका केंद्र	कुल
1.	कुल भर्ती किए गए रोगी	85892	19836	105728
	क. वयस्क एवं बच्चे	83434	–	–
	ख. नवजात शिशु	2458	–	–
2.	अस्पताल से डिस्चार्ज हुए रोगियों की कुल सं.	81782	19044	100826
	क. वयस्क एवं बच्चे	79265	–	–
	ख. नवजात शिशु	2517	–	–
3.	उपचार के कुल दिन	402855	124749	527604
	क. वयस्क एवं बच्चे	387139	–	–
	ख. नवजात शिशु	15636	–	–
4.	ठहरने की औसत अवधि (एएलएस)	4.9	6.6	5.2

	क. वयस्क एवं बच्चे	4.9	–	–
	ख. नवजात शिशु	6.2	–	–
5.	अस्पताल में रोगियों की कुल संख्या (प्रतिदिन की गणना के अनुसार)	333384	126120	459504
	क. वयस्क एवं बच्चे	331225	–	–
	ख. नवजात शिशु	2159	–	–
6.	रोगियों की दैनिक औसत संख्या (प्रतिदिन की गणना के अनुसार)	10959	4148	15107
	क. वयस्क एवं बच्चे	10888	–	–
	ख. नवजात शिशु	71	–	–
7.	औसत बिस्तर अधिभोग (प्रतिशत)	84.7	84.1	84.5
	क. वयस्क एवं बच्चे	85.8	–	–
	ख. नवजात शिशु	29.6	–	–
8.	अस्पताल में जन्म	2458	–	–
	क. बालक शिशु	1319	–	–
	ख. बालिका शिशु	1139	–	–
9.	कुल मृत्यु (नवजात शिशु सहित)	2552	928	3480
	क. 48 घण्टे के भीतर मृत्यु	1020	256	1276
	ख. 48 घण्टे के बाद मृत्यु	1532	672	2204
	ग. सकल मृत्यु दर (प्रतिशत में)	3.1	4.9	3.5
	घ. शुद्ध मृत्यु दर (प्रतिशत में)	1.9	3.6	2.2
10.	आपातकालीन में रोगी उपस्थित	1,31,108	–	–
	आपातकालीन में मृत्यु	1,551	–	–
	आपातकालीन में पहले से मृत लाए गए रोगी	818	–	–

तालिका 2 विभाग वार भर्ती, छुट्टी और मृत्यु दर (मुख्य अस्पताल + हृद तंत्रिका केंद्र)

विभाग	भर्ती	अस्पताल से छुट्टी	उपचार के दिनों की अवधि	ठहरने की औसत अवधि	मृत्यु			शुद्ध मृत्यु दर (प्रतिशत)	
					कुल	48 घंटे के भीतर	48 घंटे के बाद	सकल	शुद्ध
कायचिकित्सा 1	1513	1423	13409	9.4	253	107	146	17.8	11.1
कायचिकित्सा 2	1093	1012	8979	8.9	253	124	129	25.0	14.5
कायचिकित्सा 3	1595	1527	11093	7.3	305	150	155	20.0	11.3
शल्यचिकित्सा 1	1322	1237	9122	7.4	33	10	23	2.7	1.9
शल्यचिकित्सा 2	1824	1684	11888	7.1	40	14	26	2.4	1.6
शल्यचिकित्सा 3	1311	1224	8746	7.1	13	4	9	1.1	0.7
शल्यचिकित्सा 4	2282	2045	11852	5.8	23	5	18	1.1	0.9
अस्थिरोगविज्ञान 1	2464	2271	16828	7.4	7	1	6	0.3	0.3
अस्थिरोगविज्ञान 2	2594	2285	18248	8.0	3	-	3	0.1	0.1
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 1	4549	4344	19141	4.4	6	3	3	0.1	0.1
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 2	3813	3654	15858	4.3	1	1	-	-	-
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 3	3996	3816	18477	4.8	5	1	4	0.1	0.1
वृक्कविज्ञान	6643	6171	21894	3.5	194	67	127	3.1	2.1

अंतःस्राविकी	567	549	8106	14.8	11	1	10	2.0	1.8
जठरांत्र रोग विज्ञान	2592	2477	19914	8.0	536	236	300	22.0	13.4
जरा चिकित्सा	483	440	4428	10.1	27	4	23	6.1	5.3
रुधिरविज्ञान	10059	9933	29691	3.0	251	82	169	2.5	1.7
मनोचिकित्सा	334	305	7642	25.1	-	-	-	-	-
मूत्ररोग विज्ञान	5818	5479	19264	3.5	14	8	6	0.3	0.1
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 1	1786	1668	6592	4.0	8	2	6	0.5	0.4
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 2	1389	1328	5521	4.2	5	2	3	0.4	0.2
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 3	1413	1312	5711	4.4	1	1	-	0.1	-
त्वचा रोग विज्ञान	5139	5068	15325	3.0	14	1	13	0.3	0.3
नवजातविज्ञान	2376	2393	15007	6.3	-	-	-	-	-
निओनेटल आई सी यू	228	124	629	5.1	52	26	26	42.0	26.5
कंगारू माता देखभाल वार्ड	77	68	420	6.2	-	-	-	-	-
बाल चिकित्सा 1	5437	5236	16162	3.1	69	23	46	1.3	0.9
बाल चिकित्सा 2	1609	1593	7867	4.9	61	20	41	3.8	2.6
बाल चिकित्सा 3	5419	5333	15642	2.9	62	16	46	1.2	0.9
बालशल्य चिकित्सा	2730	2565	17943	7.0	55	20	35	2.1	1.4
फुफ्फुसीय चिकित्सा एवं निद्रा विकार	646	592	3827	6.5	62	11	51	10.5	8.8
विकिरण चिकित्सा	48	43	141	3.3	12	12	-	28.0	-
दंत शल्यचिकित्सा	181	161	1126	7.0	-	-	-	-	-
नाभिकीय चिकित्सा	518	512	728	1.4	-	-	-	-	-
जठरांत्र शल्य चिकित्सा एवं लिवर प्रतिरोपण	1056	989	11954	12.1	81	10	71	8.2	7.3
भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास	30	26	687	26.4	-	-	-	-	-
आई आर सी एच	547	522	2615	5.0	95	58	37	18.2	8.0
संवेदनाहरणविज्ञान	411	373	378	1.0	-	-	-	-	-
कुल (मुख्य)	**85892**	**81782**	**402855**	**4.9**	**2552**	**1020**	**1532**	**3.1**	**1.9**
हृद्विज्ञान	8268	8095	31739	3.9	237	112	125	3.0	1.6
हृद् वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा	3600	3387	30373	9.0	255	31	224	7.5	6.7
तंत्रिकाविज्ञान 1	2013	1932	14247	7.4	108	41	67	5.6	3.5
तंत्रिकाविज्ञान 2	1509	1460	10780	7.4	94	20	74	6.4	5.1
तंत्रिकाविज्ञान 3*	160	126	724	5.7	4	-	4	3.2	3.2
तंत्रिका–शल्य चिकित्सा 1	2405	2254	20093	8.9	117	22	95	5.2	4.3
तंत्रिका–शल्य चिकित्सा 2	1877	1786	16786	9.4	113	30	83	6.3	4.7
तंत्रिका संवेदनाहरण	4	4	7	1.8	-	-	-	-	-
कुल (हृद् तंत्रिका केन्द्र)	**19836**	**19044**	**124749**	**6.6**	**928**	**256**	**672**	**4.9**	**3.6**
महायोग कुल (मुख्य + हृद् तं.केन्द्र)	**105728**	**100826**	**527604**	**5.2**	**3480**	**1276**	**2204**	**3.5**	**2.2**

* तंत्रिका विज्ञान 3 फरवरी 2013 से आरंभ की गई।

तालिका 3 अंतरंग रोगियों का राज्य–वार वर्गीकरण

राज्य	मुख्य अस्पताल	हृद् तंत्रिका केन्द्र	कुल
दिल्ली	40880	6228	47108
उत्तर प्रदेश	19147	4465	23612
हरियाणा	8371	1918	10289
बिहार	9278	3941	13219
राजस्थान	1258	579	1837
पंजाब	387	222	609
अन्य राज्य	6248	2441	8689
अन्य देश	323	42	365
कुल	**85892**	**19836**	**105728**



तालिका 4 अंतरंग रोगियों का लिंगवार वर्गीकरण (मुख्य अस्पताल और हृद् तं.केन्द्र)

स्थान	पुरुष	स्त्री	बालक शिशु	बालिका शिशु	कुल
मुख्य अस्पताल	32848	30779	15630	6635	85892
हृद् तंत्रिका केन्द्र	10240	5088	3115	1393	19836
कुल	**43088**	**35867**	**18745**	**8028**	**105728**



तालिका 5 ऑपरेशन

विभाग	बड़े	छोटे		कुल
		अंतरंग	बाह्य	
शल्यचिकित्सा 1	615	297	2959	3871
शल्यचिकित्सा 2	971	246	3073	4290
शल्यचिकित्सा 3	705	230	3088	4023
शल्यचिकित्सा 4	974	500	2962	4436
जठरांत्र शल्य चिकित्सा एवं लिवर प्रतिरोपण	644	2	-	646
मूत्ररोग विज्ञान	1388	453	11407	13248
प्रसूति विज्ञान	945	352	-	1297
स्त्रीरोग विज्ञान	1620	1580	-	3200
कान, नाक एवं गला रोग विज्ञान	2526	1887	33930	38343
अस्थिरोग 1	1487	605	-	2092
अस्थिरोग 2	1233	793	-	2026
बाल शल्यचिकित्सा	1891	221	-	2112
दंत शल्यचिकित्सा	125	1	-	126
आपात विभाग	-	136	-	136
योग (मुख्य)	**15124**	**7303**	**57419**	**79846**
हृद् वक्ष एवं वाहिका शल्यचिकित्सा	4098	-	-	**4098**
तंत्रिका शल्य चिकित्सा 1	1558	187	-	**1745**
तंत्रिका शल्य चिकित्सा 2	1513	118	-	**1631**
योग (हृद् तंत्रिका केन्द्र)	**7169**	**305**	**-**	**7474**
महायोग (मुख्य + हृद् तंत्रिका केन्द्र)	**22293**	**7608**	**57419**	**87320**

तालिका 6. ओ.पी.डी. एवं विशिष्टता निदानशालाओं में उपस्थिति

चिकित्सा विभाग	नए रोगी	पुराने रोगी	कुल
चिकित्सा विशिष्टताएं			
कायचिकित्सा			
1. सामान्य ओ पी डी	69401	67774	**137175**
2. विशिष्टता क्लिनिक			
क) वक्ष	621	592	**1213**
ख) रुमेटोलॉजी	56	6156	**6212**
ग) जरा चिकित्सा	7763	10929	**18692**
घ) निद्रा संबंधी श्वास विकार	7697	11215	**18912**
ङ) नाभिकीय चिकित्सा	1854	6147	**8001**
च) अंतःस्राविकी	12126	31358	**43484**

छ) वृक्क	7346	28973	**36319**
ज) वृक्क प्रतिरोपण	161	5944	**6105**
झ) वृक्क प्रतिरोपण परामर्श	460	1673	**2133**
रुधिरविज्ञान	3377	24174	**27551**
जठरांत्र रोग विज्ञान	18729	47119	**65848**
बाल चिकित्सा			
1. सामान्य ओ पी डी	39212	41145	**80357**
2. विशिष्टता क्लिनिक			
क) स्वस्थ शिशु	408	17	**425**
ख) फॉलोअप टी बी	306	2142	**2448**
ग) वृक्क	406	4114	**4520**
घ) बाल तंत्रिका विज्ञान	970	2058	**3028**
ङ) बाल वक्ष निदानशाला	473	3558	**4031**
च) उच्च जोखिम नवजात	285	1886	**2171**
छ) आनुवंशिक एवं जन्म दोष क्लिनिक	2873	1317	**4190**
ज) अर्बुदविज्ञान	247	1677	**1924**
झ) बाल विकास	189	146	**335**
ञ) अंतःस्राविकी	450	1367	**1817**
ट) न्यूरोसिस्टी सिरीकोसिस	329	1400	**1729**
ठ) बाल कैंसर उत्तरजीवी	67	654	**721**
ड) रुमेटोलॉजी	177	1771	**1948**
ढ) मायोपैथी	507	842	**1349**
त्वचा रोग विज्ञान			
1. सामान्य ओ पी डी	36527	44517	**81044**
2. विशिष्टता क्लिनिक			
क) यौन संक्रमित रोग	790	535	**1325**
ख) एजर्ली	577	1458	**2035**
ग) कुष्ठ रोग	451	2760	**3211**
घ) पिगमेन्टेशन	494	2009	**2503**
ङ) त्वचा शल्य चिकित्सा	618	1015	**1633**
मनोचिकित्सा			
1. सामान्य ओ पी डी	14351	--	**14351**
2. विशिष्टता क्लिनिक			
क) वॉक–इन–क्लिनिक	2335	33697	**36032**
ख) बाल–मार्गदर्शन	506	617	**1123**
शल्यचिकित्सा विशिष्टताएं			
शल्यक विभाग	44492	28915	73407
मूत्ररोग विज्ञान	14704	32344	47048
जी.आई. शल्य चिकित्सा एवं लिवर प्रतिरोपण	2464	6146	8610
बाल शल्य चिकित्सा			
1. सामान्य ओ पी डी	5783	13392	19175
2. विशिष्टता क्लिनिक			
क) हाइड्रोसेफालस	20	118	138
ख) इंटर सेक्स	-	61	61
ग) बाल मूत्ररोग विज्ञान	570	3129	3699
घ) क्रेनियोसाइनोस्टोसिस	-	4	4
संवेदनाहरण			
क) पीड़ा	1180	2145	3325

ख) संवेदनाहरण–पूर्व क्लिनिक	7133	753	7886
अस्थि रोग			
1. सामान्य ओ पी डी	50518	49389	99907
2. विशिष्टता क्लिनिक			
क) फिजियोथेरेपी	20567	39154	59721
ख) ऑक्यूपेशनल चिकित्सा	1495	6924	8419
ग) हाइड्रोथेरेपी	3386	8473	11859
घ) फोलोअप	-	9814	9814
ङ) ट्यूबरकुलोसिस	259	876	1135
च) पोलियो	-	-	-
छ) स्कोलियोसिस	742	1598	2340
ज) हाथ	1118	1570	2688
झ) सी टी ई वी	196	2517	2713
ञ) संधिशोथ	-	-	-
ट) खेल	235	224	459
नाक, कान एवं गला रोग विज्ञान एवं आर यू ए एस			
1. सामान्य ओ पी डी	43064	44536	87600
2. विशिष्टता क्लिनिक			
क) श्रवणविज्ञान	110	51	161
ख) वाक	1265	1865	3130
ग) श्रवण	794	1347	2141
घ) वाणी	809	966	1775
ङ) वर्टिगो	92	53	145
च) नासाविज्ञान	61	44	105
प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान			
1. सामान्य ओ पी डी	33466	62306	95772
2. विशिष्टता क्लिनिक			
क) प्रसवोत्तर	-	-	-
ख) वन्ध्यता	-	-	-
ग) आई वी एफ	531	2337	2868
घ) परिवार कल्याण	8776	5673	14449
ङ) प्रसव पूर्व	773	4097	4870
च) अंतःस्राविकी स्त्रीरोग विज्ञान	46	70	116
छ) उच्च जोखिम सगर्भता	2303	12261	14564
ज) ऑपरेशन के बाद (स्त्री रोग)	-	-	-
झ) रजोनिवृत्ति	-	-	-
विकिरण चिकित्सा	473	31179	31652
अन्य			
आपात चिकित्सा	127375	3733	131108
ई.एच.एस.	100572	67050	167622
पोषण	3768	1553	5321
भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास	22361	91651	114012
यौन एवं विवाह परामर्श क्लिनिक	1755	2320	4075
कुल	**736395**	**933394**	**1669789**

6.2 अस्पताल आहार सेवाएं

मुख्य आहारविद्
डॉ. (श्रीमती) अलका मोहन चुटानी

अंतरंग रोगियों की संख्या, जिन्हें विभिन्न आहार परोसे गए (मुख्य अस्पताल एवं केन्द्र)

क्र. सं.	आहार का प्रकार	संख्या	प्रतिशत
1.	सामान्य आहार	357,015	53
2.	प्राइवेट वार्ड हेतु आहार	94,796	14
3.	अर्धठोस आहार	43,351	6
4.	चिकित्सीय आहार	153,003	22
5.	एन्टरल भोजन	34,645	5
6.	कुल	682,810	100

बहिरंग पोषण परामर्श (अंतः स्राविकी, बालचिकित्सा एवं केंद्रों के अतिरिक्त)

रोगी	कुल	पुरुष	महिला
नए	3768	1883	1885
पुराने	1553	820	733
कुल	5321	2703	2618

अंतरंग रोगी पोषण परामर्श 2956

6.3 कल्याण एकक

कल्याण अधिकारी
श्रीमती प्रीति आहलूवालिया

कल्याण एकक द्वारा रोगियों एवं कर्मचारियों की कल्याण सेवाओं का आयोजन किया गया।

रोगी कल्याण
रोगी उपचार : दान के रूप में रु. 48,54,000 – (लगभग) एकत्रित किए गए।

उद्देश्य	दान	दानकर्ता
मुख्य अस्पताल तथा केंद्रों में उपचार कराने वाले गरीब तथा जरूरतमंद रोगियों के उपचार एवं शल्य चिकित्सा हेतु।	3,08,000 रु.	जवाहर भवन ट्रस्ट
	2,26,035 रु.	साहू जैन ट्रस्ट
	40,000 रु.	इंडो ग्लोबल सोशल सर्विस सोसायटी
	28,386 रु.	बैज नाथ भंडारी पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट
	28,798 रु.	सेवा प्रकल्प महिला मंडल न्यास
	21,000 रु.	विजय गुजराल फाउंडेशन
	97,842 रु.	अन्य दानदाता
एम्स निर्धन रोगी निधि लेखा	1,00,000 रु.	श्री सुरजीत कुमार जयरथ
	1,50,000 रु.	श्रीमती द्वारका प्रसाद ट्रस्ट
	51,000 रु.	श्री जरनैल सिंह
	31,000 रु.	ले. कर्नल के. के. वर्मा
	30,000 रु.	कर्नल यश भटनागर
	30,000 रु.	श्रीमती महारानी प्रसाद
	11,000 रु.	श्रीमती दिलजीत कौर वर्मा
	12,000 रु.	सुश्री अंजना आहलूवालिया
	5,000 रु.	श्रीमती शकुंतला भाटिया
कैंसर रोगियों को कैंसर–रोधी दवाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई।	34,53,759 रु.	गोपाल फाउंडेशन
	2,30,902 रु.	डॉ. चेतन मेमोरियल डिवाइन ट्रस्ट

उपर्युक्त के अतिरिक्त, गरीब रोगियों को, राष्ट्रीय आरोग्य निधि, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष, स्वास्थ्य मंत्री के विवेकाधीन अनुदान तथा अन्य सरकारी तथा गैर–सरकारी एजेंसियों से, उनके उपचार हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन दिया जा रहा है तथा उनकी सहायता की जा रही है। अस्पताल निर्धन रोगी निधि से निर्धन रोगियों को सहायता भी प्रदान की जाती है और उनकी दाखिले, लेवी प्रभारों में छूट, जांच प्रभारों आदि में छूट के लिए मार्गदर्शन तथा सहायता भी की जाती है।

धर्मशालाएं

कल्याण गतिविधि के रूप में, एम्स अस्पताल समाज कल्याण सोसायटी के तत्त्वावधान में राजगढ़िया विश्राम सदन, सुरेका विश्राम सदन तथा श्री साईं विश्राम सदन द्वारा संस्थान तथा इसके केंद्रों में उपचार करवा रहे 11,800 से भी अधिक रोगियों तथा उनके तीमारदारों को आश्रय प्रदान किया गया। विशेष मामलों में, विश्राम सदनों में रहने वाले जरूरतमंद तथा गरीब रोगियों के लिए दानकर्ताओं के माध्यम से भोजन का प्रबंध किया गया। संस्थान द्वारा रोगियों एवं उनके परिचरों की सहायता हेतु सदनों से अस्पताल तक आने–जाने के लिए वाहन सुविधा प्रदान की जा रही है।

सपना (गैर सरकारी संगठन) ने सप्ताह में एक बार राजगढ़िया विश्राम सदन के उन निवासियों को सूखे राशन के 60 पैकेट वितरित किए जो गरीबी रेखा से नीचे हैं। इसके अतिरिक्त, राजगढ़िया विश्राम सदन में रह रहे रोगियों को प्रति दिन 60 पैकेट आधा लीटर दूध भी वितरित किया गया। विश्राम सदन के निवासियों के लाभ हेतु कैंसर रोगी सहायता संघ के द्वारा सप्ताह में एक बार निःशुल्क योगा की कक्षाओं का आयोजन किया गया। कैंसर रोगी सहायता संघ द्वारा सदन के निवासियों के साथ होली तथा दीवाली का त्यौहार भी मनाया गया।

निःशुल्क शव वाहन सुविधा

संबंधियों द्वारा मृत शरीर को दिल्ली में अपने घर/शमशानघाट, आसानी से ले जाने के लिए श्री साईं भक्त समाज (पंजी) के माध्यम से निःशुल्क शव वाहन सेवा प्रदान की गई।

कर्मचारी कल्याण

अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति

अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति के मामलों पर विचार किया गया। परिवार के सदस्यों को हुई भारी क्षति को सहन करने तथा जो जिम्मेदारियां उन पर आ गई हैं, उन्हें निभाने में सक्षम बनाने के लिए सहायता प्रदान करने हेतु परामर्श सेवाएं तथा नैतिक सहायता प्रदान की गई।

परामर्श सेवाएं

कर्मचारियों, रोगियों तथा उनके संबंधियों को उनकी शारीरिक, सामाजिक, मानसिक, आर्थिक, पारिवरिक तथा वैवाहिक समस्याओं पर काबू पाने/समाधान करने के लिए उन्हें सक्षम बनाने हेतु परामर्श सेवाएं प्रदान की गई और इसके द्वारा उनकी सामाजिक गतिविधियों में वृद्धि हुई।

शिकायतों का निवारण

स्टाफ–सदस्यों तथा रोगियों की शिकायतों का समाधान करने के लिए सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

दीवाली समारोह

मेडिकल इस्टीट्यूट रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (एमआईआरडब्ल्यूए) द्वारा चलाए जा रहे नर्सरी एवं प्राथमिक विद्यालय में पढ़ रहे हमारे कर्मचारियों के बच्चों के साथ श्री सुनील भुटानी ने दीवाली का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर स्वेटर, उपहार तथा मिठाइयां वितरित की गई।

विद्यालय के बच्चों के साथ दीवाली मनाई गई। डॉ. डी. के. शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक की मेडिकल इंस्टीट्यूट रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (एमआईआरडब्ल्यूए) द्वारा चलाए जा रहे नर्सरी एवं प्राथमिक विद्यालय में पढ़े रहे बच्चों को सामुदायिक हाल, अ. भा. आ. सं. में स्वेटर, उपहार तथा मिठाइयां बाटंते हुए तस्वीरें हैं। इनमें दानदाता श्री सुनील भुटानी तथा श्रीमती शकुंतला भाटिया की तस्वीरें भी दिखाई दीं।

6.4 अस्पताल बिलिंग अनुभाग

वर्ष 2012–13 के दौरान प्राप्त की गई दान की राशि तथा रोगियों को भुगतान की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है:–

दानकर्ताओं से प्राप्त दान (बैंक ब्याज+दान + निर्धन निधि बॉक्स)	रु. 10,10,782
188 (137+51) रोगियों को किया गया भुगतान	रु. 87,269

(निर्धन रोगियों को राशि का वितरण वर्ष के दौरान दानकर्ताओं से प्राप्त दान – राशि तथा 'एम्स निर्धन निधि खाता' में पिछले वर्षों की बकाया पड़ी राशि में से किया गया है।)

6.5 नर्सिंग सेवाएं

नर्सिंग सेवाओं का संगठन

मुख्य परिचर्या अधिकारी (सी एन ओ)
↓
परिचर्या अधीक्षक
↓
उप परिचर्या अधीक्षक (डी एन एस)
↓
सहायक परिचर्या अधीक्षक (ए एन एस)
↓
स्टाफ नर्सेस ग्रेड 1
↓
स्टाफ नर्सेस ग्रेड 2

नर्सिंग सेवा एम्स का एक अभिन्न अंग है, जिसका उद्देश्य रोगी और समुदाय को उच्च गुणवत्ता नर्सिंग देखभाल प्रदान करना है। व्यावसायिक नर्सें एक ऐसे परिवेश में कार्य करती है जो कि अस्पताल में संबद्ध विभागों के अन्य सदस्यों के साथ व्यापक रोगी सेवाएं प्रदान करने में व्यावसायिकता और विशेषज्ञता को प्रोत्साहित करती है।

स्टाफ संख्या

अ. भा. अ. सं. में मुख्य नर्सिंग कार्यबल का गठन विभिन्न विभागों से प्रशिक्षित नर्सों को शामिल करते हुए किया जाता है। स्टाफिंग स्टाफ निरीक्षण एकक (एस आई यू) मानको पर आधारित होती है।

मुख्य अस्पताल में स्टाफ की संख्या

मुख्य परिचर्या अधिकारी	1 (कार्यकारी सी एन ओ)
परिचर्या अधीक्षक	1
उप परिचर्या अधीक्षक	14
सहायक परिचर्या अधीक्षक	75
सिस्टर ग्रेड 1	416
सिस्टर ग्रेड 2	1101
कुल	1606

अभिविन्यास/विवरण सत्र

नवीन ग्रेड–2 स्टाफ नर्सों की भर्ती के समय उन्हें समान्यतया अस्पताल की नीतियों एवं कार्य प्रणाली एवं विशेष रूप से नर्सिंग सेवा के परिप्रेक्ष्य से अवगत कराने के लिए पदनामित नर्सिंग कार्मिकों द्वारा एक योजनाबद्ध अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

पिछले वर्ष 297 नवीन भर्ती की गई नर्सों को 15–22 जनवरी तथा 16–19 अप्रैल के दौरान विभिन्न पहलुओं यथा अस्पताल अभिन्यास, विभिन्न विभाग, ओ पी डी सारणी और उनकी ड्यूटी एवं जिम्मेदारियों के संबद्ध में अभिविन्यास प्रदान किया गया।

भारत के बाहर के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों से आगंतुकों के लिए नर्सिंग सेवाओं के विशेषज्ञों द्वारा अभिविन्यास/विवरण सत्रों का संचालन किया गया।

सतत नर्सिंग शिक्षा

नर्सिंग स्टाफ शिक्षा, वर्षभर सेवाकाल के दौरान चलती रहती है और सतत शिक्षा कार्यक्रमों का उद्देश्य कार्यरत नर्सों के नैदानिक ज्ञान को अद्यतन करना होता है जिससे नर्सिंग केयर के मानकों में सुधार किया जा सके।

नर्सिंग सेवाकालीन शिक्षा कार्यक्रम

एक कुशल संरचित सेवाकालीन शिक्षा कार्यक्रम को जनवरी 2011 से आरंभ किया गया। आरंभ में इसके अंतर्गत एक सप्ताह में दो बार, एक–एक घंटे की कक्षाएं आयोजित की गईं, जिसे बाद में बढ़ाकर सप्ताह में तीन बार कर दिया गया। सप्ताह में कक्षाएं बेडसाइड नर्सों (सिस्टर ग्रेड 2 एवं सिस्टर ग्रेड 1) के लिए और सप्ताह में एक कक्षा वरिष्ठ नर्सों (प्रभारी सिस्टर तथा उससे ऊपर) के लिए आयोजित की जाती हैं।

सरलीकरणकर्ता :	श्रीमती बी. डी. प्रेमा एच कुमार, सी एन ओ (कार्यकारी) एम्स
परामर्शदाता :	श्रीमती अनसम्मा नीलकंटन, उप–परिचर्या अधीक्षक, फरवरी 2012 से
शिक्षक :	श्रीमती रिबाका जे. हेराल्ड, सिस्टर ग्रेड 1 (एचआर)
	श्रीमती मेरिन लीसा कुरियाकोसे, सिस्टर ग्रेड 2

जनवरी–दिसंबर 2012 के दौरान मुख्य अस्पताल में विभिन्न विभागों से कुल 3129 नर्सों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। निम्नलिखित व्याख्यान प्रदान किए गए।

1. प्रभारी अधिकारी/एएनएस/डीएनएस/ एनएस/सीएनओ के लिए कक्षाएं
    - नर्सिंग में मानवीय संबंध
    - उपकरण प्रबंधन
    - नैदानिक नर्सिंग में नीति विषयक एवं विधिक मामले
    - विरोध प्रबंधन
    - तनाव प्रबंधन
    - नर्सिंग प्रबंधन
2. बेडसाइड नर्सों के लिए कक्षाएं
    - रोगी सुरक्षा
    - नर्सिंग प्रक्रिया
    - नर्सिंग में मानवीय संबंध
    - नैदानिक नर्सिंग में नीति विषयक एवं विधिक मामले
    - ऑपरेशन पूर्व तथा पश्चात नर्सिंग प्रबंधन
    - तनाव प्रबंधन
    - चिकित्सा प्रबंधन सुरक्षा

विभिन्न शाखाओं में उपर्युक्त विषयों पर कुल 114 व्याख्यान दिए गए।

नर्सिंग कार्मिकों की संख्या जिन्होंने सेवाकालीन शैक्षिक कक्षाओं में भाग लिया

सीएओ/एनएस	डीएनएस	एएनएस	सिस्टर ग्रेड 1	सिस्टर ग्रेड 2	कुल
1	17	268	1023	1820	3129

नर्सिंग में उच्चतर शिक्षा

एम्स में नर्सिंग सेवाओं का उच्चतर अध्ययन के लिए सरलीकृत प्रचुर अवसरों द्वारा नर्सिंग केयर की गुणवत्ता को सुधारने पर मुख्यतः ध्यान केन्द्रित रहता है। पांच वर्ष की नियमित सेवा के पश्चात, नर्सें पूर्ण वेतन सहित उच्च अध्ययन को करने के योग्य हो जाती हैं। इस समय 7 नर्सें पोस्ट बेसिक बी एस सी नर्सिंग कार्यक्रम एवं 5 एम–एससी. नर्सिंग कार्यक्रम में अध्ययन कर रही हैं। नर्सों को जिन्होंने नर्सिंग में स्नातक किया है, उन्हें उच्चतर उपाधि भत्ता प्रदान किया जाता है।

सम्मेलनों एवं कार्यशालाओं में उपस्थिति

वर्ष के दौरान, मुख्य अस्पताल के विभिन्न विभागों से 279 नर्सों ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/कार्यशालाओं में भाग लिया/इनमें सम्मिलित थीं :–

- 11–18 जनवरी, 'नर्सिंग एडमिनिस्ट्रेशन एंड सुपरविजन फॉर इफैक्टिव पेशेंट केयर' पर टीएनएआई कार्यशाला; टीएनएआई कार्यशाला; टीएनएआई मुख्यालय, ग्रीन पार्क, नई दिल्ली, प्रतिभागी 2
- 21–28 फरवरी, स्किल अपडेट फॉर नर्सिंग पर्सोनल इन कार्डियेक नर्सिंग राजकुमारी अमृत कौर नर्सिंग महाविद्यालय, नई दिल्ली। प्रतिभागी 2
- 30 मार्च 2012, क्रॉनिक किडनी डिसीज : ए हिडन सुनामी 'गुलमोहर हॉल', भारतीय पर्यावास केंद्र, लोधी रोड, नई दिल्ली। प्रतिभागी 10
- 7–8 अप्रैल, नेशनल हेमेटोलॉजी अपडेट 9, जवाहर लाल नेहरू सभागार, अ. भा. आ. सं. नई दिल्ली। प्रतिभागी 9
- 24 अप्रैल, स्कूल चिल्ड्रन एजुकेशन प्रोग्राम, ज. ल. ने सभागार, अ. भा. आ. सं.। प्रतिभागी 9
- 18 अप्रैल, वूमैन्स हैल्थ – मेनापोज़ (पोषणव्याख्यानामाला), सीमेट, अ. भा. आ. सं., प्रतिभागी 45
- 17–19 अप्रैल साइको ऑन्कोलॉजी वालंटियर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम, सेमिनार कक्ष, शल्य चिकित्सा विभाग, अ. भा. आ. सं.। प्रतिभागी 1
- 26–27 मई संस्थान के आपात विभाग में आने वाले बलात्कार पीड़ितों के परीक्षण हेतु स्टाफ को प्रशिक्षण। प्रतिभागी 21
- 11–16 जून, एचआईवी / एड्स पर नर्सों को प्रशिक्षण देने हेतु जी एफ ए टी एम कार्यशाला, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 62, नोएडा (उ. प्र.), प्रतिभागी 5
- 11–18 जून, स्किल अपडेट ऑन नर्सिंग एडिमिनिस्ट्रेशन, राजकुमारी अमृत कौर नर्सिंग महाविद्यालय, नई दिल्ली प्रतिभागी 1
- 18–23 जून, एचआईवी / एड्स पर नर्सों के प्रशिक्षण हेतु जीएफएटीएम कार्यशाला, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर – 62, नोएडा (उ. प्र.) प्रतिभागी 5
- 25–30 जून, एचआईवी / एड्स पर नर्सों के प्रशिक्षण हेतु जीएफएटीएम कार्यशाला, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 62, नोएडा (उ. प्र.)। प्रतिभागी 5
- 3–10 जुलाई, स्किल अपडेट ऑन चाइल्ड हेल्थ केयर, राजकुमारी अमृत कौर नर्सिंग महाविद्यालय, नई दिल्ली। प्रतिभागी 3
- 9–20 जुलाई, वरिष्ठ नर्सिंग प्रशासकों हेतु प्रबंधन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, बाबा गंगानाथ मार्ग, मुनीरका, नई दिल्ली। प्रतिभागी 2
- 23–28 जुलाई, एचआईवी / एड्स पर नर्सों के प्रशिक्षण हेतु जी एफ ए टी एम कार्यशाला, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 62, नोएडा (उ. प्र.) प्रतिभागी 5
- 1–8 अगस्त, प्रभावी तथा सक्षम रोगी उपचार हेतु मानवीय संबंध एवं सम्प्रेषण दक्षता पर कार्यशाला, टी एन ए आई मुख्यालय, ग्रीन पार्क, नई दिल्ली। प्रतिभागी 2
- 20–25 अगस्त, एचआईवी / एड्स पर नर्सों के प्रशिक्षण हेतु जी एफ ए टी एम कार्यशाला, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर – 62, नोएडा (उ. प्र.)। प्रतिभागी 5
- 27 अगस्त – 1 सितंबर, एचआईवी / एड्स पर नर्सों के प्रशिक्षण हेतु जी एफ ए टी एम कार्यशाला, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर – 62, नोएडा (उ. प्र.)। प्रतिभागी 5
- 4 सितंबर, रोग रोकथाम तथा स्वास्थ्य उन्नति के लिए कार्यात्मक आहार की भूमिका, सीमेट, अ. भा. आ. सं.। प्रतिभागी 30
- 3–8 सितंबर, एचआईवी / एड्स पर नर्सों के प्रशिक्षण हेतु जी एफ ए टी एम कार्यशाला, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 62, नोएडा (उ. प्र.)। प्रतिभागी 5
- 17–22 सितंबर, एचआईवी / एड्स पर नर्सों के प्रशिक्षण हेतु जी एफ ए टी एम कार्यशाला, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर – 62, नोएडा (उ. प्र.)। प्रतिभागी 5

- 8–15 अक्टूबर, एम सी एच उपचार संबंधी गुणवत्ता सुधार। राजकुमारी अमृत कौर नर्सिंग महाविद्यालय, नई दिल्ली। प्रतिभागी 2
- 8–13 अक्टूबर, एचआईवी / एड्स पर नर्सों के प्रशिक्षण हेतु जी एफ ए टी एम कार्यशाला, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर – 62, नोएडा (उ. प्र.)। प्रतिभागी 5
- 26 अक्टूबर, मानव अधिकारों तथा नीति विषयकों पर संगोष्ठी, जवाहर लाल नेहरू सभागार, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली। प्रतिभागी 30
- 2 नवंबर, बेडसाइड केयर टू बेंचसाइड रिसर्च इन न्यूरो नर्सिंग। जवाहर लाल नेहरू सभागार, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली। प्रतिभागी 6
- 16–18 नवंबर, इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ह्यूमनाइजेशन ऑफ हेल्थकेयर। जवाहर लाल नेहरू सभागार, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली, प्रतिभागी–28.
- 23–25 नवम्बर, इंटीग्रेटिड एप्रोच टू ट्रॉमा केयर। जवाहर लाल नेहरू सभागार, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली। प्रतिभागी 24.
- 26 नवंबर – 1 दिसंबर, एचआईवी / एड्स पर नर्सों के प्रशिक्षण हेतु जी एफ ए टी एम कार्यशाला, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर –62, नोएडा (उ. प्र.)। प्रतिभागी 5

विशेषज्ञों के रूप में परामर्श एवं सहभागिता

पिछले वर्ष विभिन्न विभागों की नर्सों ने स्किल स्टेशन एंव हैंडस ऑन ट्रेनिंग सत्रों हेतु समन्वयकों के रूप में भाग लिया एवं कार्य निष्पादन किया।

विभिन्न शैक्षिक संस्थानों से पधारे अतिथि

भारत के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के समूहों के लिए एम्स के नर्सिंग एजुकेटर्स ने नीचे दी गई सूची अनुसार अभिविन्यास कार्यक्रम संचालित किए। विभिन्न अस्पतालों के कुल 477 आंगतुकों ने एम्स के बारे में अभिविन्यास प्राप्त किए।

- सिंघद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, पुणे, 18 जनवरी 2012 (45, बी एस सी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र एवं प्राचार्य)
- होली स्पिरिट इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एजुकेशन अंधेरी (पूर्वी), मुंबई, 2 फरवरी 2012 (30, बी एस सी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र एवं प्राचार्य)।
- जसलोक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, 15 डॉ. जी देशमुख मार्ग, मुंबई, 2 फरवरी 2012 (21, बी एस सी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र एवं प्राचार्य)।
- सेंट जॉन कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बैंगलोर, 6 फरवरी (35, बी एस सी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र एवं प्राचार्य)।
- सेंट जॉन कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बैंगलोर, 5–8 फरवरी (34, बी एस सी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र एवं प्राचार्य)।
- बेल एयर कॉलेज ऑफ नर्सिंग, पंचगनी, महाराष्ट्र, 22 फरवरी (48, बी एस सी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र एवं प्राचार्य)।
- होली क्रॉस कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अंबिकापुर (सी. जी.), 27 फरवरी (53, बी एस सी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र एवं प्राचार्य)।
- तरना नर्सिंग कॉलेज, नेरूल (पश्चिम), नवी मुम्बई, 29 फरवरी (10, बी एस सी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र एवं पर्यवेक्षक)।
- कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सेंट मारथा हॉस्पिटल, बैंगलोर, 21 मार्च (52, बी एस सी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र एवं प्राचार्य)।
- यशोदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सरूर नगर, हैदराबाद, 23 मार्च (9, द्वितीय वर्ष एम एस सी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र एवं प्राचार्य)।
- गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग, वंदानाम मेडिकल कॉलेज कॉम्पलेक्स, अलापूज्हा, 19 अप्रैल (20 द्वितीय वर्ष एम एस सी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र एवं प्राचार्य)।
- गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग, फोर्ट, बैंगलोर, 25 अप्रैल (38, द्वितीय वर्ष एम एस सी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र एवं प्राचार्य)।
- एश्वरी बाई मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, वेस्ट मेरीडपल्ली, सिकंदराबाद, 30 जुलाई (38, बी एस सी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र एवं प्राचार्य)।
- गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग, विक्टोरिया हॉस्पिटल, फोर्ट, बैंगलोर, 9 अगस्त (40 बी एस सी नर्सिंग तृतीय वर्ष के छात्र एवं प्राचार्य)।
- कॉलेज ऑफ नर्सिंग, क्रिश्चयन मेडिकल कॉलेज, इडा स्कूडर रोड, वेल्लूर 4 सितंबर (28, एम एस सी नर्सिंग द्वितीय वर्ष के छात्र एवं प्राचार्य)।
- एस पी डी एस कॉलेज ऑफ नर्सिंग, खाण्डवा रोड, इंदौर, 11 अक्टूबर (17, बी एस सी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र एवं प्राचार्य)।
- मदर टेरेसा पी जी एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसिस, पांडेचेरी, 15 नवंबर (37, एम एस सी नर्सिंग के छात्र एवं प्राचार्य)।

7. नर्सिंग महाविद्यालय

प्राचार्या

मंजू वत्स

व्याख्याता

मीना अग्रवाल	संध्या गुप्ता	रेशेल एंड्रूज
आशिया कुरैशी	दीपिका सी. खाखा	कमलेश शर्मा
शशि मवार	पूनम जोशी	एल. गोपीचंद्रन

वरिष्ठ नर्सिंग व्याख्याता

गीता राज़दान

नर्सिंग व्याख्याता

किरण सिंह सिमक	गायत्री बत्रा	पूनम जोशी
सुचेता	शशि मवार	बबिता साहू
फिलोमिना थॉमस	मीना अरा	सीमा सचदेव
उज्जवल दहिया	अनुभा डी.	अदिति सिन्हा
नीलिमा	नेमखोलम	हंसाराम

उपलब्धियां

इस वर्ष 59 बी एस सी (ऑनर्स) नर्सिंग, 22 बी एस सी नर्सिंग (पी सी) तथा 19 एम एस सी नर्सिंग विद्यार्थियों ने कॉलेज से स्नातक उपाधि प्राप्त की। कॉलेज द्वारा 12 कार्यशालाएं / सम्मेलन आयोजित किए गए एवं 750 नर्सों को प्रशिक्षित किया गया।

शिक्षा

स्नातकपूर्व

- बी. एससी (ऑनर्स) नर्सिंग : चार वर्षीय पाठ्यक्रम में 59 विद्यार्थियों ने स्नातक उपाधि प्राप्त की।
- बी.एससी नर्सिंग (पोसट सर्टिफिकेट) : दो वर्षीय पाठ्यक्रम 22 विद्यार्थियों ने स्नातक उपाधि प्राप्त की।

स्नातकोत्तर

- एम. एससी नर्सिंग : एम. एससी नर्सिंग के दो वर्षीय पाठ्यक्रम में 19 विद्यार्थियों ने स्नातक उपाधि प्राप्त की, जबकि इस वर्ष आयोजित निम्नलिखित कार्यक्रमों में 24 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया :
  क) बाल चिकित्सा नर्सिंग
  ख) मनोरोग चिकित्सा नर्सिंग
  ग) हृदय रोग विज्ञान / सीटीवीएस नर्सिंग
  घ) तंत्रिका विज्ञान नर्सिंग
- नर्सिंग महाविद्यालय द्वारा भारत के विभिन्न शिक्षा संस्थानों के 5 सदस्यों के अतिथि दल को तथा विदेशों (आयरलैण्ड एवं स्वीडन) के 2 समूह के अतिथियों हेतु अभिमुखीकरण / सार सत्र का आयोजन किया गया।
- कॉलेज के संकाय सदस्यों ने 20 से अधिक कार्यशालाओं / सम्मेलनों में हिस्सा लिया तथा वर्ष के दौरान आयोजित क्रमिक नर्सिंग / आयुर्विज्ञान शिक्षा कार्यक्रम एवं कार्यशालाओं में व्याख्यान प्रस्तुत किए।
- भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों में संकाय – सदस्यों को परीक्षक के तौर पर नियुक्त किया गया।

क्रमिक नर्सिंग शिक्षा (क्र. न. शि.)

नर्सिंग महाविद्यालय द्वारा क्रमिक नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में निम्नलिखित अल्पकालिक पाठ्यक्रम / संगोष्ठी / कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

1. 21–23 फरवरी 2013 को मातृत्व देखरेख विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान की 28 परिचर्याओं ने भाग लिया। श्रीमती कमलेश शर्मा, व्याख्यात तथा सुश्री पूनम जोशी अनुदेशक इस आयोजन की सह संचालक थी।
2. 6–8 मार्च 2013 को सीटीवीएस नर्सिंग विषय पर अद्यतन नर्सिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान की 33 नर्सों ने हिस्सा लिया, श्रीमती रेशेल एंड्रूज़ इस आयोजन की सह संचालक थी।
3. 25–27 फरवरी 2013 को नर्सिंग में प्रभावी मानव संबंध एवं संप्रेषण योग्यता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान की 24 नर्सों ने हिस्सा लिया; सुश्री आशिया कुरैशी व्याख्याता एवं सुश्री उज्जवल दहिया सहसंचालक थी।
4. नर्सिंग सेवाओं में व्यवस्थापन : लीडिंग लेडीज़ फोर्स विषय पर 11–13 फरवरी 2013 को कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान की 26 नर्सों ने हिस्सा लिया। सुश्री शशि मवार, व्याख्याता एवं सह संचालक थी।
5. दिनांक 26 अक्तूबर 2012 को स्वास्थ्य उपचार में मानवीय अधिकार एवं एथिक्स विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नर्सिंग कॉलेज के वार्षिक दिवस पर संस्थान की 300 से अधिक नर्सों, विद्यार्थियों तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया। सुश्री दीपिका खाखा, व्याख्याता ने कार्यक्रम का संचालन किया।
6. 13–15 मार्च 2013 को साइकेट्रिक इमरजेंसी विषय पर नर्सिंग अपडेट संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, संस्थान की 29 नर्सों ने कार्यशाला में हिस्सा लिया। सुश्री दीपिका खाखा, व्याख्याता एवं सह संचालक थी।
7. दिनांक 20–22 मार्च 2013 को तंत्रिका विज्ञान अद्यतन उपचार पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान की 31 नर्सें उपस्थित थी। सुश्री मीना अग्रवाल इस कार्यक्रम की व्याख्याता एवं सह संचालक थी।

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन

1. इण्डियन एसोसिएशन ऑफ नियोनेटल नर्सिस का चौथा वार्षिक सम्मेलन भारती विद्यापीठ विश्वविद्यालय, पुणे में आयोजित किया गया। संपूर्ण भारत वर्ष से 200 से अधिक नर्सों ने इस सम्मेलन में हिस्सा लिया। डॉ. मंजू वत्स, प्राचार्या ने इस कार्यशाला का सह संचालन किया।
2. पुणे में इण्डियन एसोसिएशन ऑफ नियोनेटल नर्सिस के चतुर्थ वार्षिक सम्मेलन के पार्ट के तौर पर एविडेंस बेस्ड नार्सिंग प्रैक्टिस संबंधी कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें 40 से अधिक नर्सों ने हिस्सा लिया, डॉ. मंजु वत्स, प्राचार्या कार्यशाला की सह संचालक थी।
3. 15 दिसंबर 2012 को दिल्ली में नेशनल नियोनेटोलॉजी के 32वें वार्षिक सम्मेलन के एक पार्ट के नियोनेटल रिसेसिटेशन प्रोग्राम संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 60 से अधिक परिचर्चाओं ने हिस्सा लिया। डॉ. मंजु वत्स, प्राचार्य इस कार्यक्रम की सह संचालक थी।
4. 19–20 दिसंबर 2012 को गुड़गांव में सोसाइटी ऑफ इण्डिया न्यूरोसाइसं नर्सिंग ऑन एविडेंस बेस्ड प्रैक्टिसिस इन न्यूरोसाइंस नर्सिंग के वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सुश्री एम. अग्रवाल इसकी सह संचालक थी।
5. पुणे में इण्डियन एसोसिएशन ऑफ नियोनेटल नर्सिस के चौथे वार्षिक सम्मेलन के पार्ट के तौर पर सी पी ए पी कार्यशाला का आयोजन किया गया। 40 से अधिक नर्सों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। सुश्री पूनम जोशी इस कार्यशाला की व्याख्याता एवं सहसंचालक थी।

प्रदत्त व्याख्यान

मंजू वत्स : 15	**आशिया कुरैशी : 1**	**दीपिका सी. खाखा : 19**	**कमलेश शर्मा : 8**
शशि मवार : 2	**पूनम जोशी : 2**	**एल. गोपीचंद्रन 3**	**फिलोमिना थॉमस 4**
उज्जवल दहिया : 2			

अनुसंधान

वित्तपोषित अनुदान

1. भारत में नवजात शिशुओं में जोखिम तथा रोगावस्था उपचार में नर्सों की शिक्षा हेतु अवरोधों एवं सुविधाओं की पहचान। मंजू वत्स। इंडो शास्त्री ग्रांट, कनाडा एवं सीरो द्वारा वित्तपोषित।

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. भारत में चुने हुए अस्पतालों से प्राप्त डिलीवरी आंकड़ों के आधार पर आवधिक प्रसूतियों की पहचान हेतु अध्ययन।
2. स्तनपान अभ्यास सुधार हेतु लाभकारी एंटीनेटल ब्रेस्ट फीडिंग एजुकेशन? प्रीमिग्रेवाइड पर एक संचालित अध्ययन।
3. भारत केस अध्ययन हेतु उच्च प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों का माइग्रेशन – कनाडियन अनुसंधान संस्थान ओटावा विश्वविद्यालय परियोजना।

प्रकाशन

पत्रिकाएं : 11 पुस्तकें : 1

रोगी उपचार

1. विभागीय संकाय एवं विद्यार्थियों द्वारा संस्थान के समस्त विभागों की रोगी उपचार संबंधी बाहरी एवं आंतरिक गतिविधियों में हिस्सा लिया गया।
2. संकायवर्ग एवं विद्यार्थियों द्वारा निम्न आयोजन किए गए :–
   क) दक्षिण दिल्ली के 6 केंद्रों में पल्स पोलियो कार्यक्रम के चार चक्रीय कार्यक्रम में हिस्सा लिया, इस कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली सरकार के एन सी टी विभाग द्वारा किया गया। सुश्री शशि मवार इस कार्यक्रम की सह संचालक तथा पर्यवेक्षक थी।
   ख) विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों जैसे उच्चरक्तदाब इम्यूनाइजेशन, नवजात उपचार पी एन सी देखरेख इत्यादि पर संस्थान के ओ. पी. डी. तथा 80 से ज्यादा शहरी स्लम क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 85 स्वास्थ्य शिक्षा सत्रों का आयोजन किया गया।
   ग) विभागीय विद्यार्थियों द्वारा अंबेडकर नगर समुदाय क्षेत्र के विभिन्न ब्लॉक में 9 सर्वे संचालित किए गए जिसके अंतर्गत अपने स्वास्थ्य एवं सामाजिक आवश्यकताओं की पहचान हेतु जानकारी दी गई तथा नुक्कड़ नाटकों एवं प्रदर्शनियों के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। इस कार्यक्रम की सह संचालक एवं पर्यवेक्षक सुश्री एस मवार थी।
   घ) स्वास्थ्य दिवस सहित : विश्व स्वास्थ्य दिवस, विश्व मलेरिया दिवस, विश्व किडनी दिवस, विश्व तपेदिक दिवस, विश्व अस्थमा दिवस, स्तनपान सप्ताह, राष्ट्रीय पोषकता सप्ताह, विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस, मोटापा दिवस, विश्व मधुमेह दिवस, विश्व सी ओ पी डी दिवस, विश्व एड्स दिवस तथा विश्व रोग सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। संबंधित विषयों पर 12 प्रदर्शनियां एवं नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए। सुश्री एस. मवार इसकी सह संचालक तथा पर्यवेक्षक थी।

पुरस्कार, सम्मान एवं उल्लेखनीय घटनाएं

डॉ. मंजु वत्स को नर्सिंग में पी. एच. डी., एम. एम. विश्वविद्यालय, अंबाला की अध्ययन समिति का सदस्य मनोनीत किया गया; नर्सिंग में यू जी एवं पी जी बोर्ड, पी जी आई एम एस रोहतक, बी एच यू वाराणसी, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, उ. प्र. का सदस्य नामित किया गया; नेशनल एडिटोरियल एडवाइज़री बोर्ड, प्रिज़्मस नर्सिंग प्रैक्टिस – जनरल ऑफ क्लिनिकल नर्सिंग (पूर्व में जरनल ऑफ नर्सिंग के नाम से प्रसिद्ध) (2005 से प्रारंभ) की सदस्य; इंटरनेशनल जरनल ऑफ नर्सिंग एजुकेशन; इंटरनेशनल एडवाइज़री बोर्ड, जरनल ऑफ नियोनेटल नर्सिंग की नामित सदस्य चुना गया; 8 मार्च 2013 को आकाशवाणी से प्रसारित कार्यक्रम 'हमारी आवाज़' में साक्षात्कार; मुख्य अतिथि वेलिडिक्टरी फंक्शन ऑफ नेशनल कांफ्रेंस ऑफ नर्सिस लीग ऑफ क्रिश्चियन मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया; इलेक्टिड सेकेंड टाइम प्रेसिडेंट ऑफ इण्डियन एसोसिएशन ऑफ नियोनेटल नर्सिस; एन आई एच – यू एस एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय; जनरल बॉडी, एक्ज़िक्यूटिव एण्ड नर्सिंग एजुकेशन कमिटी मेम्बर ऑफ इण्डियन नर्सिंग कौंसिल; कोर ग्रुप मेंबर ऑफ आई एन सी पी एच डी कंसोर्टियम; पीयर टीम मेंबर हिंदूजा हॉस्पिटल, कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मुंबई फॉर एन ए ए सी (नेशनल असेसमेंट एण्ड एक्रिडिएशन कौंसिल ऑफ यू जी सी); मेंबर वर्किंग गुप ऑन स्ट्रैन्थिंग हेल्थ सिस्टम एण्ड सर्विसिस – यू एस – इण्डिया हेल्थ इनिशिएटिव, एम ओ एच एफ डब्ल्यू; मेंबर कुरिकुलम कमेटी फॉर यू पी एस सी नई दिल्ली, निमहेंस बैंगलौर, आई जी आई एम एस पटना, हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी, आई एल बी एस (इंस्टीट्यूट ऑफ लीवर एण्ड बाइलरी साइंसिस – नई दिल्ली), बी एम एच आर सी (भोपाल मेमोरियल हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर) बी पी के आई एच एस धरण नेपाल की परीक्षक, आई सी एम आर दिल्ली द्वारा आमंत्रित कंसल्टेशन ऑन सेंटर इशू एण्ड इट्स रिलेशन विद् हेल्थकेयर, एम्स की विभिन्न समितियों में सहभागिता – कार्यस्थल पर यौन शोषण की रोकथाम एथिक्स – उप समिति, स्टाफ कौंसिल, दीक्षांत समारोह, संस्थान दिवस, चयन समिति इत्यादि, हिन्दी अनुभाग द्वारा संस्थान में हिंदी पखवाड़े के

आयोजन के दौरान हिंदी निबंध प्रतियोगिता हेतु निर्णायक के तौर पर आमंत्रित एम्स ओनियस की नामित कार्यकारी सदस्य; एम ओ एच एफ डब्ल्यू के विशेषज्ञ के तौर पर कार्यरत, ट्रेन्ड नर्सिस एसोसिएशन ऑफ इण्डिया, नेशनल मेडिकल लाइब्रेरी, पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इण्डिया, दिल्ली नर्सिंग कौंसिल एण्ड नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम फॉर वेरियस कमेटी एण्ड मीटिंग्स।

मंजु वत्स एवं कमलेश शर्मा को लेख प्रस्तुतीकरण हेतु प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया – सितारा एस, शर्मा के. के., सक्सेना एम; वत्स मुंज ''स्तनपान संबंधी समस्याएं, एपिडिमियोलॉजी एण्ड इट्स इम्पैक्ट ऑन एक्सक्लूसिव ब्रेस्ट फीडिंग रेट एट सिक्स मंथस'' आई ए एन एन का पुणे में फरवरी 2013 में चौथा वार्षिक सम्मेलन।

एम. अग्रवाल ने उत्कृष्ट लेख हेतु पुरस्कार जीता; मंजु धंधापानी मीना अग्रवाल, ए के महापात्रा एण्ड अल्का चुटानी फॉर ए स्टडी टू असेस द न्यूट्रिशनल स्टेट्स इन पेशेंट्स ऑफ सीवियर हेड इंजरी ''ड्यूरिंग द नेशनल' एन्युल लीफ ऑफ द सोसाइटी ऑफ इण्डियन न्यूरोसाइंस नर्सिस, गुड़गांव, दिसंबर 2012; इश्तहार प्रस्तुति हेतु तीसरा पुरस्कार : बिजू एस; एम. अग्रवाल एवं गुरुदत्त सत्यारा, कंपेरिज़न ऑफ कंटीन्यूस वर्जन इंटरमिट नेसोगेस्ट्रिक ट्यूब फीडिंग इन हेड इंजरी पेशेंट्स एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण। इंडो न्यूरोसाइंस नर्सिंग सोसाइटी का राष्ट्रीय सम्मेलन, दिसंबर 2012, गुड़गांव।

दिसंबर 2012 में रिम्स, इंफाल में नर्सिंग महाविद्यालय के चौथे स्थापना दिवस के दौरान ए. कुरैशी को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया तथा एविडेंस बेस्ड नर्सिंग प्रैक्टिस पर व्याख्यान दिया; 29 मई 2012 को रिम्स, इंफाल में चयन समिति की बैठक हेतु आमंत्रित किया गया।

दीपिका खाखा पी जी आई एम ई आर चण्डीगढ़ के जामिया हमदर्द की परीक्षक, बाबा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस, एम्स की परीक्षक पी; बी. पी. कोइराला इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसिस की एम एस सी थीसिस हेतु एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा एवं एडजुडीकेटर की सुपरवाइजर रही; टेक्नोलॉजिस दैट इन्हेन्स्ड् नर्सिंग केयर डिलीवरी पर अघोषित दो सत्रों का सभापतित्व किया; एम्स के जे पी एन ए टी सी में सितंबर 2012 में आयोजित कोस्ट इफेक्टिव यूज ऑफ टेक्नोलॉजी इन इमरजेंसी हेल्थकेयर पर द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया, नवंबर 2012 में न्यूरोपेडिकॉन पर मुक्त लेख प्रस्तुतीकरण हेतु अध्यक्षता की; सितंबर 2012 में इण्डियन न्यूरोसाइंस नर्सिस सोसाइटी के 53वें वार्षिक सम्मेलन तथा न्यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इण्डिया के 61वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन के दो सत्रों की अध्यक्षता की; बाबा फरीद विश्वविद्यालय, नर्सिंग पत्रकारिता की समीक्षक रही; जी एफ ए टी एम, दिल्ली विश्वविद्यालय की एच आई वी काउंसलर हेतु काउंसलिंग सुपरवाइजर के तौर पर 3 दौरों का संचालन किया।

कमलेश शर्मा को जम्मू में अक्तूबर 2012 में नर्सिंग स्कूल के निरीक्षण हेतु इण्डियन नर्सिंग कौंसिल (आई एन सी) का तदर्थ निरीक्षक नियुक्त किया गया। उन्होंने इण्डियन नर्सिंग कौंसिल ए एन एम एस कुरिकुलम के रिवाइजिंग हेतु योगदान दिया; वह गुजरात विश्वविद्यालय की परीक्षक रही; तथा नाइन पी जी आई एम ई आर चण्डीगढ़, रुफैदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी, फ्लोरेंस नाइटिंगेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर एवं बाबा फरीद यूनिवर्सिटी, ऑफ हेल्थ साइंस की भी परीक्षक रही; नवंबर 2012 में एम्स में इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रामा एण्ड एक्यूट केयर (आई ए टी ए सी) की सी एम ई लाइव कार्यशाला एवं पांचवें सम्मेलन के तहत एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ''वुंड मैनेजमेंट'' ट्रॉमा 2012 की अध्यक्षता की; 'ह्यमैन मिल्क इन एन आई सी यू एण्ड नियोनेटल मोराबिडिटिज : एविडेंस मैकेनिज्म एण्ड बेस्ट प्रैक्टिस, इम्पावरिंग नर्सिस टू हेंडल डिफीकल्ट पेरेंटल सिचुएशंस, डेवलपमेंट सर्पोटिव केयर पर आयोजित सत्र की अध्यक्षता की फरवरी 2013 में पुणे में इण्डियन एसोसिएशन ऑफ नियोनेटल नर्सिस (आई ए एन एन) के चौथे वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लिया।

एस. मवार ने अक्तूबर 2012 में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एण्ड फैमिली वेलफेयर के क्षेत्र में अस्पताल प्रशासन में एक वर्षीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम पूर्ण किया। अक्तूबर 2012 में माऊंट आबू एवं कार्सिकोजेनेसिस 2012, नई दिल्ली में डब्ल्यू सी सी पी आई के सत्र की अध्यक्षता की। वह 2012 में टेलीमेडिसिन फॉर वेन अफ्रीका परियोजना के रिसोर्स पर्सन रहे।

पूनम जोशी एम्स तथा यूनिसेफ द्वारा संचालित डेवलपमेंट ऑफ नियोनेटल हेल्थकेयर सर्विसिस डिलीवरी मॉडल फॉर कलर इण्डिया हेतु संचालित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पर आथारिटी राष्ट्रीय परियोजना की रिसोर्स पर्सन थी। वह जामिया हमदर्द, हमदर्द यूनिवर्सिटी एम्स एवं आई पी यूनिवर्सिटी की परीक्षक रही; उन्होंने चयनित टर्शरी लेवल केयर हॉस्पीटल के नियोनेटल इंटेसिव केयर में नवजातों के बीच नियोनेटल सेप्सिस, बैक्टीरियल आइसोलेट्स एवं एंटीबायोटिक ससेप्टिबेलिटी पैटर्नस पर तीन पोस्टर प्रस्तुत किए। द

प्रिवलैंस प्रोबेवल कॉसिस ऑफ स्ट्रैस, सिम्प्ट्म्स एसोसिएटिड एण्ड केपिंग स्ट्रैटिजिस अमंग नर्सिस वर्किंग इन वेरियस पीडिएट्रिक एण्ड नियोनेटल केयर यूनिटस एन एक्पलोरेटरी सर्वे, कांप्लीमेंटरी फीडिंग प्रैक्टिसिस अमंग चिल्ड्रन बिटविन 6 मंथ टू; दिसंबर 2012 में एक राष्ट्रीय नवजातशिशु रोग विज्ञान फोरम सम्मेलन में भाग लिया।

उज्जवल दहिया 24 – 26 सितंबर 2012 में आई एल पी एस, नई दिल्ली में प्रत्यारोपण सहयोग हेतु अंगदान प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में सम्मिलित थे।

8. अनुसंधान अनुभाग

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को प्रदत्त शासनादेश के अनुसार, अनुसंधान को एक महत्वपूर्ण घटक माना गया है। संस्थान, आधारभूत एवं अनुप्रयुक्त स्वास्थ्य विज्ञान दोनों क्षेत्राों में उच्च – गुणवत्ता अनुसंधान संचालन में सबसे अग्रणी है। समीक्ष्य वर्ष के दौरान संस्थान के संकाय वर्ग द्वारा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं के लिए बाह्य अनुदान के तौर पर लगभग 69 करोड़ रुपए तथा संस्थान द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं हेतु 1.31 करोड़ रुपये प्राप्त किया गया। वर्तमान में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में 508 बाह्य तथा 51 आंतरिक वित्तपोषित परियोजनाएं चलाई जा रही है।

यह अनुभाग संस्थान में सभी बाह्य अनुसंधान सहित प्रशासन कार्य का संचालन करता है। निदेशक महोदय द्वारा गठित अनुसंधान सलाहकार परिषद् निम्नानुसार हैं :–

अनुसंधान सलाहकार परिषद (मूलभूत चिकित्सा / संबद्ध विज्ञान)

1.	आचार्य आर. सी. डेका, निदेशक, एम्स	अध्यक्ष
2.	आचार्य कृष्णा एन. गणेश, निदेशक भारतीय विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, पुणे	सदस्य
3.	डॉ. सैयद हसनैन, सम्मानित आचार्य, जैव विज्ञान, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली	सदस्य
4.	आचार्य एन.आर. जगन्नाथ, प्रमुख, एन एम आर सुविधा, एम्स	सदस्य
5.	आचार्य एस.पी. थिगाराजन, पी–एच.डी., निदेशक और मुख्य सलाहकार, श्री रामचंद्रन यूनिवर्सिटी, पोरुर, चैन्नई	सदस्य
6.	आचार्य बलराम भार्गव, हश्द/जैव संकल्पना, एम्स	सदस्य
7.	आचार्य आनंद मोहन, पी–एच. डी., आचार्य, इलेक्ट्रोनिक तकनीकी संस्थान, बीएचयू, वाराणसी	सदस्य
8.	आचार्य मधु खुल्लर, प्रायोगिक कायचिकित्सा विभाग, पी जी आई एम ई आर, चण्डीगढ़	सदस्य
9.	आचार्य ए. बी. डे, संकायाध्यक्ष (अनुसंधान), एम्स	सदस्य–सचिव

अनुसंधान सलाहकार परिषद (क्लिनिकल)

1.	आचार्य, आर. सी. डेका, निदेशक, एम्स	अध्यक्ष
2.	आचार्य टी. एम. महापात्राा, भूतपूर्व निदेशक, आई एम एस–बी एच यू, वाराणसी	सदस्य
3.	आचार्य पी. सतीश चंद्रा, निदेशक, एनआईएमएचएएनएस, बैंगलोर	सदस्य

4.	आचार्य, एन.के. मेहरा, आचार्य एवं अध्यक्ष, टी.आई.आई., एम्स	सदस्य
5.	आचार्य एस. के. पांडा, विभागाध्यक्ष, विकृति विज्ञान, एम्स	सदस्य
6.	आचार्य, नरेंद्र के. अरोड़ा, कार्यकारी निदेशक, इनक्लेन ट्रस्ट इण्डिया, नई दिल्ली	सदस्य
7.	आचार्य, के.एम. श्याम प्रसाद, कुलपति, मार्टिन एल. क्रिश्चियन विश्वविद्यालय, शिलांग, मेघालय	सदस्य
8.	आचार्य नीरज के. सेठ, अध्यक्ष (योजना एवं मूल्यांकन), राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (एन आई एच एफ डब्ल्यू), नई दिल्ली	सदस्य
9.	डॉ. आर. गोस्वामी, अपर आचार्य, अंतःस्राविकी एवं चयापचय, उप संकायाध्यक्ष (अनुसंधान)	सदस्य
10.	आचार्य, ए. बी. डे, संकायाध्यक्ष (अनुसंधान)	सदस्य–सचिव

9.1 संवेदनाहरण विज्ञान

आचार्य एवं अध्यक्ष

चन्द्रलेखा

आचार्य

महेश के. अरोड़ा	दिलीप के. पवार	रविन्द्र कुमार बत्रा
राजेश्वरी सुब्रह्मण्यम	अंजन त्रिखा	माया देहरान
लोकेश कश्यप	दिलीप शिन्दे (रा.प्र. केन्द्र)	गंगा प्रसाद

अपर आचार्य

वीरेन्द्र के. मोहन	विमी रिवाड़ी	वनलालंघका दारलोंग

सह–आचार्य

रेणू सिन्हा (रा.प्र. केन्द्र)	ज्योत्सना पुंज	रश्मि रामचन्द्रन
रविन्द्र पांडे	अंजोलि छाबड़ा	
रेणू सिन्हा (रा.प्र. केन्द्र)	ज्योत्सना पुंज	रश्मि रामचन्द्रन
रविन्द्र पांडे	अंजोलि छाबड़ा	

सहायक आचार्य

अमर पाल भल्ला

दालिम वैद्य (दंत चिकित्सा)	देवलीना गोस्वामी (दंत चिकित्सा)

विशिष्टताएं

विभाग द्वारा स्नातकोत्तर छात्रों हेतु प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक हाई फिडेलिटी ह्यूमैन पेशेंट सिमुलेशन की स्थापना की गई। विभाग द्वारा इस सिस्टम का प्रयोग करके चार कार्यशालाओं का आयोजन तथा संचालन किया गया। विभाग द्वारा विभिन्न विशिष्ट क्षेत्रों जैसे बालचिकित्सा, संवेदनाहरण, गहन चिकित्सा तथा पेन क्लीनिक में अल्प अवधि एवं दीर्घ अवधि प्रशिक्षण दिया। विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 5वां सार्क क्रिटिकल केयर कांग्रेस (एस सी सी सी) तथा संवेदनाहरण विज्ञान में वर्तमान आधुनिकताओं पर दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आई एन सी आर ए ए) का आयोजन किया गया। पहली बार वर्ष 2012–13 के श्रेष्ठ प्रस्तुतिकरण तथा श्रेष्ठ नैदानिक बैठक हेतु विभाग को वर्ष 1987 में आई एस ए दिल्ली को दान की गई बक्शी मेमोरियल रोलिंग ट्रॉफी पुरस्कृत की गई।

शिक्षा

विभागीय संकाय स्नातकपूर्व, स्नातकोत्तर तथा नर्सिंग छात्रों (बी एस सी एवं एम एस सी) के शिक्षण तथा प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से सम्मिलिति रहे। स्नातकोत्तर हेतु विभागीय शिक्षण कार्यक्रम सप्ताह के चार दिन संचालित किया गया तथा उसने सेमिनार, केस प्रस्तुती, जरनल क्लब्स तथा ट्यूटोरियल्स सम्मिलित है।

विभाग द्वारा हाई फिडेलिटी पेशेंट सिमुलेशन सिस्टम पर नियमित स्नातकोत्तर प्रशिक्षण किया गया है तथा प्रति वर्ष 18–20 सत्रों का संचालन किया जा रहा है। सभी प्रथम सत्र स्नातकोत्तर को आधारभूत दक्षताओं जैसे इट्रावेनस केनुलेशन, लम्बर पंक्चर, एपिड्यूरल पंक्चर, सेन्ट्रल वेनस केनुलेशन तथा इंडोट्रेकियल इंट्यूबेशन प्राप्त करने हेतु मेनीकिन्स पर प्रशिक्षण दिया गया।

अल्प एवं दीर्घ अवधि प्रशिक्षण

- दीर्घ अवधि प्रशिक्षु : एक (आर्मी)
- अल्प अवधि प्रशिक्षु : तीन (आर्मी, जे एल एन अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र, भिलाई, हिन्दुराव अस्पताल, दिल्ली)
- पर्यवेक्षक : दो (अफगानिस्तान)
- डी एम प्रशिक्षु : एक (बाल तंत्रिका विज्ञान)
- डी एम प्रशिक्षु : तीन (विकिरणनिदान 2, आपात चिकित्सा)

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

विभाग द्वारा 5वें सारक क्रिटिकल केयर कांग्रेस (एस सी सी सी) तथा संवेदनाहरण विज्ञान में वर्तमान आधुनिकताओं पर दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आई एन सी आर ए ए), 5–7 अक्तूबर, 2012 को आयोजित किया गया तथा 500 राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वैज्ञानिक कार्यक्रम में विख्यात राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय संकाय द्वारा 32 व्याख्यान दिए गए। सम्मेलन में विभिन्न देशों जैये यू.के., आयरलैंड, कनाडा, यू एस ए, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, ईरान, सऊदी अरेबिया तथा सार्क देश (पाकिस्तान, नेपाल, मालद्वीव, अफगानिस्तान तथा बंग्लादेश) के 58 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यशालाएं

विभाग द्वारा एम्स, नई दिल्ली में 'हाई फिडलिटी ह्यूमैन पेशेंट सिमुलेशन सिस्टम' पर चार कार्यशालाएं दिनांक 29 सितम्बर 2012, 30 सितम्बर 2012, 5 अक्तूबर 2012 तथा 27 नवम्बर 2012 को संचालित की गईं। दिल्ली तथा दिल्ली के बाहर के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने इन कार्याशलाओं में भाग लिया तथा प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र दिया गया। 5 अक्तूबर 2012 की कार्यशाला आस्ट्रेलिया तथा जर्मनी के तीन अंतर्राष्ट्रीय संकायों द्वारा सह–संचालित थी।

विभाग/विभहागीय संकायों द्वारा संचालित अन्य कार्याशालाओं सहित

1. अपने नैदानिक अभ्यास को सुरक्षित बनाने के लिए अनियमित बाल संवेदनाहरण विज्ञानीयों हेतु कार्यशाला, के.के. वुमैन्स एंड चिल्ड्रन्स हॉस्पीटल, सिंगापुर, 18 अगस्त 2012.
2. बाल संवेदनाहरण पर कार्यशाला एवं लाइव प्रदर्शन, ढाका मेडिकल कॉलेज, ढाका, बंग्लादेश, 22–24 फरवरी 2013.
डॉ. दीपक अग्रवाल को 3 वर्ष की अवधि के लिए 2013 – 16 तक 'टाटा इनोवेशन फेलोशिप' से सम्मानित किया गया, 22.5 लाख रुपए, सह लेखन अध्ययन के लिए सर्वोत्तम शोध पत्र पुरस्कार प्राप्त, जिसका शीर्षक है 'थिको पेरिटोनियल शंट फॉर पोस्ट ट्रॉमेटिक हाइड्रोसिफेलस – ए वेल्युएबल एडजंक्ट? यह कोच्चि के एनटीएसआई वार्षिक सम्मेलन में 17 – 19 अगस्त 2012 को प्रस्तुत किया गया, मौखिक श्रेणी में सर्वोत्तम शोध पत्र का पुरस्कार अध्ययन 'द इफैक्टिवनेस ऑफ ब्लड बैग बार कोड मैचिंग बाए नर्स इन रिड्यूसिंग पोस्ट ट्रांसफ्यूजन रेलेटिड एरर्स' वार्षिक डी एन कॉन सम्मेलन, नई दिल्ली, 16 – 17 फरवरी 2013, सह लेखन अध्ययन के लिए पोस्टर श्रेणी में सर्वोत्तम शोध पत्र पुरस्कार 'इंसिडेंस ऑफ इयर इंजुरी इन हैड एण्ड स्पाइनल इंजुरी पेशेंट्स' वार्षिक डी एन ए कॉन सम्मेलन, नई दिल्ली, 16 – 17 फरवरी 2013, मौखिक श्रेणी में सर्वोत्तम पोस्टर श्रेणी में अध्ययन 'द इफैक्टिवनेस ऑफ ब्लड बैग बार कोड मैचिंग बाए नर्स इन रिड्यूसिंग पोस्ट ट्रांसफ्यूजन रेलेटिड एरर्स' को पुरस्कार दिया गया, सह लेखन अध्ययन के लिए 'डिफरेंशिएटिंग बिटवीन प्लूरल एफ्यूजन एण्ड लंग कंसोलिडेशन यूजिंग बैडसाइड अल्ट्रासाउंड वाय नर्स इन न्यूरोसर्जरी आईसीयू' वार्षिक डी एन कॉन सम्मेलन, नई दिल्ली, 16 – 17 फरवरी 2013.

डॉ. सचिन अनील बोरकर न्यूरोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया (एन एस आई) वेबसाइट के लिए वर्ष 2012 हेतु सहायक वेब मास्टर।

रोगी उपचार

विभाग में सामान्य न्यूरोसर्जरी वोर्ड के साथ दो यूनिट हैं और प्रत्येक यूनिट में 35 बिस्तर हैं। यहां 23 बिस्तरों के साथ दो आई सी यू हैं। अब सी एन टावर के सातवें तल पर चार चयनित आधुनिकतम ऑपरेशन कक्ष और ट्रॉमा सेंटर में दो विशिष्ट ऑपरेशन कक्ष है। 'ब्रेन स्यूट : ऑपरेशन के दौरान एम आर आई के साथ न्यूरोनेविगेशन हैं जिसे पहले तल पर लगाने की प्रक्रिया जारी है तथा

सी एन केंद्र में तीन और चयनित ऑपरेशन कक्ष उपलब्ध है। सभी विशेषज्ञताओं को शामिल करने के लिए न्यूरोसर्जरी हेतु विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाती है : वेस्कुलर सर्जरी, एपिलेप्सी सर्जरी, न्यूनतम भेदक क्रेनियल और स्पाइनल न्यूरो सर्जरी, बच्चों की न्यूरो सर्जरी, कार्यात्मक सर्जरी, ट्यूमर सर्जरी, स्कल बेस सर्जरी, और जटिल स्पाइन सर्जरी। सभी ऑपरेशन कक्षों में ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप, तेज गति के न्यूमेटिक ड्रिल, सी यू एस ए, सैल सेवर, न्यूरोनेविगेशन, न्यूरो एण्डोस्कोप, इलेक्ट्रॉफिजियो लॉजी और ई ई जी निगरानी की सुविधाएं हैं।

ओपीडी रोगी

नए	10470	पुराने	21545	**कुल**	**32015**

बाल चिकित्सा रोगी

नए	2600	पुराने	6312	**कुल**	**8912**

गामा नाइफ उपचार 398

वैकल्पिक शल्य चिकित्सा की संख्या 3366

ट्रॉमा केंद्र में शल्य चिकित्सा की संख्या 2470

शल्य चिकित्सा की कुल संख्या **5856**

11.1 बी. बी. दीक्षित पुस्तकालय

अध्यक्ष
चित्रा सरकार

मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष
एच. के. प्रसाद

समय एवं सदस्यता

पुस्तकालय रविवार एवं अवकाश के दिनों सहित सप्ताह में सभी दिन (चौबीस घंटे) दिनांक 01 अगस्त, 2003 से खुला रहता है। इसके 2507 नियमित सदस्य तथा लगभग 330 सदस्य प्रतिदिन पुस्तकालय में आते हैं।

सेवाएं

पुस्तकालय द्वारा प्रयोक्ताओं के लिए निम्नलिखित सेवाओं का विस्तार जारी है। इन सेवाओं को आधुनिक अद्यतन तथा सशक्त किया गया है।

1. **बुक एलर्ट सेवाएं** : यह एक मासिक सेवा है जिसमें एक विशेष माह में पुस्तकालय में जोड़ने हेतु नई पुस्तकों, मोनोग्राफ, और पेमफ्लेटों की मासिक सेवा सूची होती है।
2. **पेरियोडिकल अलर्ट सेवाएं** : इस सेवा में पिछले 15 दिनों के दौरान पुस्तकालय द्वारा प्राप्त की जाने वाली पत्रिकाओं की सूची होती है।
3. **इंटरलाइब्रेरी लोन सेवाएं** : प्रयोक्ताओं की मदद हेतु विभिन्न स्थानीय पुस्तकालयों के सेवाए चलाई जा रही है। जिसके अंतर्गत उन दस्तावेजों को लिया जाता है जोकि पुस्तकालय में उपलब्ध नहीं है।
4. **रिप्रोग्राफिक सेवाएं** : पाठकों की मांग पूर्ति हेतु पुस्तकालय में तीन मशीनें जैसे कि दो डब्ल्यूसी 5638 एवं एक डब्ल्यूसी 7242 जिरोक्स इंडिया लिमिटेड की कलर मशीने हैं। वर्ष के दौरान पाठकों के लिए एक सेवा के रूप में भुगतान आधार पर 21,297 पृष्ठों की फोटोकॉपी की गई।
5. **सी डी–रोम प्रिंटआउट सेवाएं** : वर्ष के दौरान पाठकों को भुगतान आधार पर लेखों तथा अन्य लाभदायक पाठ्य सामग्री वाले 4,148 प्रिंट आउट पृष्ठ उपलब्ध कराए गए।

पुस्तक बैंक

बुक बैंक की सेवाए स्नातकपूर्व तथा इंटर्न के लिए जारी है। इसकी सदस्यों की कुल संख्या 92 है। बुक बैंक में कुल 2,735 से अधिक पुस्तकें हैं जोकि छात्रों को दीर्घावधिक आधार पर जारी की जाती है।

ऑडियो विजुअल अनुभाग

पुस्तकालय में चार रंगीन टेलीविजन सेट तथा चार विडियो केसेट रिकॉर्डर हैं। पुस्तकालय में उपलब्ध विडियों केसेटों की संख्या 308 है। इस अनुभाग में चार ऑडियो कैसेट प्लेबैक डेस्क तथा 109 ऑडियो कैसेट है।

सी–डी आधारित सेवाएं

पुस्तकालय में विभिन्न डिजीटल पुस्तकें / पत्रिकाओं का कुल 1066 सीडी रोम संग्रह है। इसे पुस्तकालय के अंदर पाठकों द्वारा उपयोग किया जा सकता है। विभिन्न विश्वकोश एवं शब्दकोश भी सी–डी रोम पर प्राप्त किए जा सकते है।

पुस्तकालय ऑटोमेशन

पुस्तकालय में 16 टर्मिनलों वाला, 10 लेजर प्रिंटर तथा एक नेटवर्क लेजर प्रिंटर सहित केंद्रीकृत सर्वर है। विभिन्न पुस्तकालय व्यवस्था प्रक्रियाओं (जैसे अधिग्रहण, सूचीकरण अनुक्रम नियंत्रण) को स्वचालित किया गया है। पुस्तकालय में एल. एस. प्रीमिया नामक व्यावसायिक रूप से उपलब्ध सॉफ्टवेयर पैकेज का उपयोग किया जा रहा है।

कंप्यूटरीकृत शोध सर्च

पुस्तकालय में अब तक प्राप्त 6,166 शोध प्रबंधों को एक कंप्यूटर सर्च द्वारा ढूंढा जा सकता है। प्रत्येक शोध प्रबंधन के बारे में सूचना जैसे लेखक, शीर्षक, विभाग, गाइड का नाम, सह–गाइड तथा अन्य ग्रंथसूची विवरण कंप्यूटर पर उपलब्ध है।

प्रिंट एवं ऑनलाइन पत्रिकाएं

पुस्तकालय में स्वास्थ्य विज्ञान के विभिन्न क्षेत्र में 788 पत्रिकाएं; 436 पत्रिकाएं ऑनलाइन के साथ उनका प्रिंट वर्जन, 125 पत्रिकाएं केवल ऑनलाइन वर्जन; तथा केवल राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र (एनडीडीटीसी) गाजियाबाद के लिए विशेष रूप से 22 प्रिंट वर्जन पत्रिकाएं प्राप्त की गई। संस्थान के इंटरनेट / वाई फाई सुविधा द्वारा संस्थान के कैम्पस एरिया को ऑनलाइन वर्जन से आसानी से उपलब्ध किया जा सकता है।

ऑन लाइन एक्सेस केटालॉग (ओपेक)

लगभग सभी विवरणों को कंप्यूटर द्वारा ढूंढा जा सकता है : पुस्तकालय में ओपेक द्वारा 6166 शोध प्रबंधों को अब तक ढूंढा जा सकता है। ढूंढने योग्य डेटाबेस (ओपेक के द्वारा) में विडियो कैसेट्स ऑडियो कैसेट्स तथा कॉम्पैक्ट डिस्क सम्मिलित है। पुस्तकालय में प्रवेश द्वार के पास लॉबी में छः ऑन लाइन पब्लिक एक्सेस टर्मिनल स्थापित किए गए हैं जहां पर प्रयोक्ता ग्रंथ सूची – डेटाबेस ढूंढ सकते हैं तथा विशेष सूचना को ऑन लाइन के द्वारा प्राप्त कर सकते हैं। पत्रिकाओं के बारे में सूचना तथा हाल ही में प्राप्त संस्करणों की सूचना भी वेब – ओपेक के द्वारा प्राप्त की जा सकती है।

इंटरनेट

पुस्तकालय में सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 10.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक तथा शनिवार को प्रातः 10.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। पुस्तकालय में प्रयोक्ताओं के लिए 18 नोड्स भी उपलब्ध हैं।

नवीन उपलब्धियां

पुस्तकालय में 301 नवीन पुस्तकें, 139 पत्रिकाओं के बाऊंड वोल्यूम, 25 पैम्पफलेट / रिपोर्ट, 289 नवीन शोध और अब 72,430 पुस्तकें, 69223 बाउंड पत्रिकाएं तथा 17,282 पैम्पफलैट्स / रिपोर्ट हैं।

सम्मेलन तथा प्रकाशन

1. श्री जहांगीर खान तथा श्री एम. के. विश्वकर्मा पेपर शीर्षक "दि रोल ऑफ मेडिकल लाइब्रेरियन इन ग्लोबल हेल्थ इनिशिएटिव इन एम्स : एन ओवरव्यू" पर पेपर प्रस्तुत किया, नेशनल कन्वेंशन ऑफ मेडिकल लाइब्रेरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एम एल ए आई) 2012, नॉर्थ इस्टर्न इंदिरा गांधी रिजनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसिज (एनईआईजीआरआईएचएमएस) शिलोंग, मेघालय, 12–14 दिसंबर 2012.
2. श्री राकेश रावत, श्री जहांगीर खान तथा श्री एम. के. विश्वकर्मा पेपर शीर्षक "यूजर्स एक्सपेक्टेशन एंड सेटीसफेक्शन विद वाई – फाई नेटवर्क सर्विस इन बी. बी. दीक्षित लाइब्रेरी (एम्स) : ए केस स्टडी" नेशनल कन्वेंशन ऑफ मेडिकल लाइब्रेरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमएलएआई) 2012, नॉर्थ इस्टर्न इंदिरा गांधी रिजनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसिज (एनईआईजीआरआईएचएमएस), शिलोंग, मेघालय, 12–14 दिसंबर 2012.
3. श्री प्रशांत श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय सम्मेलन के सोसायटी 2012 : क्रिएटिंग डिजिटल लाइब्रेरी इन ग्लोबलाइज्ड ई–सोसायटी में भाग लिया, इंडियन सोशल इंस्टीट्यूट (आईएसआई), नई दिल्ली, 28 जुलाई 2012.
4. श्री उमेश कुमार ने राष्ट्रीय सम्मेलन के सोसायटी 2012 : क्रिएटिंग डिजिटल लाइब्रेरी इन ग्लोबलाइज्ड ई–सोसायटी में भाग लिया, इंडियन सोशल इंस्टीट्यूट (आईएसआई), नई दिल्ली, 28 जुलाई 2012.

11.2 कैफेटेरिया

अध्यक्ष
आर.एस.शुक्ला (उपनिदेशक, प्रशासन)

प्रभारी संकाय
ओ.पी.खरबंदा

लेखा अधिकारी
ए.के.शर्मा

महा प्रबंधक
एस.के.कौशिक

उप–महा प्रबंधक
के.के.शर्मा

लक्ष्य एवं उद्देश्य

संस्थान के कर्मचारियों को उचित मूल्य पर पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए वर्ष 1972 में एम्स कैफेटेरिया की स्थापना की गई। कैफेटेरिया उपकरण, फर्नीचर, बर्तनों एवं अन्य मूल आवश्यकताओं के लिए संस्थान से बिना कोई वित्तीय सहायता प्राप्त किए 'न लाभ–न हानि' आधार पर चलाया जा रहा है।

प्रबंध समिति

संस्थान के निदेशक महोदय द्वारा समय–समय पर कैफेटेरिया विभाग से संबंधित नीतिगत मामलों पर निर्णय लेने के लिए एक प्रबंध समिति का गठन किया गया, सदस्य निम्नानुसार थेः

उप–निदेशक (प्रशासन)	अध्यक्ष
आचार्य एस.रस्तोगी	सदस्य
आचार्य वी.के.पॉल	सदस्य
वरिष्ठ वित्त सलाहकार	सदस्य
वित्त सलाहकार	सदस्य
अधीक्षण अभियंता	सदस्य
लेखा अधिकारी, कैफे	सदस्य
मुख्य आहारविद्	सदस्य
आर.डी.ए. का प्रतिनिधि	सदस्य
ऑफिसर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधि	सदस्य
नर्सिस यूनियन का प्रतिनिधि	सदस्य
कर्मचारी यूनियन का प्रतिनिधि	सदस्य
फेम्स का प्रतिनिधि	सदस्य
डॉ. ओ.पी.खरबंदा	सदस्य–सचिव
श्री एस.के.कौशिक, महाप्रबंधक, कैफेटेरिया	सदस्य

सेवा सुविधाएं

कैफेटेरिया द्वारा संस्थान के लगभग 10,000 कर्मचारियों को सेवाएं प्रदन करने के लिए यूनिटें चलाई जाती हैं। ये निम्नलिखित प्रकार से हैं–

1. जवाहरलाल नेहरू सभागार के निकट स्थित मुख्य कैफेटेरिया (24 घंटे सेवा)।
2. मुख्य अस्पताल की नौंवी मंजिल पर स्थित मेन ऑपरेशन थियेटर कैफेटेरिया।
3. सी.एन.सी. कैफेटेरिया, केन्द्र की दूसरी मंजिल पर स्थित।
4. डॉ.आर.पी.सेन्टर ओ.टी. कैफेटेरिया, केन्द्र की पांचवीं मंजिल पर स्थित।
5. दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र।
6. डॉ.बी.आर.ए.सं.रो.कैं.अ.।
7. मुख्य कैफेटेरिया के निकट स्थित संकाय कक्ष कैफेटेरिया।

इसके अतिरिक्त कैफेटेरिया सभी उच्च अधिकारियों तथा संकाय–सदस्यों को उनकी दिन–प्रतिदिन की आवश्यकताओं के साथ–साथ महत्वपूर्ण बैठकों हेतु विशेष आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु भी सेवाएं प्रदान करता है।

स्टाफ क्षमता

कैफेटेरिया में तदर्थ/अस्थायी/संविदा आधार के साथ–साथ नियमित आधार पर सरकारी बैठकों, सम्मेलनों तथा संगोष्ठियों के लिए कैटरिंग सेवाएं भी प्रदान की गई।

कैफेटेरिया कर्मचारियों की चिकित्सीय जांच

भोजन से संबद्ध होने के कारण वर्ष में एक बार कैफेटेरिया कर्मचारियों की चिकित्सीय जांच की गई।

विकास गतिविधियां

समीक्ष्य वर्ष के दौरान कैफेटेरिया में हाट फूट ट्रॉली जोरजिया टी/कॉफी मशीन की संस्थापन के द्वारा संकाय को स्वस्थ पौष्टिक आहार सेवाएं के द्वारा अनेक परिवर्तन किए गए।

भावी योजनाएं

कर्मचारियों को स्वास्थ्यकर एवं हायजीन सेवाएं प्रदान करने के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी सहित श्रेष्ठ सुख सुविधाओं उपकरणों सहित/बहु मंजिली कैफेटेरिया के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है! एच एस सी सी के साथ अनेक बैठकों को आयोजित करने के साथ एक विस्तृत कार्यात्मक प्रस्ताव तैयार किया गया है।

वार्षिक कुल बिक्री

कैफेटेरिया की कुल बिक्री लगभग 2 करोड़ 58 लाख है।

विकास गतिविधियां

1. विगत वर्ष के दौरान कैफेटेरिया में अनेक परिवर्तन किए गए थे। इसमें सी एन सी कैफेटेरिया में सुविधा में विस्तार करना, अच्छे परिवेश सहित संपूर्ण नवीनाकरण, नए उपकरण को स्थापित करना तथा दैनिक व्यंजन–सूची में नई वस्तुएं जोड़ना सम्मिलित है।
2. संकाय कक्ष में अनेक सुधार किए गए थे जिसका परिणाम विविध रूपी प्रयोक्ताओं में वृद्धि होना है। अंततः संकाय सदस्यों ने नई सुविधाओं की सराहना की।
3. नई भोज्य वस्तुएं/सेवा आरंभ की गईं।
4. मिनी पिज्जा, हॉट डॉग, पनीर कुलचा, रावा इडली, स्प्राउट इडली एवं डोकला को आरंभ किया गया था।

भावी योजनाएं

संस्थान के कर्मचारियों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने तथा कैफेटेरिया में स्वास्थ्यकर, स्वच्छ स्थितियों को बनाए रखने के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी से सुसज्जित बहु मंजिल कैफेटेरिया के निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है।

अ.भा.आ.सं. दूरस्थ ओ.पी.डी.,बाडसा ग्राम, झज्जर, हरियाणा में अलग से कैफेटेरिया की स्थापना करके कैफेटेरिया की सेवाओं में विस्तार किया गया जिसकी सभी समूह के स्टाफ द्वारा सराहना की गई थी।

11.3 केन्द्रीय पशु सुविधा

प्रभारी आचार्य
डी.एन.राव

वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी
पी.के. यादव

पशुचिकित्सा अधिकारी
बिजेंद्र सिंह

वर्ष 2012–13 के दौरान पशु सुविधा विभाग में पशुओं का रख–रखाव किया गया था (रोडेंट्स, भेड एवं गैर–मानव नर–वानर अर्थात् बंदर)। इस एकक की विभिन्न गतिविधियों को निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया हैः

छोटे पशु (रोडेंट्स)
वर्ष के दौरान निम्नलिखित रोडेंट्स (औसत/माह) का रख–रखाव किया गया।

1. चूहे (विस्टर) 736
2. चूहे (स्प्रग डॉलें) 212
3. चुहिया (स्विस) 434
4. खरगोश (न्यूजीलैंड) 070
5. गुनिया पिग्स (डंकिन हार्टली) 065

विभिन्न विभागों को कुल 3424 छोटे पशु (चूहे,चुहिया,खरगोश एवं गुनिया पिग) उपलब्ध कराए गए तथा दिल्ली के तथा दिल्ली के बाहर के अन्य संस्थानों में 45 चूहे, 100 चुहिया, 9खरगोश तथा 85 गुनिया पिग सहित अनेक पशु बेचे गए।

बड़े पशु सुविधा (भेड़)
सूक्ष्मजैवविज्ञान विभाग के अनुसंधान कार्य के लिए इस विभाग में 2 भेड हैं।

गैर–मानव नर–वानर (बंदर)
जनगणना रिपोर्ट

1 अप्रैल 2012 को बंदरों की कुल संख्या	16
पुनर्वास	06
मृत्यु	शून्य
31 मार्च 2013 को बंदरों की कुल संख्या	10

प्रजनन कार्यक्रम
सभी बंदरों को खुले बाड़े में रखा गया था। गैर मानव नर–वानर के लिए पांच अंतःबाड़े हैं जिनका प्रयोग बंदर बाड़े में रखे गए सभी बंदरों को व्यायाम कराना है।

पुर्नवास सुविधा
वर्ष 2000में बंदरों के पुनर्वास हेतु कार्यक्रम का आरंभ हुआ था। परीक्षण के तीन से पांच वर्ष के लिए प्रयुक्त किए गए सभी बंदरों तथा वृद्ध बंदरों को भी खुले बाड़े में रखा गया था। इनमें से अधिकांश बंदरों को सी पी सी एस ई ए के निर्देशों के अनुसार पशु कल्याण संस्था में स्थायी रूप से पुनर्वासित (परीक्षण के पश्चात्) किया

गया था। छह बंदरों को 10 मई 2012 को सी पी सी एस ई ए (पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार) की अनुमति से संजय गांधी पशु उपचार केंद्र, राजा गार्डन, नई दिल्ली में पुनर्वासित किया गया था।

गैर–मानव प्राइमेट्स (बंदर) में 10 बंदरों के लिए शारीरिक व्यायाम हेतु पांच आंतरिक बाड़े हैं।

की गई नैदानिक प्रक्रियाएं

एकत्रित रक्त नमूने	20
शारीरिक जांच., टी बी जांच एवं वजन	20
रूधिर विज्ञान एवं जैवरसायन	20
एक्स–रे	10

प्रायोगिक शल्यचिकित्सा

इस सुविधा में विभिन्न विभागों द्वारा पशुओं पर 25 शल्यक प्रक्रियाएं की गई थीं। इसमें शल्यचिकित्सा,बायोमेडिकल इंजीनियरिंग एकक, तंत्रिका शल्यचिकित्सा, बाल शल्यचिकित्सा, प्रयोगशाला चिकित्सा, जैवप्रौद्योगिकी, मूलकोशिका सुविधा तथा विकृतिविज्ञान शामिल हैं।

संस्थागत पशु एथिक्स कमेटी

वर्ष के दौरान संस्थागत पशु एथिक्स कमेटी (आई ए ई सी) ने विभिन्न अन्वेषकों के छोटे पशुओं (रोडेंट्स) पर 68 परियोजनाएं पूरी कीं।

प्रदत्त सेवाएं

सूक्ष्मजैवविज्ञान, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, जैवरसायन, जैवप्रौद्योगिकी, प्रजनन जीवविज्ञान, शरीररचना, मनोचिकित्सा, विकृतिविज्ञान प्रयोगशाला चिकित्सा, मूलकोशिका सुविधा, तंत्रिकाविज्ञान एवं तंत्रिकाशल्यचिकित्सा से संबंधित पशुओं की देखरेख के लिए एक विभागीय विंग क्रियाशील है। इस सुविधा में निम्नलिखित पशु हैः स्प्रैग डॉले चूहे 30, चूहे 95, चुहिया 330, खरगोश 33 एवं गुनिया पिग।

यह सुविधा विभिन्न अन्वेषकों को प्रयोगशाला सुविधाएं प्रदान करता है अर्थात् सेरा का निर्वात शुष्कन तथा सीरम नमूने का संग्रहण, रूधिरविज्ञान, नैदानिक जैवरसायन, सूक्ष्मदर्शी जांच एवं एक्स–रे सुविधा।

शैक्षिक कार्यक्रम

1. डॉ. पी.के.यादव, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं आई ए की ए की XXVII कंवेंशन में भाग लिया, 'एडवांसिस इन एप्लाइड एनाटॉमी ऑफ डोमेस्टिक एंड वाइल्ड एनिमल्स–एन इंटरडिस्पिलनेरी एप्रोच फॉर एनिमल हेल्थ एंड वेल्थ', 28–30 नवम्बर 2012, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान कॉलेज, मम्नुधि, त्रिसुर, केरल।
2. डॉ. पी.के.यादव, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने प्रयोगशाला पशु वैज्ञानिक संघ (लासा) इंडिया द्वारा पांचवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया, 'प्रयोगशाला पशु चिकित्सा एवं उपचार',7–9 फरवरी2013, होटल फॉरचून सेलेक्ट मनोहर, बेगम्पेट एग्जिट रोड, बेगुम्पेट, हैदराबाद।
3. डॉ.पी.के.यादव, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी को 'केयर,ब्रिडिंग एंड मैनेजमेंट ऑफ लेबोरेट्रीएनिमल्स' पर व्याख्यान देने तथा पशु कल्याण पर एक सप्ताह एवं दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन करने के लिए पशु कल्याण संस्थान पर्यावरण एवं वन मंत्रालय में अतिथि व्याख्यानदाता के रूप में आमंत्रित किया था।
4. डॉ. पी.के.यादव, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने एन आई ए डब्ल्यू, बल्लभगढ में सी पी सी एस ई ए नोर्मस एंड गाइडलाइन्स पर दो दिन के प्रशिक्षण में भाग लिया, 15 मई 2012.
5. डॉ. पी.के.यादव, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, श्री जस्वीर, प्रयोगशाला परिचर एवं श्री धनंजय कुमार, पशु गृह परिचर ने एनिमल्स मिनिमेली इंवेसिव सर्जरी ट्रेनिंग केन्द्र, शल्यचिकित्सा विभाग, अ.भा.आ.सं. में मदद की।

11.4 केन्द्रीय कार्यशाला

संकाय समन्वयक
शशि कांत

मुख्य तकनीकी अधिकारी
आदर्श कुमार शर्मा

वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी
कालू राम

केंद्रीय कार्यशाला में समूह ख एवं ग स्टाफ की कुल संख्या निम्नानुसार हैः

तकनीकी अधिकारी	7		
तकनीशियन (ग्रेड I)	6	तकनीशियन (ग्रेड II)	10
कार्यशाला सहायक	2	खलासी	6
भंडार लिपिक (प्र.श्रे.लि.)	1	सहायक (एन एस)	1

विशेषताएं

केंद्रीय कार्यशाला आयुर्विज्ञान शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान एवं अस्पताल सेवाओं में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न उपकरण की मरम्मत एवं रख–रखाव में लगा हुआ है। यह विभाग नए निर्माण कार्यों को करने के साथ–साथ विभागों की आवश्यकता अनुसार उपकरणों के संशोधन का कार्य भी करता है।

उपर्युक्त उल्लिखित सेवाओं को प्रदान करने के लिए केंद्रीय कार्यशाला में विभिन्न अनुभाग हैं। प्रत्येक अनुभाग में सहायक स्टाफ सहित एक तकनीकी अधिकारी है। इस विभाग के निम्नलिखित अनुभाग हैः

इलैक्ट्रॉनिक अनुभाग
इलैक्ट्रीकल अनुभाग
रेफ्रीजिरेटिंग अनुभाग
मेकेनिकल अनुभाग– I एवं II
फाइन इंस्ट्रूमेंट अनुभाग
पेंटिंग, अपहोल्स्ट्री एवं कार्पेंटरी अनुभाग

मरम्मत एवं रख रखाव
केंद्रीय कार्यशाला द्वारा रक्त दाब उपकरणों, इलैक्ट्रोसर्जिकल एकक, ई सी जी मशीन, इंफ्यूजन पम्प, मल्टी पैरामीटर मॉनीटर्स, डीफिलैटर्स, पैशंट वार्मर, ओ टी टेबल, रिफ्रिजिरेटर्स, आइस मशीन कोल्ड लैब्स, वाटर चिल्लर्स, क्रायोस्टेट डीप फ्रीजर,यू वी स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, इलैक्ट्रॉनिक वैजिंग मशीन, ओडियोमीटर, अल्ट्रासाउण्ड थेरेपी एकक, ओ टी लाइट, टिस्सू प्रोसेसर, कोल्ड सेंट्रीफ्यूज, माइक्रोस्कॉप नीडल डिस्ट्रोयर, वाटर बाथ, एक्स–रे व्यू बॉक्स, ओ टी केयर मशीन, चूषण मशीन, ऑक्सीजन रेगुलेटर,फ्लो मीटर सर्वो स्टेबलाइजर, बायलर्स, हॉट प्लेट, टेबल टाप सेंट्रीफ्यूज माइक्रोबेव ओवन्स, इंकुबेटर्स, एस.एस.ड्रम, शल्यक उपकरण एवं अनेक अन्य उपकरणों सहित सभी प्रकार के उपकरण की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य करता है।

केंद्रीय कार्यशाला अस्पताल के सभी फर्नीचर जैसे कि रोगी बिस्तर, रोगी ट्रॉली, रोगी लोकर्स, अंतशिरा स्टैण्ड, उपकरण ट्रॉली, लोडिंग ट्रॉली,व्हील चेयर, साइड स्क्रीन, बेड साइड लॉकर एवं पुश कार्ट्स आदि जैसे मरम्मत एवं पेंटिंग का कार्य भी करता है।

वर्ष 2012–13 के दौरान केंद्रीय कार्यशाला ने कुल 7075 मरम्मत के कार्य किए।

निर्माण एवं मार्गदर्शन

मरम्मत एवं रखरखाव के धीरे–धीरे बढते भार के बावजूद केंद्रीय कार्यशाला विभागों द्वारा प्रदत्त विनिर्देशों के अनुसार उपयोगी गैजटों के डिजाइन एवं निर्माण के साथ संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों में मदद करता रहा है।

वर्ष 2012–13 के दौरान केंद्रीय कार्यशाला द्वारा तैइस विभिन्न कार्यों (कुल 246 मदें) का निर्माण किया गया इसमें टी आर. ट्यूब, स्टीलेट्टी, फाइबर बोर्ड, हैमर कैप, शल्यक उपकरण के लिए हैंडल, पर्पेक्स बॉक्स, सिलैण्डर स्टैण्ड, सी पी ए पी कनेक्टर, चिक कैग्स 'एस' हुक जेल कास्ट ट्रे, हैड इंपेक्ट कैप, बैण्ड कटर,शिया सेट होल्डर, प्लास्टिक मॉल्ड, ओ टी टेबल लैग होल्डर, ओ टी टेबल साइड सपोर्ट, टन्नेलर,बोन पंच हैण्डल, पी सी एल एल रोल, बेट पाउच, ओ टी टेबल मेट्रेस एवं हुक सहित बेल्ट आदि शामिल है।

अल्पावधि प्रशिक्षण

यह विभाग सक्रिय रूप से विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों के डिप्लोमा/स्नातक छात्रों को मार्गदर्शन एवं अल्पावधि प्रशिक्षण (4–6) सप्ताह प्रदान करता है।

वर्ष के दौरान सरकारी पोलीटेक्नीक, हिसार (हरियाणा), सी आर आर संस्थान तथा प्रौद्योगिकी (दिल्ली) एवं कस्तूरबा पोलीटेक्नीक फॉर वीमेन (दिल्ली) के छात्रों को वर्ष के दौरान अल्पावधि प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

11.5 कंप्यूटर सुविधा

प्रभारी अधिकारी

पी. पी. कोतवाल

सिस्टम विश्लेषक

एस. एन. रघु कुमार   सतीश प्रसाद   सुशील कुमार मेहर

वरिष्ठ प्रोग्रामर

संजय गुप्ता   एस. पी. सिंह   विनय पाण्डे   हरी शंकर

प्रोग्रामर

तृप्ता शर्मा   संजीव कुमार

श्यामल बरुआ   अंकिता सैनी

शिक्षा

स्नातकोत्तर

जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं नर्सिंग महाविद्यालय के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए सिद्धांत एवं अभ्यास की कंप्यूटर प्रोग्रामिंग की कक्षाओं का संचालन किया गया था।

स्नात्तक पूर्व

बी.एस.सी. (ऑनर्स) नर्सिंग के प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए कम्प्यूटर्स के बेसिक, इंटरनेट, विंडो एपलीकेशंस, कम्प्यूटर–एडिड लर्निंग, डाटाबेस आदि तीन – माह के पाठ्यक्रम का संचालन किया गया था। बी.एस.सी. नर्सिंग
(पोस्ट–सर्टिफिकेट) के छात्रों के लिए कम्प्यूटर कोर्स का संचालन किया गया था।

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा

सुविधा के सदस्यों ने क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा प्रोग्रामों, संगोष्ठियों, अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया एवं व्याख्यान दिया।

सेवाएं

अस्पताल का कंप्यूटरीकरण

एन आई सी / एन आई सी एस आई की ई – अस्पताल परियोजना के तहत कंप्यूटर सुविधा के सहयोग के साथ मुख्य अस्पताल अ. भा. आ. सं. एवं विभिन्न केंद्रों में निम्नलिखित मॉड्यूल्स को कार्यान्वित किया गया था :

- निम्नलिखित विभाग / केंद्रों में तथा मुख्य ओ पी डी में ओ पी डी पंजीकरण एवं नियोजित भेंट में लागू ओ पी डी मॉड्यूल्स इस प्रकार हैं : बाल चिकितसा, कायचिकितसा, पी एम आर, पल्मोनरी चिकित्सा, सी डी ई आर, आर पी केंद्र, हृदयविज्ञान, तंत्रिकाविज्ञान एवं तंत्रिकाशल्यचिकित्सा, जरा चिकित्सा तथा त्वचा।
- **वार्डों में दाखिला, स्थानांतरण एवं छुट्टी (ए डी टी)** : इसे मुख्य अस्पताल में 19 वार्डों (ए बी 1, सी5, डी5, सी1, डी1, सी2 डी2, पल्मोनरी वार्ड, रूमेटोलॉजी, एन पी डब्ल्यू, ओ पी डब्ल्यू, ए बी 2, ए बी 4, डी 4, सी 7, ए बी 6, डी 6 जराचिकित्सा, ए बी 7) रा. प्र. केंद्र के 10 वार्डों (1 ए, 1 बी, 2 ए, 2 बी, 3 ए, 3 बी, 4 ए, 4 बी, प्राइवेट 2, प्राइवेट 3) में लागू किया जा चुका है।
- **नकद एवं बिलिंग :** बिलिंग मॉड्यूल को मुख्य नकद काउण्टर, नए प्राइवेट बिल्डिंग (भूतल) एवं मुख्य नकद काउण्टर, आर ए के ओ पी डी (भूतल), रा. प्र. केंद्र तथा दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र।

आपातः मुख्य आपात, इमरजेंसी बिल्डिंग, रा. प्र. आपात का पंजीकरण कंप्यूटरीकृत है।

- मुख्य अस्पताल, सी एन सी, सी डी ई आर, आर पी सी आदि में **वस्तु सूची प्रबंध व्यवस्था (प्राप्ति + वस्तुओं को जारी करना) को लागू किया जा चुका है।** इसमें क्रिस्टलॉयड भंडार, मेडीसिन एवं ड्रग स्टोर, सामान्य भण्डार, स्टेशनरी एवं प्रिंटिंग, शल्यक भण्डार, लाइनिन भण्डार जैसे सभी स्टोर सम्मिलित हैं। उप भण्डार का वार्ड स्तर पर रख रखाव किया जाता है। इसमें मुख्य अस्पताल बिल्डिंग में 19 वार्ड (ए बी 1, सी5, डी5, सी1, डी1, सी2 डी2, पल्मनरी वार्ड, रूमेटोलॉजी, एन पी डब्ल्यू, ओ पी डब्ल्यू, ए बी 2, ए बी 4, डी 4, सी 7, ए बी 6, डी 6 जराचिकित्सा, ए बी 7) तथा रा. प्र. केंद्र के 10 वार्ड (1 ए, 1 बी, 2 ए, 2 बी, 3 ए, 3 बी, 4 ए, 4 बी, प्राइवेट 2, प्राइवेट 3) सम्मिलित हैं।
- **कर्मचारी स्वास्थ्य योजना** (ई एच एस) को कंप्यूटरीकृत किया गया है।

निम्न में सॉफ्टवेयर का विकास किया गया

- **डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सं रो. कैं. अ. :** सं. रो कैं अ हेतु आंतरिक विकसित मॉड्ल्स का निरंतर रख रखाव एवं वृद्धि की गई है जैसे नए केस पंजीकरण, पुराने केस पंजीकरण, आंतरिक रोगी पंजीकरण, दिवस उपचार नियोजित समय पद्धति, औषध प्राधिकरण सॉफ्टवेयर, बिलिंग चैक मुद्रण सुविधा, प्रयोग अनुरोध / संग्रहण सॉफ्टवेयर यंत्र, लैब रिपोर्टिंग, विकिरणचिकित्सा हेतु छुट्टी रिपोर्ट, चिकित्सा अर्बुदविज्ञान, दिवस उपचार, पीड़ा क्लिनिक, दिवस उपचार एवं चिकित्सा अर्बुदविज्ञान विभाग हेतु औषध प्राधिकरण सॉफ्टवेयर।
- **सी एन केंद्र :** इस केंद्र में लागू / अनुरक्षित मॉड्यूल्स इस प्रकार हैं : तंत्रिकाशल्य चिकित्सा की छुट्टी रिपोर्ट; ओ टी भण्डार वस्तु सूची; ओ आर बी ओ दाता प्रपत्र।
- **रा. प्र. केंद्र :** इस केंद्र में लागू / अनुरक्षित मॉड्यूल्स हैं – हिस्टोलॉजी एवं साइटोलॉजी विकृतिविज्ञान रिपोर्ट करना।
- **राज गढ़िया विश्राम सदन (तीन विश्राम सदन)** कमरों का आरक्षण एवं बिलिंग की सहज कार्य शीलता हेतु अंतिम प्रयोक्ता को निरंतर सहायता प्रदान करने के लिए इस मॉड्यूल को विकिसित किया गया था।
- कुल 2000 से भी अधिक अ. भा. आ. सं. के कर्मचारियों को उनसे संबंधित ई – अस्पताल सॉफ्टवेयर के मॉड्यूल्स को प्रयोग करने के लिए व्यावहारिक व क्रियाशील प्रशिक्षण दिया गया है।

दूरस्था ओ पी डी, झज्जर (हरियाणा) अ. भा. आ. सं.

शल्यचिकित्सा, कायचिकित्सा, ई एन टी, प्रसूति एवं स्त्रीरोगविज्ञान, बालचिकित्सा, मनोचिकित्सा, अस्थिरोग एवं नेत्ररोगविज्ञान विभागों हेतु ओ पी डी पंजीकरण के लिए सितंबर 2012 में झज्जर में कंप्यूटरीकृत ओ पी डी को आरंभ किया गया था। ओ पी डी में प्रतिदिन औसतन 200 रोगियों को पंजीकृत किया जाता है।

प्रशासन

- सरकार की ई–गवर्नेस परियोजना के अधीन कंप्यूटर सुविधा ने एन आई सी / एन आई सी एस आई के साथ प्रशासन के सभी अनुभागों / वित्त / इंजीनियरिंग / सं. रो. कैं. अ/ सी डी ई आर /एवं कुछ विभागों में ई – ऑफिस को लागू किया।
- 500 से भी अधिक अ. भा. आ. सं. के कर्मचारियों को ई – ऑफिस सॉफ्टवेयर को प्रयोग करने के लिए व्यावहारिक व क्रियाशील प्रशिक्षण दिया गया है।
- सतर्कता प्रकोष्ठ हेतु कंप्यूटरीकृत वार्षिक संपत्ति रिटर्न (ए पी आर) सॉफ्टवेयर को विकसित किया एवं उसे लागू किया।

आईआईटी आधारिक संरचना एवं नेटवर्किंग, इंटरनेट एवं इंटरानेट प्रबंध गतिविधियां

1. प्रयोक्ता आई डी आधारित इंटरनेट पहुंच सिस्टम का सतत् प्रबंध।
2. नेटवर्क आधारित पी सी हेतु नेटवर्किंग आधारित एंडपोइंट ऐंटीवाइरस समाधान का सतत प्रबंध।
3. वायरलेस नेटवर्किंग हेतु सुविधा प्रबंध : छात्र सहायता हेतु सर्पोट सिस्टम एवं कॉल सेंटर का सतत कार्यान्वयन।
4. वेबमेल सिस्टम का सतत प्रबंध।
5. यूनीफाइड थ्रैट मैनेजमेंट (यू टी एम) एवं गेटवे लेवल ऐंटीवाइरस, ऐंटीस्पेम, आई पी एस, लोड बैलेसिंग तथा कंटेंट फिल्टरिंग में एप्लीकेशंस एवं कंप्यूटर नेटवर्कस की सुरक्षा हेतु परिनियोजन का सतत प्रबंध।

6. 18 छात्रावास के स्थानों पर वायरलैस नेटवर्किंग क्षेत्रों का सतत प्रबंध, छात्रों एवं रेजीडेंट डॉक्टरों के लिए सूचना तथा ऑनलाइन पत्रिकाओं की पहुंच एवं इंटरनेट हेतु वाई फाई जोन्स का निर्माण किया। अब तक 1500 कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।
7. संस्थान के बाहर वी पी एन टन्नल आधारित पहुंच के द्वारा सक्षम बी. बी. दीक्षित पुस्तकालय द्वारा निर्धारित पत्रिकाओं हेतु ऑनलाइन पहुंच का सतत प्रबंध।
8. आई सी यू से बाहर कहीं भी आई सी यू रोगियों के स्तर को देखने के लिए आई सी यू तंत्रिका रोगी की ऑनलाइन जांच का सतत प्रबंध।
9. आई सी यू से बाहर कहीं भी आई सी यू रोगियों के स्तर को देखने के लिए सी टी – 6 आई सी यू रोगी की ऑनलाइन जांच का सतत प्रबंध।
10. द्विभाषी वेबसाइट निर्माण की प्रक्रिया जारी है। अब तक 35 विभागों का हिंदी में अनुवाद हो चुका है जिसे वेबसाइट में दर्शाया गया है।
11. छात्रों हेतु इंटरनेट एवं ऑनलाइन पत्रिका की पहुंच हेतु बी. बी. दीक्षित पुस्तकालय में वाई – फाई जोन का सतत प्रबंध।
12. कंप्यूटर सुविधा के आंतरिक विभाग द्वारा वेबसाइट www.aiims.edu, www.aiims.ac.in का रख रखाव किया जा रहा है।
13. लगभग 2500 नोड्स में अ. भा. आ. सं. नेटवर्क पर 24X7 दिनों तक संकाय एवं छात्रों के लिए इंटरनेट सुविधा का अनुरक्षण किया गया था।
14. 2 जी.बी.पी.एस. तक विस्तारित क्षमता सहित 100 एम बी पी एस की राष्ट्रीय ज्ञान तंत्र (एन.के.एन.): लीज़लाइन को एन आई सी से कम्प्यूटर सुविधा में संस्थापित किया गया है। एन.के.एन. के द्वारा सूचना को पहुंचाने के लिए विभिन्न लेक्चर थियेटरों एवं विभागों को नोड्स दिए गए है।
15. aiims.ac.in डोमेन पर 900 ई मेल प्रयोक्ता लेखों का निर्माण एवं अनुरक्षण।
16. वर्ष 2012–13 के दौरान एम्स वेबसाइट पर आने वालों की कुल संख्या लगभग 29 लाख है।
17. वेब सर्वर, प्रोक्सी सर्वर, मेल सर्वर एवं ऐंटी वाइरस सर्वर 24X7 दिन का अनुरक्षण।
18. एम्स के संकाय एवं स्टाफ को 224 नए इंटरनेट कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।
19. इंटरनेट एवं नेटवर्क प्रयोक्ताओं की शिकायतों एवं रेजूल्यूशन हेतु सुविधा प्रबंध एवं कॉल अनुरक्षण।
20. स्कॉलरो एवं वरिष्ठ/जूनियर रेजीडेंटों के लिए ड्यूटी कक्षों एवं सामान्य कक्षों में इंटरनेट एवं पी.सी. का प्रयोग करके ऑनलाइन जर्नल पहुंच तथा जर्नल पहुंच के प्रावधान हेतु तकनीकी सहयोग का सतत प्रबंध।
21. सी एन सी ओ पी डी कैश कार्ड पेयमेंट गेटवे हेतु एम्स एवं एफ एस एस चैन्नई के मध्य वी पी एन टन्नल कॉन्फीगुरेड।

- एम्स वेबसाइट पर अद्यतन, निर्मित एवं अपलोडिड पृष्ठों की कुल संख्या लगभग 3000 है।
- **aiims.ac.in** में ई मेल प्रयोक्ताओं की संख्या लगभग 900 डब्ल्यू है।
- http://tenders.gov.in & aiims. edu पर अपलोडिड निविदाओं की संख्या लगभग 1800 है।

अन्य सुविधाएं

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सुविधाओं का अनुरक्षण किया गया :

1. ई–मेल एवं एफ. टी. पी. सुविधा
2. बी बी डी एल ओ पी ए सी सेवाएं
3. सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर तथा नेटवर्किंग हेतु परामर्श

प्रकाशन

सार : 2 **पुस्तकों में अध्याय : 1**

महत्वपूर्ण घटनाएं

श्री एस. एन. रघु कुमार और हरी शंकर ने हाल ही में चुने गए एस आर, जे आर, एम बी बी एस छात्रों तथा एम्स के संकाय के लिए ओरिएशन प्रोग्राम का संचालन किया।

श्री सतीश प्रसाद प्रशासनिक एल ए एन (नोवल नेटवर्क सर्वर) के डेटाबेस प्रशासक है जो कि प्रशासन एवं वित्त का प्रबंध करता है। उन्होंने एम्स वित्त हेतु सॉफ्टवेयर का अनुरक्षण किया। एम एस सी, बी एस सी एवं नर्सिंग महाविद्यालय की सूचना प्रौद्योगिक कक्षाओं के पोस्ट सर्टिफिकेट के कोर्स कोर्डिनेशन एवं शिक्षण संकाय; इण्डियन रेड क्रॉस सोसाइटी (स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम जो कि आई पी विश्वविद्यालय से संबद्ध है)। हेतु 'डिसास्टर मैनेजमेंट कोर्स' की आई टी की कक्षाएं लीं।

श्री एस. के. मेहर एम बायोटेक कंप्यूटर कक्षाओं के पाठ्यक्रम सहयोगी थे। उन्होंने एम बायोटेक, एम एस सी (नर्सिंग) हेतु कक्षाएं लीं। आई सी एम आर टास्क फोर्स अध्ययन के तहत परिनियोजित की जा रही हेल्थ एकाउंट स्कीम वेबसाइट पर परियोजना समीक्षा समूह (पी आर जी) के विशेषज्ञ सदस्य के रूप में आमंत्रित। सी आर एच एस पी, बल्लभगढ़ में आई टी की आवश्यकता एवं कार्यान्वयन हेतु परियोजना रिपोर्ट तैयार की। टेलीमेडीसिन विभाग में नए टेलीमेडीसिन उपकरण की प्राप्ति / कार्यान्वयन को पर्यवेक्षित किया। एम बी बी एस छात्रों के लिए ओरीएशन कार्यक्रम का संचालन किया। जर्नल ऑफ बायोमेडीकल इंर्फोमेटिक्स (जे बी आई) एवं अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ मेडीकल इंर्फोमेटिक्स के समीक्षक। इण्डियन एसोसिएशन ऑफ मेडीकल इंफोर्मेटिक्स द्वारा आयोजित किए जा रहे 2014 में एशिया पैसिफिक एसोसिएशन ऑफ मेडीकल इंफोर्मेशन हेतु टेरीनिएल सम्मेलन हेतु आर्गेनाइजिंग सचिव चुने गए।

श्री विनय पाण्डे ने अ. भा. आ. सं. हेतु वेब योग्य एस्सेट मैनेजमेंट सिस्टम (कंप्यूटर एवं पेरीफीरलस) सॉफ्टवेयर का अध्ययन किया एवं उसका डिजाइन बनाया (विकास स्तर); एम्स में फाइल ट्रैकिंग सिस्टम (एफ टी एस) एवं ई ऑफिस कार्यान्वयन हेतु एक प्रशासक; नर्सिंग महाविद्यालय, अ. भा. आ. सं. की मेडीकल इंफोर्मेटिक्स कक्षाएं एवं एम एस सी, बी एस सी इंफ. टेक्नोलॉजी की कक्षाएं लीं; इण्डियन रेड क्रास सोसाइटी हेतु साइबर टेरोरिज्म एवं डिसास्टर मैनेजमेंट में आई टी की कक्षाएं लीं (आई पी विश्वविद्यालय से संबद्ध)।

11.6 इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी सुविधा

प्रभारी अधिकारी
शशि वाधवा

अपर आचार्य
तपोस के.दास टी.सी.नाग

तकनीकी अधिकारी
संदीप आर्य

शिक्षा

1. जैव प्रौद्योगिकी विभाग, अ.भा.आ.सं. के बारह एम. बायोटेक्नोलॉजी के छात्रों ने दिनांक 23 अगस्त से 5 सितंबर 2013 (उनके प्रथम सेमेस्टर कोशिका जीवविज्ञान अभ्यास पाठ्यक्रम के भाग के रूप में) दो सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त किया।
2. चार पी. जी. शरीररचना विज्ञान के छात्रों ने दिनांक 22 फरवरी से 29 मार्च 2013 तक (केवल शुक्रवार) ई. एम. पाठ्यक्रम में शामिल हुए।

सी.एम.ई.

1. दिनांक 29 अक्तूबर से 10 नवम्बर 2012 तक वैज्ञानिक अन्वेषकों के लिए इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी में 28वां राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न भागों से अठारह उम्मीदवारों ने भाग लिया। उपर्युक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में आचार्य शशि वाधवा, डॉ.तपोश के.दास तथा डॉ. टी.सी.नाग ने सहभागियों के लिए कुल 13 व्याख्यान दिए।
2. दिनांक 4 से 16 फरवरी 2013 तक तकनीकी कार्मिक के लिए इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी में 19वां राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न भागों से बारह उम्मीदवार शामिल हुए। आचार्य शशि वाधवा, डॉ.तपोश के.दास तथा डॉ. टी.सी.नाग द्वारा कुल 11 व्याख्यान प्रदान किए गए।
3. दिनांक 14 मई से 23 जून 2012 तक तकनीकी व्यक्तियों के लिए इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी में ग्रीष्म प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित हुआ था। चार उम्मीदवारों को नमूने प्रोसेसिंग माइक्रोटॉमी, सी पी डी, स्पुटर कोटिंग, टी ई एम एवं एस ई एम निरीक्षण एवं सूक्ष्मदर्शी का नैमिक रखरखाव में प्रशिक्षित किया गया था।

अनुसंधान
वित्त पोषित परियोजनाएं
जारी

1. इंडेमिक फ्लोरोसिसः कंकालीय फ्लोरोसिस हेतु कार्योत्मक कारक के रूप में ऑक्सीडेंटिव तनाव की भूमिका। तपोश के दाश, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, 3 वर्ष, 2012–13, रू. 23 लाख।
2. चूहा मध्य प्रमस्तिष्कीय धमनी ओक्लुशन मॉडल में इस्केमिया– रीपर्फुजन क्षति में ओटोपेथि एवं एपोप्टोसिस का सह–संबंध। तपोश के.दाश, अ.भा.आ.सं., 2 वर्ष, 2011–13, रू. 10 लाख।
3. परिवर्तनशील फोटोपीरिएड्स से अनावरण के पश्चात् नियोनेटल चिक रेटिना में मोर्फोलॉजिकल एवं बायोकैमिकल परिवर्तन, टी.सी.नाग, डी एस टी, 3 वर्ष, 2013–16, रू. 33.6 लाख।

पूर्ण

1. एजिंग ह्यूमन रेटिना में ऑक्सीडेटिव तनाव के मार्करों का सेल्लुलर लोकालाइजेशन। टी.सी.नाग, अ.भा. आ.सं., 2 वर्ष, 2010–12, रू. 2 लाख।

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. चूहा मस्तिष्क में मध्य प्रमस्तिष्कीय धमनी ऑक्लुशन द्वारा इस्केमिया –रीपर्फ्यूजन क्षति में आटोपेथि एवं एपोप्टोसिस के मध्य सह–संबंध।
2. नवजात चूजों में लाइट–इंड्यूस्ड रेटीनल डीजेनरेशन।
3. एजिंग सहित मानव कोरोइडल वाहिकाओं का अतिसंरचनात्मक परिवर्तन।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. एशियाई भारतीय आर्थेराइटिस रोगियों में टी–हेल्पर 17 (टी एच–17) कोशिकाओं की भूमिका को स्थापित करने के लिए अध्ययन अस्थिरोग।
2. बाल्यावस्था नेफ्रोटिक संलक्षण में रीनल पेथोजेनिसस पर फ्लूराइड विषाक्तता की भूमिकाः एक अति संरचनात्मक, बायोकैमिकल,प्रोटीन प्रोफिलिंग अध्ययन (बाल चिकित्सा)।

पूर्ण

1. चूहा हिप्पोकैम्पस के मोर्फोलॉजी एवं प्रोटीन प्रोफाइल पर एमिलॉयड–बीटा का प्रभाव।
2. कोगुलेज नेगेटिव स्टेफिलोकोकस एस पी. का फीनोटाइपिक, आण्विक एवं अति संरचनात्मक अध्ययन तथा डिवाइस–संबंधित संक्रमणों में उनका बायोफिल्म (आर.पी.केन्द्र)
3. स्ट्रेप्टोजोटोसिन प्रवृत्त डायबेटिक चूहों में मायोकार्डियल इंफ्रैक्शन के प्रायोगिक मॉडल में टेल्मिसार्टेन का कार्डियोप्रोटेक्टिव मैकेनिज्म भेषजगुणविज्ञान

प्रकाशन

पत्रिकाएंः 6

रोगी उपचार

विशेष प्रयोगशाला सुविधाएं

वर्ष के दौरान अनुसंधान एवं रोगी उपचार हेतु प्रदान की गई विशेष प्रयोगशाला सुविधाएं निम्नानुसार हैंः

क्रम संख्या	सुविधाएं	प्रयोक्ता संख्या		विश्लेषित नमूने	
		बाह्य	आंतरिक	बाह्य	आंतरिक
1.	ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी	199	317	1371	1632
2.	स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी	21	51	124	326
3.	इम्यूनो– इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी	23	25	54	46

पुरस्कार, सम्मान एवं महत्त्वपूर्ण घटनाएं

डॉ.तपोश के.दाश ने 'इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी में नैमिक तकनीकी' एवं 'इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी में उच्च तकनीकियों' पर 18 एवं 20 अप्रैल को टेरी विश्वविद्यालय,वसंत कुंज, नई दिल्ली में व्याख्यान दिए ; चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में दिनांक 7 मई 2012 को एक तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में टेबल टोप एस ई एम की खरीद के लिए तकनीकी समिति की बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया; एन आई आई, नई दिल्ली में 200 के वी टी ई एम को खरीदने के लिए एक बाह्य विशेषज्ञ के रूप में 3 सितंबर, 21 नवम्बर एवं 7 दिसंबर 2012 को तकनीकी कमेटी मीटिंग में शामिल हुए। आई एम टी ई सी एच चंडीगढ की सुश्री पूजा रावत के पी एच डी शोध प्रबंध की जांच की एवं 25 मार्च 2013 को पी एच डी की मौखिक परीक्षा का संचालन किया 'आयुर्विज्ञान अनुसंधान में इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी का अनुप्रयोग' पर व्याख्यान दिया, आयुर्विज्ञान में 5वां रिफ्रेशर पाठ्यक्रम, बी एच यू, वाराणसी, 26 फरवरी 2013। डॉ. टी.सी.नाग ने ए बी एन सील कॉलेज, कूच बीहार, पश्चिम बंगाल में 'जीवविज्ञान अनुसंधान में नवीनतम अनुप्रयोग' पर राष्ट्रीय सेमिनार में वार्ता प्रस्तुत की, 8–9 दिसम्बर 2012, यूरोपिएन जर्नल ऑफ हिस्टोकैमिस्ट्री की पाण्डुलिपि की समीक्षा की।

11.7 छात्रावास अनुभाग

अधीक्षक
एन.के.मेहरा

उप अधीक्षक

एस.के.खण्डेलवाल	एस. दत्ता गुप्ता	नीरज भाटला
एस.के.मौलिक	तनुज दादा	राकेश कुमार
राजकुमार यादव	पुनीत मिश्रा	के.एच.रीटा
कपिल यादव		शशि मवार

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
केशव के.गिरिधारी

लेखा अधिकारी
सुनील जैन

सहायक भंडार अधिकारी
नरेन्द्र

एम्स में लगभग 1200 से अधिक सिंगल/डबल कमरे एवं विवाहितों के लिए 200 आवास तथा नर्सिंग छात्राओं/स्टॉफ नर्सिंग के लिए 388 आवासों की क्षमता सहित रेजीडेंट्स के अनेक हॉल हैं। यह आवास विभिन्न छात्रावासों एवं मुख्य कैंपस के आवासों, मस्जिद मोठ, आयुर्विज्ञान नगर, ट्रांजिस्ट छात्रावास एवं जयप्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र छात्रावास (राजनगर) में फैले हुए हैं।

आवास						
क्र.सं.	**छात्रावास**	**स्थान**	**एक कमरा**	**दो/तीन/चार/पांच सीटर**	**अतिथि कक्ष (दो बिस्तर सहित)**	**कुल क्षमता**
	पुरुष छात्रावास					
1	I (चरक)	मुख्य परिसर	62	3 X 2 = 6	–	68
2	II (जीवक)	मुख्य परिसर	55	2 X 2 = 4	1	60
3	III (सुश्रुता)	मुख्य परिसर	70	6 X 2 = 12	1	83
4	IV (माधव)	मुख्य परिसर	53	7 X 2 = 14	–	67
5	V (नागार्जुन)	मुख्य परिसर	52	5 X 2 = 10	–	62
6	VI (वागभट्ट)	मुख्य परिसर	69	7 X 2 = 14	–	83
7	VII (अश्विनी)	मुख्य परिसर	108	4 X 2 = 8	1	117
8	VIII (भारद्वाज)	मुख्य परिसर	108	1 X 2 = 2	1	111
9	IX रा.प्र.के.–1 (धनवंतरी)	मुख्य परिसर	72	–	1	73
10	X एम.एम.आर. डी.एच. (एकल)	मस्जिद मोठ	154	–	6	160
11	ज.प्र.ट्रॉमा केंद्र	राजनगर	57	2		59
			कुल			**943**

विवाहित क्वार्टर

1. एफ. टाइप	अंसारी नगर (पश्चिम)	17	17
2. एम.एम.आर.डी.एच.	मस्जिद मोठ परिसर	42	42
3. आ.वी.नगर	ए.वी.नगर	80	80
4. एफ.टी.ए.	ए.वी.नगर	49	49
5. जे.पी.एन.ए.टी.सी.	राजनगर	06	06
	कुल		**194**

महिला छात्रावास

1	IX (सरस्वती)	मुख्य परिसर	62	16/1/1/0	1	102
2	X (पार्वती)	मुख्य परिसर	91	0/0/1/1	1	101
3	रा.प्र.कें. – II (लक्ष्मी)	मुख्य परिसर	20	13/0/0/0	1	47
4	महिला छात्रावास XI	मुख्य परिसर		15/0/0/0	–	30
		कुल				**280**

नया नर्सेस छात्रावास, मस्जिद मोठ

1	नर्सिंग छात्रा	मस्जिद मोठ	160	90/4/0/0	2	354
2	स्टाफ नर्स	मस्जिद मोठ	34			34
		कुल				**388**
		महायोग				**1,805**

छात्रावासों में अ.भा.आ.सं. रेगिंग के विरुद्ध कठोर नीति का पालन कर रहा है। इस प्रयोजन के लिए, रेगिंग विरोधी प्रकोष्ठ का गठन किया गया है तथा वार्डन एवं सुरक्षा कर्मी छात्र की शिकायत या असुविधा होने पर उनको मार्गदर्शन एवं सहायता देने के लिए तैयार रहते हैं।

जोड़ी गई आधारिक संरचना

1. **नए छात्रावास**: छात्रों/रेजीडेंटों के लिए कमरों की अत्यधिक कमी के कारण मस्जिद मोठ क्षेत्र में नए छात्रावास ब्लॉक के शीघ्र निर्माण हेतु छात्रावास समिति ने प्रशासन एवं इंजीनियरिंग अनुभाग के साथ अनेक बैठक की। वर्तमान में कुल 350 कमरों सहित 3 टॉवरों का निर्माण कार्य चल रहा है। अन्य ब्लॉक पर सक्रिय रूप से विचार हो रहा है। नए छात्रावास ब्लॉकों की दिसंबर 2013 तक तैयार होने की संभावना है।
2. **विद्यमान कमरों में सुधार :** आचार्य एन.के.मेहरा विभिन्न छात्रावासों में रेजीडेंटों/छात्रों को प्रदान की जा रही सुविधाओं के संबंध में चिंतित हैं। तदनुसार सभी विद्यमान कमरों का चरणब तरीके से नवीनीकरण करने का निर्णय लिया गया था। आरंभ करने के लिए छात्रावास में अंतनिर्हित अलमारी, कपबोर्डस, वाश बेसिन एवं नई इलैक्ट्रिकल फिटिंग तथा फ्लोरिंग सहित एक मॉडल कमरे को तैयार किया गया है। इससे रेजीडेंटों की जीवन शैली की गुणवत्ता में महत्तवपूर्ण रूप से सुधार होगा तथा उनके अध्ययन को अधिक सहज वातावरण प्राप्त होगा।

3. **छात्रों के लिए अतिरिक्त कमरे (महिला छात्रावास)**: पिछले कुछ वर्षों के दौरान, पूर्व वर्ष की तुलना में एम बी बी एस, बी एस सी तथा एम एस सी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाली महिला छात्रों की संख्या दुगुनी से अधिक हुई। इस बढ़ती मांग की पूर्ति करने के लिए स्नातकपूर्व महिला छात्रावासों में आने वाले वर्ष में अतिरिक्त कमरे जोड़े जाएंगे।

4. **नवीनीकरण गतिविधि**: वर्ष के दौरान अनेक नवीनीकरण गतिविधियों को आरंभ किया गया है। इसमें सड़क को चौड़ा करना, दुपहिया तथा कारों के लिए पृथक पार्किंग का प्रावधान, अश्विनी छात्रावास

(छात्रावास सं.7) में नया छात्रावास कार्यालय, इलैक्ट्रिकल वाइरिंग एवं विभिन्न शौचालय आदि सम्मिलित हैं।

पुरुष छात्रावास के मुख्य प्रवेश मार्ग को संलग्न लॉन सहित दोनों तरफ पर टाइल लगाकर चौड़ा किया गया है। स्नातकोत्तर पुरुष छात्रावास को पत्थरों को काटकर एवं नए फर्श की टाइलों से खूबसूरती प्रदान की गई है। वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए छात्रावास सं. 7 के सामने अवरोधक रखा गया है। दुपहियों एवं कारों के लिए पृथक चिह्न बोर्डों सहित वाहनों के लिए एक आदर्श पार्किंग क्षेत्र चिह्नित किया गया है। छात्रावास के मेसों में सुधार करने की योजना बनाई गई है तथा छात्रावासों में टी वी कक्षों का नवीनीकरण किया गया है तथा इनमें एल ई डी टी वी एवं गोदरेज सोफा सेट लगाए गए हैं।

5. **छात्रावास कार्यालयः** वर्ष के दौरान किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण कार्य छात्रावास सं. 7 में सभी पूर्ण सुविधाओं सहित एक नए छात्रावास कार्यालय का निर्माण किया जाना है। यह वातानुकूलित है जिसमें कैशियर कक्ष एवं वार्डनों के लिए पृथक कैबिन/क्यूक्लस हैं। बेहतर समन्वयन के लिए छात्रावास अधीक्षक का कार्यालय छात्रावास अनुभाग से संलग्न है।

   माता–पिता अभिभावकों के आगमन की सुविधा हेतु छात्रावास सं. 7 में भूतल पर संलग्न स्नानगृह के साथ आगंतुक कक्ष को जोड़ा गया है।
6. **बचाव एवं सुरक्षा उपायः** I से VIII तक के सभी पुरुष छात्रावासों की बेहतर सुरक्षा के लिए उपयुक्त गेट लगे हुए हैं। रेजीडेंटों की सुरक्षा के लिए सभी छात्रावासों में चौबीस घंटे सुरक्षा गार्डों को तैनात किया गया है। अ.भा.आ.सं. कैम्पस के 5 किमी दायरे में रहने वाली देर सायंकालीन ड्यूटी करने वाली महिला रेजीडेंटों के लिए संस्थान ने कैब सुविधा प्रदान की है। पुरुष छात्रावास परिसर में कमरा सं. 13 में एक शिकायत प्रकोष्ठ (ई मेल आई डी aiimshostelgrievance@gmail.com) कार्यशील है। छात्रों की शिकायत को सुनने के लिए मनोचिकित्सा विभाग के संकाय सायं 5.30 से 6.30 सायं तक (सोमवार से शुक्रवार) ड्यूटी पर रहते हैं।

7. **भोजनालयः** छात्रावासों में प्रथम बार नई सहायक भोजनालय मार्गदर्शी सिद्धान्त को आरंभ किया गया है प्रत्येक छात्रावासों से छात्रों के विभिन्न वर्गों को मिलकर बनी आत्मनिर्भर मेस कमेटी भोजनालय में सुधार सहित इनकी सामान्य कार्यप्रणाली में सहायता करते हैं।

भावी योजनाएं

1. **आधारिक संरचना**

   क. अतिरिक्त छात्रावासों का निर्माण एवं बंद कैम्पस आवास को किराए पर लेना प्रथम प्राथमिकता है चूंकि वर्तमान में 400 छात्र प्रतीक्षा सूची में हैं। इसके अतिरिक्त नर्सिंग छात्रों की संख्या में भी वर्ष के दौरान काफी वृद्धि हुई है अतः मस्जिद मोठ क्षेत्र में नए नर्सिस छात्रावास में अतिरिक्त कमरों को बनाने की योजना बनाई गई है।

   ख. मॉडल कक्ष मानकों के अनुसार छात्रावास सं. I से xi में पूर्णतः नवीनीकरण किया जाएगा। यह कार्य स्नातकोत्तर छात्रावासों से आरंभ करके चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

2 **छात्रावास कैफे :** छात्रावास परिसर में रेजीडेंटों के लिए अभी चूंकि 24 x 7 कैफे नहीं है अतः यह योजना बनाई गई है कि पुरुष छात्रावास में विद्यमान छात्रावास v कैफे का आधुनिक रसोई एवं डायनिंग सुविधाओं सहित नवीनीकरण किया जाए। यह अनौपचारिक छात्र–संकाय पारस्परिक क्रिया हेतु एक नोडल बिंदु के रूप में कार्य करेगा।

3 **अतिथि कक्षः** विभिन्न छात्रावासों में सभी अतिथि कक्षों का नवीनीकरण किया जाएगा जिसमें थोड़े समय के लिए आने वाले छात्रों के माता–पिता/अभिभावकों द्वारा उपयोग की जाने वाली पूर्ण सुविधाएं होंगी।

4. **छात्रावास नियम पुस्तिकाः** छात्रावास कमेटी ने छात्रों एवं रेजीडेंटों की ड्यूटी एवं उत्तरदायित्व तथा आबंटन नियमों पर संपूर्ण जानकारी सहित छात्रावास नियम पुस्तिका को संशोधित करने का कार्य आरंभ कर दिया है।

11.8 संस्थान की नीति विषयक समिति

संस्थान की नीति विषयक समिति के सदस्यगण

1.	प्रोफेसर जे. पी. वली, पूर्व आचार्य, काय–चिकित्सा विभाग, अ. भा. आ. सं.	अध्यक्ष
2.	प्रोफेसर एस. एस. सिद्धू, पूर्व अध्यक्ष, दंत शल्य चिकित्सा विभाग, अ. भा. आ. सं.	सदस्य
3.	डॉ. डी. आर. सैनी, प्रधानाचार्य, दिल्ली पब्लिक स्कूल, आर. के. पुरम, नई दिल्ली	सदस्य
4.	डॉ. विजय कुमार, वैज्ञानिक 'एफ' डी.डी.जी. (वरि. ग्रेड), आई.सी.एम.आर., नई दिल्ली	सदस्य
5.	श्री मुकुल गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता, पूर्व – एस. एल. सी., अ. भा. आ. सं.	सदस्य
6.	डॉ. ए. एम. खान, अध्यक्ष, सोशल साइंस विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, मुनीरका, नई दिल्ली	सदस्य
7.	प्रोफेसर शशी वधवा, संकायाध्यक्ष (शैक्षिक), अ. भा. आ. सं.	सदस्य
8.	प्रोफेसर वाई. के. गुप्ता, अध्यक्ष, भेषजगुण विज्ञान विभाग, अ. भा. आ. सं.	सदस्य
9.	प्रोफेसर ए. बी. डे., काय चिकित्सा विभाग एवं प्रभारी आचार्य (अनुसंधान), अ. भा. आ. सं.	सदस्य
10.	प्रोफेसर पीयूष साहनी, अध्यक्ष, जठरांत्र शल्य चिकित्सा विभाग, अ. भा. आ. सं. एवं संपादक, एन. एम. जे. आई	सदस्य
11.	प्रोफेसर प्रवीण अग्रवाल, अध्यक्ष, आपात चिकित्सा विभाग, अ. भा. आ. सं.	सदस्य
12.	प्रोफेसर रविन्द्र कुमार बत्रा, संवेदनाहरण विज्ञान विभाग, अ. भा. आ. सं.	सदस्य
13.	प्रोफेसर राकेश यादव, उप–संकायाध्यक्ष (शैक्षिक), अ. भा. आ. सं.	सदस्य
14.	प्रोफेसर रेनू सक्सेना, अध्यक्ष, रूधिर रोग विज्ञान विभाग, अ. भा. आ. सं.	सदस्य–सचिव

प्रोफेसर रानी कुमार अप्रैल 2012 को सेवा निवृत्त हो गई तथा डॉ. शशी वधवा, संकायाध्यक्ष (शैक्षिक) नीति विषयक समिति की सदस्य बनीं।

संस्थान की नीति विषयक उप–समिति के सदस्यगण

1.	डॉ. रविन्द्र कुमार बत्रा, आचार्य, संवेदनाहरण विज्ञान विभाग	अध्यक्ष
2.	डॉ. रेनू सक्सेना, आचार्य एवं अध्यक्ष, रूधिर रोग विज्ञान विभाग	सदस्य
3.	डॉ. अरविंद बग्गा, आचार्य, बाल चिकित्सा विभाग	सदस्य
4.	डॉ. शशि कांत, आचार्य, सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र	सदस्य
5.	डॉ. कल्पना लूथरा, अपर आचार्य, जैव रसायन विभाग	सदस्य
	डॉ. अशोक कुमार, आचार्य, प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान विभाग, एम.ए.एम.सी.,नई दिल्ली	
6.	डॉ. प्रवीण अग्रवाल, आचार्य, आपात चिकित्सा विभाग	सदस्य
7.	डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, आचार्य, शल्य चिकित्सा विभाग	सदस्य
8.	डॉ. राधिका टंडन, आचार्य, नेत्र विज्ञान विभाग	सदस्य
9.	डॉ. मंजू वत्स, प्रधानाचार्य, नर्सिंग कालेज	सदस्य
10.	डॉ. एस.बी. गायकवाड़, आचार्य, तंत्रिका विकिरण विज्ञान	सदस्य
11.	डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, उप–संकायाध्यक्ष (अनुसंधान)	सदस्य
12.	डॉ. नवल किशोर विक्रम, सह आचार्य, काय चिकित्सा विभाग	सदस्य
13.	डॉ. जी. कार्तिकेयन, अपर आचार्य, हृद् विज्ञान विभाग	सदस्य
14.	डॉ. राकेश यादव, उप–संकायाध्यक्ष (शैक्षिक) एवं अपर आचार्य, हृद् विज्ञान विभाग	सदस्य–सचिव

शिक्षा

प्रदत्त व्याख्यान

रेनू सक्सेना : 2

रविन्द्र कुमार बत्रा : 5

बैठकें

संस्थान की नीति विषयक समिति की बैठकों की संख्या निम्न प्रकार से थी :

संस्थान नीति विषयक समिति : 12	शोध एवं शोध–प्रबंध के लिए संस्थान की नीति विषयक उप–समिति : 12

संस्थान की नीति विषयक समिति द्वारा समीक्षा की गई परियोजनाओं की संख्या

नई परियोजनाएं : 490	पुरानी परियोजनाएं : 124

संस्थान की नीति विषयक उप समिति द्वारा समीक्षा गई शोध प्रबंधों की संख्या

शोध प्रबंध : 489	समीक्षा शोध प्रबंध : 472

इसके अतिरिक्त, संस्थान की नीति विषयक समिति द्वारा गंभीर प्रतिकूल प्रतिक्रियाएं, गंभीर प्रतिकूल घटनाओं, छिमाही प्रगति रिपोर्ट एवं पूर्णता रिपोर्ट आदि की अधिसूचनाएं प्राप्त करना जारी रखा गया।

संस्थान की नीति विषयक समिति के मानक प्रचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को आवश्यकतानुसार संशोधित किया गया और उन्हें एम्स वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया।

महत्वपूर्ण घटनाएं

संस्थान की नीति विषयक समिति को डी सी जी आई तथा एफ डब्ल्यू ए के साथ पंजीकृत किया गया।

11.9 के. एल. विग आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी केंद्र

प्रभारी आचार्य
के. के. दीपक

समन्वयक (आयुर्विज्ञान)
राकेश यादव

समन्वयक (दन्त विज्ञान)
ओ. पी. खरबन्दा

शिक्षाविद्
बी. वी. अदकोली

शिक्षा मीडिया जनरलिस्ट
योगेश कुमार

प्रबंधक (एच आर डी)
सौरव सरकार
(दिनांक 7 नवंबर 2012 से)

व्याख्याता, अंग्रेजी एवं सम्प्रेषण, कौशल
विदुषी शर्मा (दिनांक 6 फरवरी 2013 से)

विशिष्टताएं

अ. भा. आ. सं. की समग्र कार्यशैली के संदर्भ में संकाय विकास के अवबोधन की आवश्यकता के प्रत्युत्तर में, सीमेट ने संस्थान में संकाय विकास और विभिन्न स्वास्थ्य चिकित्सकों के कौशल को बढ़ाने पर बल दिया। 15 नए भर्ती प्रशिक्षुओं के अतिरिक्त एम्स के भर्ती 90 नए संकाय सदस्यों, 76 रेजीडेंट चिकित्सकों के लिए दो बैचों में अभिविन्यास कार्यशालाएं आयोजित की गईं। एम्स द्वारा एम बी बी एस छात्र / छात्राओं के नए बैच के लिए मैनेजमेंट कन्सलटेन्ट ऑरगनाईजेशन, सेन्टर फॉर रिसर्च एण्ड एजुकेशन फॉर सोशल ट्रांसफोर्मेशन (सी आर ई एस टी) के सहयोग से दस दिन की आवासीय कार्यशाला संचालित की गई थी। वर्ष के दौरान वरिष्ठ / कनिष्ठ रेजीडेन्ट, पूल अधिकारियों और पी एच डी छात्रों के लिए विषयों जैसे :– वैज्ञानिक लेखन, स्वास्थ्य सेवाओं में सूचना की पुनः प्राप्ति और मीडिया का प्रयोग करके प्रभावी प्रेजेन्टेशन बनाने हेतु कुल 34 कार्यशालाएं / संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। सीमेट संकाय – सदस्य महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल जैसे :– राष्ट्रीय ज्ञान आयोग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य पोर्टल, बैचलर ऑफ रुरल हैल्थकेयर (बी आर एच सी) पाठ्यक्रम हेतु पाठ्यक्रम डिजाइन करने के अतिरिक्त स्नातकपूर्व/स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा से संबंधित भारतीय चिकित्सा परिषद् की विशेषज्ञ समितियों की स्थापना हेतु विषय निर्वाचन समिति में संलग्न थे।

शिक्षा

सी एम ई / कार्यशालाएं / संगोष्ठियां / राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वर्ष 2012 – 13 के दौरान कुल 32 कार्यशालाएं आयोजित की गईं। सी आर ई एस टी के सहयोग से एम बी बी एस के छात्र/छात्राओं के नए बैच के लिए आवासीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसके पश्चात् आधारभूत विज्ञान विषयों से संबंधित परामर्शदाता सदस्यों के लिए दो दिवसीय सुग्राहिता कार्यशाला आयोजित की गई। एम्स के वरिष्ठ संकाय सदस्यों के लिए नेतृत्व तथा प्रापण के प्रबंधन पर दो कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

क्र. सं.	शीर्षक	भागीदार समूह	दिनांक	प्रतिभागी
1.	संकाय अभिविन्यास कार्यक्रम भाग 1	नए संकाय सदस्य	22 मई 2012	61

2.	संकाय अभिविन्यास कार्यक्रम भाग 2	नए संकाय सदस्य	20 जुलाई 2012	29
3.	स्व – संवर्धन कार्यशाला (सी आर ई एस टी)	नए एम बी बी एस छात्र	19–28 जुलाई 2012	77
4.	एम्स के आधारभूत विज्ञान विभागों के संकाय परामर्श दाताओं हेतु कार्यशाला	शिक्षक परामर्शदाता	31 जुलाई से 1 अगस्त 2012	30
5.	अ. भा. आ. सं. के रेजीडेन्ट अभिविन्यास कार्यक्रम भाग – 1	नए रेजीडेंट	3 सितंबर 2012	20
6.	अ. भा. आ. सं. के रेजीडेंट अभिविन्यास कार्यक्रम	नए रेजीडेंट	12 सितंबर 2012	56
7.	माइक्रोटीचिंग के माध्यम से प्रभावी शिक्षण	संकाय – सदस्य	1 नवंबर 2012	35
8.	प्रापण और क्रय का प्रबंधन करना	संकाय – सदस्य	29 नवंबर 2012	65
9.	रोगियों और स्वास्थ्य दल के साथ प्रभावी सम्प्रेषण	सभी रेजीडेंट	6 दिसंबर 2012	31
10.	अ. भा. आ. सं. के समूह 'घ' के कर्मचारियों का प्रशिक्षण (समूह 1 तथा 2)	समूह 'घ' के कर्मचारी गण	17–21 दिसंबर 2012	78
11.	मीडिया तथा ई–लर्निंग का प्रभावी उपयोग	सभी रेजीडेंट	27 दिसंबर 2012	71
12.	प्रकाशन हेतु वैज्ञानिक लेखन, साहित्य खोज, सुझाव	संकाय सदस्य	3 जनवरी 2013	58
13.	इंटरनेट तथा बिबलियोग्राफी प्रबंधन का उपयोग करके सूचना की पुनः प्राप्ति।	रेजीडेन्ट वरिष्ठ रेजीडेंट, पी एच डी छात्र पूल अधिकारी	29 जनवरी 2013	35
14.	व्यावसायिकता तथा नीति विषयक व्यवहार	सभी रेजीडेंट	31 जनवरी 2013	47
15.	प्रभावी प्रस्तुतीकरण को डिजाइन करना	नर्सिंग छात्र	31 जनवरी 2013	23
16.	पॉवर पॉइंट में एनिमेशन	नर्सिंग छात्र	1 फरवरी 2013	23
17	एम एस वर्ड में वैज्ञानिक लेखन हेतु उपकरण	रेजीडेन्ट, वरिष्ठ रेजीडेन्ट, पी एच डी छात्र, पूल अधिकारी	5 फरवरी 2013	46
18	एम सी क्यू तथा मद विश्लेषण	संकाय सदस्य	7 फरवरी 2013	25
19	इंटरनेट तथा बिबलियोग्राफी प्रबंधन का उपयोग करके सूचना की पुनः प्राप्ति।	रेजीडेंट, वरिष्ठ रेजीडेंट, पी एच डी छात्र पूल अधिकारी	8 फरवरी 2013	47
20	अनुसंधान पत्र लिखने पर सीमेट – एन एम जे आई कार्यशाला	रेजीडेंट, वरिष्ठ रेजीडेंट, पी एच डी छात्र, पूल अधिकारी	11–12 फरवरी 2013	62
21	प्रशिक्षुओं हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम	अ. भा. आ. सं. के प्रशिक्षु	14 फरवरी 2013	15
22	एम एस वर्ड में वैज्ञानिक लेखन हेतु उपकरण	रेजीडेन्ट, वरिष्ठ रेजीडेंट, पी एच डी छात्र, पूल अधिकारी	15 फरवरी 2013	54
23	इंटरनेट तथा बिबलियोग्राफी का प्रयोग करके सूचना की पुनः प्राप्ति।	नर्सिंग छात्र	21 फरवरी 2013	24
24	एम एस वर्ड में वैज्ञानिक लेखन हेतु उपकरण	नर्सिंग छात्र	22 फरवरी 2013	18
25	प्रभावी प्रस्तुतीकरण को डिजाइन करना	रेजीडेन्ट वरिष्ठ रेजीडेंट, पी एच डी छात्र, पूल अधिकारी	26 फरवरी 2013	57
26	नेतृत्व और परिवर्तन का प्रबंधन	संकाय सदस्य	28 फरवरी 2013	39
27	कार्यशाला आयोजित करना	नर्सिंग छात्र	28 फरवरी 2013	24

28	डिजीटल फोटोग्राफी का परिचय	नर्सिंग छात्र	1 मार्च 2013	24
29	पॉवर पॉइन्ट में एनिमेशन	रेजीडेन्ट, वरिष्ठ रेजीडेन्ट, पी एच डी छात्र, पूल अधिकारी	19 मार्च 2013	49
30	तनाव प्रबंधन	रेजीडेन्ट	7 मार्च 2013	49
31	डिजीटल फोटोग्राफी का परिचय	नर्सिंग छात्र	15 मार्च 2013	15
32	कार्यशाला आयोजित करना	रेजीडेन्ट वरिष्ठ रेजीडेन्ट, पी एच डी छात्र पूल अधिकारी	22 मार्च 2013	15

इसके अतिरिक्त सीमेट ने अन्य विभागों द्वारा आयोजित 18 सी एम ई (53 दिन) के लिए संभारतंत्र एवं तकनीकी सहायता प्रदान की।

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यशालाएं / संगोष्ठियां

- डॉ. के. के. दीपक चिकित्सा मनोविज्ञान कार्यशाला में स्नातक पूर्व तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संबंधी कार्यशाला हेतु विशेषज्ञ थे, 25 – 26 फरवरी 2013, जोधपुर, अ. भा. आ. सं.
- डॉ. के. के. दीपक, क्षेत्रीय केंद्रों के संकाय सदस्यों हेतु पाठ्यक्रम क्रियान्वयन सहायता कार्यक्रम (सी आई एस पी) कार्यशाला के लिए सह – संयोजक थे, 3 – 4 मई 2012, भारतीय चिकित्सा परिषद्, दिल्ली का आयुर्विज्ञान प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ।
- डॉ. ओ. पी. खरबन्दा, 'दंत शिक्षा में बदलते प्रतिमान' पर दंत शिक्षाप्रदाताओं की कार्यशाला के संयोजक थे, डॉ. रामलिंगास्वामी सभागार, 15 सितंबर 2012.
- डॉ. के. के. दीपक ने 'पाण्डुलिपि लेखन तथा संगोष्ठी की समीक्षा' पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया, एपीकॉन 2012 का 58वां वार्षिक सम्मेलन, 17 – 20 दिसंबर 2012, सुभारती मेडिकल कॉलेज, स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ।
- श्री योगेश कुमार, शिक्षा मीडिया पत्रकार ने डॉ. आशिमा नेहरा, तंत्रिका मनोचिकित्सक, हृद तंत्रिका केंद्र के साथ मिलकर 'प्रभावी सम्प्रेषण बनाने वाले कौशल' पर एक सम्मेलन पूर्व कार्यशाला का आयोजन किया, इण्डियन एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट का 39वां राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन, 17 फरवरी 2013, सीमेट, अ. भा. आ. सं.
